फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 206 प्रभात जयपुर, मंगलवार 1 मार्च, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



So Fateh Called Him Only 'Bill'

Despite the fact he was tutored to address Bill as "Mr. President", he completely bungled calling him Sir, Your Excellency, or Your Lordships etc. Till Bill interjected: Fateh, just call me Bill. OK?

Action-packed Weekend

Vrat-friendly Recipes



*अमेरिका के अधिकांश स्टेट्स में ग्रे वुल्फ फिर से संकटग्रस्त प्रजातियों की लिस्ट में शामिल हो गया है। गौर तलब है कि ट्रम्प प्रशासन ने इसे दुर्लभ जीवों की लिस्ट से बाहर निकाल दिया था। अब एक फैडरल जज ने इस फैसले को पलट दिया है और एन्डैन्जर्ड स्पीशीज़ के तहत ग्रे वुल्फ के लिए संरक्षण बहाल कर दिया है। अर्थ जस्टिस नामक संस्था ने सिएरा क्लब और ह्यूमेन सोसायटी सहित कई संस्थाओं की तरफ से कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसके तहत यह फैसला आया है। इस फैसले के तहत 44 राज्यों में भेड़ियों को संरक्षण दिया गया है। तथापि, आइडाहो, मोन्टाना एवं वायोमिंग सहित नॉर्दर्न रॉकीज़ में इस रूलिंग के तहत वुल्फ को पुनः संरक्षण नहीं मिल सका है। फैसले पर खुशी जताते हुए ह्यूमेन सोसायटी की अध्यक्ष व सी.ई.ओ. किटी ब्लॉक ने कहा कि ''फैडरल कोर्ट के इस निर्णय बाद फिश एण्ड वाइल्ड लाइफ सर्विस को अंततः सबक सीख जाना चाहिए। जंगली जानवरों से कानूनी संरक्षण वापस लेने के लिए पेचीदे बहाने बनाने के बजाय एजेंसी को इस प्रजाति की रेंज की सार्थक रिकवरी की योजना बनानी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ग्रे वुल्फ की आबादी घटे नहीं।'' ग्रे वुल्फ को सन् 1974 में एन्डेन्जर्ड स्पीशीज़ करार दिया गया था, क्योंकि ये जीव यू.एस. के मुख्य भू भाग से लगभग लुप्त हो गए थे। फिर कैनेडियन ग्रे वुल्फ के जरिए इन्हें पुनः लाने का कार्यक्रम शुरू किया गया और इसके बाद ग्रे वुल्फ कैनेडा के नॉर्दन रॉकीज़ और वैस्टर्न ग्रेट लेक में खूब फले-फूले। इंटरनैशनल यूनियन फॉर द कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (आई.यू.सी.एन.) की रैड लिस्ट में इन भेड़ियों को ''लीस्ट कन्सर्न'' वर्ग में रखा गया है। ग्रे वुल्फ को ''एन्डेन्जर्ड'' वर्ग में रखा जाए या नहीं इस मुद्दे पर संरक्षण समूहों और यू.एस. फिश एण्ड वाइल्ड लाइफ सर्विस के बीच लंबे समय तक काफी चर्चा हुई। सन् 2020 में जब इन्हें संरक्षण लिस्ट से हटाया गया था तब भी भारी विरोध हुआ था। अठारह लाख लोगों ने ऑन लाइन विरोध जताया था। संरक्षण हटने के बाद विस्कॉन्सिन में, फरवरी 2021 में वुल्फ के शिकार का आयोजन हुआ जिसमें शिकारियों ने तीन दिन में ही 218 भेड़िए मार दिए, जो निर्धारित कोटा से 100 अधिक थे।*

# असर दिखाने लगी है ''इकोनॉमिक पाबंदियों'' की नीति

## राष्ट्रपति पुतिन ने ''इकोनॉमिक पाबंदियों'' को गैर कानूनी बताया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 फरवरी। रूस को स्विफ्ट (एस.डब्ल्यु.आई.एफ.टी.) व्यवस्था से बाहर निकाल दिया गया है। यह एक तरह से बैंकों का ग्लोबल जी मेल नैटवर्क है ताकि फंड्स का लेन देन सुरक्षित तरीके से हो सके। इस नैटवर्क से निकाले जाने का अर्थ है कि रूसी बैंक अन्य बैंकों के साथ सामान्य लेन देन नहीं कर पाएंगे।

दबाव में आए रूसी राष्ट्रपति व्यादीमिर पुतिन ने कहा कि आर्थिक प्रतिबंध अवैध हैं। इन प्रतिबंधों ने रूस को परेशान करना शुरू कर दिया है और वहां गंभीर वित्तीय दबाव है।

यह पहली बार है जब ''जिओ-इकोनॉमिक्स'' (भौगोलिक-आर्थिक) एक महत्वपूर्ण एवं ताकतवर युद्ध हथियार के रूप में उभरा है। यूरोपियन यूनियन रूस पर दबाव बनाने के लिए बड़ी निष्ठुरता से हथियार का प्रयोग कर रहा है।

- अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग सिस्टम ''स्विफ्ट'' से वंचित होने के कारण रुस अपने निर्यात (मुख्यतया ऑयल व गैस) के बेचान से मिलने वाली राशि को अपने देश में ''बैंक ट्रांज़ैक्शन'' के मार्फत नहीं ले जा पायेगा, और फिर धन के अभाव में वह आयात की गयी सामग्री का भुगतान भी नहीं कर पायेगा। ऐसी सख्त पाबंदियां पहले केवल एक बार लगी हैं ''ईरान'' पर न्युक्लियर हथियार बनाने के मामले में और कुछ ही समय में ईरान के व्यापारिक कामकाज में 33 प्रतिशत की गिरावट आ गयी थी।
- रुस को आशा थी कि 630 बिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा भण्डार, जो उसने इकट्ठा कर रखा था, वह व्यापारिक कामकाज की दिक्कतों से उसे उबार देगा। पर यूरोपियन सैन्ट्रल बैंक ने रुस के सैन्ट्रल बैंक का खाता भी ''सीज़'' कर दिया है, अतः 630 बिलियन डॉलर की विदेशी मुद्रा भी रुस के काम नहीं आ सकेगी।
- इन्हीं कारणों से रुस की मुद्रा, रुबल का तीस प्रतिशत अवमूल्यन हो गया है तथा ब्याज़ दर 20 प्रतिशत हो गयी है। स्टॉक मार्केट में भारी आशंका के कारण रुस के राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज ने आज कारोबार स्थगित कर दिया।
- रुस में लम्बी-लम्बी लाइनें लगी हैं, ए.टी.एम. व बैंक दफ्तरों के सामने पैसा निकालने के लिए। बैंकों के प्रबंधन ने सीमा बांधी, एक व्यक्ति अधिकतम कितनी राशि निकाल सकता है।
- रुस को चीन से मदद की आशा थी पर अभी तक कुछ मदद नहीं मिली, चीन अभी तक सभी पाबंदियों का अनुपालन कर रहा है।

इसका सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि रूस शेष विश्व के साथ व्यापार व वाणिज्यिक गतिविधियां नहीं कर पाएगा। इसे अपने सारे प्रमुख निर्यात, जिनमें तेल व गैस प्रमुख है, का भुगतान नहीं मिल पाएगा, ना ही रूस अन्य देशों से आयात के लिए भुगतान कर पाएगा। रूस पूरी तरह से अलग-थलग हो गया है। इससे पहले सिर्फ एक देश इरान को स्विफ्ट से निकाला गया था, जब उसने परमाणु कार्यक्रम शुरू किया था, वो दिन इरान के सबसे बुरे दिन थे। इसकी वजह से इरान के व्यापार में एक तिहाई की कमी आई थी।

इसी के साथ यूरोपियन सैन्ट्रल बैंक ने रशियन सैन्ट्रल बैंक के विदेशी संसाधन फ्रीज कर दिए हैं। रूस के पास

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चुनाव के नतीजे आने के बाद छत्तीसगढ़ में राजनीतिक सरगर्मी चरम पर होगी

## टी.एस. सिंह देव कई दिनों से दिल्ली में प्रवास कर रहे हैं तथा भारी लॉबीइंग चल रही है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 फरवरी। पाँच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद, छत्तीसगढ़ में राजनैतिक गहमागहमी के विस्फोटक रूप लेने के आसार दिखाई दे रहे हैं। टी.एस. सिंह देव दिल्ली में नेताओं से मिलकर, भूपेश बघेल को हटाने के लिये लामबंदी कर रहे हैं तथा खुद को मुख्यमंत्री बनाए जाने का आग्रह कर रहे हैं।

इस लामबंदी का एक बड़ा कारण यह है कि राहुल गांधी ने सिंह देव उर्फ बाबा (जिस नाम से वे जाने जाते हैं) से वादा किया था कि विधानसभा चुनावों के बाद, उन्हे मुख्यमंत्री बना दिया जाएगा।

- सिंह देव बार-बार सबको याद दिला रहे हैं कि, स्वयं राहुल गांधी ने उनसे वादा किया था कि विधानसभा चुनाव के बाद उन्हें मु.मंत्री बनाया जायेगा।
- पर सिंह देव की मु.मंत्री की दौड़ में सबसे बड़ी बाधा, उनके अनुसार प्रियंका गांधी हैं। क्योंकि प्रियंका गांधी ने ही बघेल को बचाया जब राहुल गांधी उन्हें हटाने का निर्णय ले चुके थे।
- साथ ही प्रियंका गांधी ने बघेल को यूपी के चुनाव में अपने साथ रखा व आर्थिक मदद भी प्राप्त की।
- राजस्थान में भी लगभग यह ही स्थिति है, जहां गहलोत को हटाने की चर्चा जोरों पर है। पर वे बघेल की भांति हटेंगे तभी, जबकि राहुल व प्रियंका इस मुद्दे पर एकमत होंगे।

बाबा पार्टी नेताओं से कह रहे हैं कि वे इस मुद्दे को जोर-शोर से उठायेंगे, हो-हल्ला करेंगे तथा तब तक आराम से नहीं बैठेंगे, जब तक राहुल गांधी अपना वादा पूरा नहीं करते।

एक समस्या, जो बाबा के रास्ते की एक बड़ी बाधा बन सकती है, स्वयं प्रियंका गांधी है, जो बघेल की सबसे बड़ी समर्थक एवं पक्षधर रही हैं। प्रियंका ने उन्हें उत्तर प्रदेश में पार्टी के प्रचार के लिये अपने साथ रखा हुआ है ताकि बघेल प्रियंका को आर्थिक मदद के साथ, अन्य प्रकार का सहयोग-समर्थन देते रहे।

पिछली बार, जब राहुल गांधी बघेल को, ढ़ाई साल मुख्यमंत्री पद पर रहने के बाद, बदलना चाहते थे, उस समय भी प्रियंका ने ही उनका पद बचाया था।

यही स्थिति राजस्थान में होने की संभावना है, जहाँ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की कुर्सी दाँव पर लगी हुई है। कल गहलोत और बघेल दोनों ही दिल्ली में थे तथा दोनों की राहुल तथा प्रियंका के साथ मीटिंग हुई थी। मीटिंग में वेणुगोपाल भी मौजूद थे। अगर राहुल और प्रियंका एकमत हो जायें, जो संभावना के नियम के विपरीत-जैसा है, तो कोई भी नेतृत्व परिवर्तन संभव हो सकता है।

# 'मान प्रतिष्ठा का सवाल'

-जाल खंबाता
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 फरवरी। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एन.वी.रमन्ना की अध्यक्ष वाली बैंच सोमवार को इस बात पर सहमत हो गयी कि टाटा ग्रुप के साथ उनके विवाद के सिलसिले में सायरस मिस्त्री द्वारा दायर की गयी याचिका की सुनवाई 10 दिन

- साइरस मिस्त्री, जिन्हें कुछ समय के लिए टाटा ग्रुप का चेयरमैन भी बनाया गया था, ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की कि सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते समय उनके खिलाफ जो टिप्पणियां की, उससे उनकी ''मान प्रतिष्ठा'' को आघात पहुंचा है, अतः उन्हें निर्णय से अलग किया जाए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# यूरोप बदल गया यूक्रेन पर आक्रमण के बाद

## कई देश, विशेषकर जर्मनी ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, ''सैन्यकरण'' नहीं करने की कसम खायी थी

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 फरवरी। यूक्रेन पर रूस के हमले ने अब यूरोप को सदा के लिए बदल दिया है। यूरोप एक बार फिर सैन्य रूप से सुसज्जित हो रहा है और पुनः युद्ध की दहलीज पर है।

रूसी हमले ने यूरोप के रंग-ढंग को बदल दिया है और यह रूपान्तर ऐसा हुआ है, जैसार रूस बिल्कुल नहीं चाहता था। यूरोप को अपने सहयोग को लेकर नाटो और अधिक मजबूत हुआ है तथा यूरोपीयन यूनियन (ई.यू.) के देश राजनीतिक रूप से और निकट आ गए हैं।

ई.यू. फॉरैन पॉलिसी के बड़े प्रतिनिधियों ने रूस की चुनौती से निपटने के नुकसान व खर्चों को लेकर बात की है। रूस पूर्वी यूरोप के देशों को बलपूर्वक अपने में मिला रहा है या परमाणु हमले की धमकी देकर इन देशों में अपनी कठपुतली सरकारें बना रहा है।

- पर यूक्रेन युद्ध के बाद जर्मनी ने अपनी सेना बढ़ाने व उसे आधुनिकतम हथियारों से सुसज्जित करने की योजना बनाई है।
- जर्मनी, यूरोप का सबसे धनाढ्य व सुव्यवस्थित देश है और उसके ''सैन्यकरण'' के इस निर्णय से कई और छोटे-छोटे देश अपनी-अपनी सेना मजबूत करने की सोचने लगे हैं।
- रुस की ''न्यूक्लियर वॉर'' की धमकी को भी रुस के हताश होने का लक्षण माना जा रहा है।
- क्या यूक्रेन आक्रमण से वो हुआ, जो रुस कतई नहीं चाहता था, कि यूरोप के छोटे-छोटे देश उसके खिलाफ संगठित होने का साहस दिखाएं।

लगता है कि ई.यू. ने यूरोप की भविष्य की सरकारों को सुरक्षित करने को लेकर संभावित परमाणु हमले की चुनौती का मुकाबला करने की हिम्मत जुटा ली है। इसके साथ ही, ई.यू. रूस की जनता से सीधे अपील कर रहा है और चाहता है कि वहां की आम जनता स्वयं को पुतिन के शासन से अलग कर ले।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जाली नोट

निम्बाहेड़ा, 28 फरवरी (निसं)। थाना सदर निंबाहेड़ा पुलिस व जिला स्पेशल टीम ने सोमवार को थाना अंतर्गत मंडला गांव के एक रिहायशी मकान में दबिश देकर 500 एवं 100 रुपये के नकली नोट बनाने के उपकरण जब्त कर 3 लाख 48 हजार 3 सौ रुपयों की जाली मुद्रा पकड़ी है। मौके से 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

चित्तौड़गढ़ एसपी प्रीति जैन ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से जिले में नकली नोट प्रचलन की शिकायत प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश सिंह सांन्दू के निर्देशन में नज़र रखी जा रही थी। इसी क्रम में सोमवार को डीएसटी प्रभारी विक्रम सिंह राणावत को सूचना मिली कि थाना निम्बाहेड़ा सदर अंतर्गत मण्डला गांव में किशन दान चारण नाम के व्यक्ति के घर नकली करेंसी बनाने का कारोबार चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस सूचना पर थानाधिकारी फूल चन्द टेलर व डीएसटी प्रभारी विक्रम राणावत के नेतृत्व में टीम गठित की जाकर किशन दान चारण के मकान में दबिश दी गई।

- 3.48 लाख रु. के जाली नोट बरामद, दो अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस ने मौके से किशन दान पुत्र

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एक साथ दो युद्ध लड़े जा रहे हैं यूक्रेन में

## एक युद्ध हथियारों व टैंक्स से लड़ा जा रहा है, दूसरा डिजिटल युद्ध सोशल मीडिया में हो रहा है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 फरवरी। अपने ग्राहकों को लुभाने और अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए व्यापारिक फर्में ही अब तक विकास के ऑनलाइन व ऑफलाइन मॉडल का उपयोग करती रही हैं, लेकिन यह मॉडल अब इस परम्परागत दायरे से बाहर निकलकर देश की सेना के शस्त्रागार का एक अभिन्न अंग बन गया है।

यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने इसे बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है। वर्तमान युद्ध में किया जा रहा यह प्रयास स्पष्ट रूप से यह दर्शाता है कि इन्टरनैट के माध्यम से गलत जानकारी देकर जनमानस को बदला जा रहा है और यह माध्यम भी वास्तविक सेना व हथियारों के साथ युद्ध का संचालन कर रहा है।

एसोसिएटेड प्रैस (ए.पी.) की एक रिपोर्ट के अनुसार विभिन्न अनुसंधान संगठनों के विश्लेषकों ने सम्पर्क करने पर बताया कि उन्हें रूस से सम्बद्ध समूहों की ऑनलाइन गतिविधि में भारी इजाफा नज़र आ रहा है। ऐसा रूस की रणनीति के अनुरूप चलने के लिए किया जा रहा है। वह अपनी इस रणनीति के तहत पश्चिमी गठबंधन को कमजोर करने के साथ ही घरेलू मीडिया और सरकारी प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर रहा है।

गलत जानकारी का पता लगाने के काम में लगी एक इज़रायली टैक कंपनी, ''सायब्रा'' की एक रिपोर्ट के अनुसार इन्टरनैट पर यूक्रेन विरोधी संदिग्ध सामग्री परोसने वाले अकाउन्ट्स की संख्या में बड़ी तेजी से इजाफ़ा हुआ है।

सायब्रा के विश्लेषकों ने फेसबुक और ट्विटर के ऐसे हजारों अकाउन्ट्स को ट्रैक किया, जिन्होंने हाल ही में यूक्रेन को लेकर पोस्ट डाली थी। उन्होंने हमले के ठीक पहले के दिनों में यूक्रेन विरोधी सामग्री में एक आकस्मिक व नाटकीय बढ़ोतरी नोट की। मिसाल के तौर पर, वैलेन्टाइन डे के कुछ दिन पूर्व की तुलना में यूक्रेन विरोधी पोस्ट डालने वले ट्विटर अकाउन्ट्स की संख्या 11,000 प्रतिशत बढ़ गई। विश्लेषकों का मानना है कि इनमें से बहुत सारे अकाउन्ट्स अप्रमाणित थे एवं रूसी सरकार से सम्बद्ध ग्रुप्स द्वारा नियंत्रित हैं।

- ऐसा माना जा रहा है, कि ''सोशल मीडिया'' का युद्ध ज्यादा प्रभावी है और लम्बे समय तक असर डालता है।
- एसोसिएटेड प्रैस द्वारा प्रसारित एक रिपोर्ट के अनुसार, रुस से संचालित ट्विटर व फेसबुक एकाउन्ट्स की गतिविधियों में 11,000 गुना तक वृद्धि हुई, यूक्रेन पर आक्रमण से पहले।
- रुस के मीडिया ने यह विश्वास जमाने का प्रयास किया कि, यूक्रेन की तरफ से शीघ्र ही आक्रमण होने वाला है। तथा युक्रेन सैपरेटिस्ट तत्वों, (अलगाववादी), संगठनों व व्यक्तियों पर भी गोले बरसायेगा।
- विशेषज्ञों के अनुसार इस डिस्इन्फॉर्मेशन अभियान का लक्ष्य है रुस के अंदर युद्ध के लिए समर्थन बढ़ाना तथा पश्चिमी देशों के गठबंधन में ''अस्थिरता'' व कन्फ्यूज़न पैदा करना।

सायब्रा के सी.ई.ओ. डैन ब्राह्मी कहते हैं कि ''जब आप 11,000 प्रतिशत का इजाफा देखते हैं, तो समझ सकते हैं कि कुछ ना कुछ चल रहा है। कोई नहीं जानता कि पर्दे के पीछे ये सब कुछ कौन कर रहा है। हम सिर्फ अनुमान लगा सकते हैं।''

एटलांटिक काउन्सिल के डिज़िटल फोरैन्सिक, रिसर्च लैब के अनुसंधानकर्ताओं ने सरकार के स्वामित्व वाले रूस के 10 समाचार केन्द्रों के 3 हजार लेखों का अध्ययन कर यह जाना कि इन निराधार दावों में एक बड़ा इजाफा हुआ कि ''यूक्रेन अलगाववादी गुटों पर हमले करने वाला है।'' अनुसंधान के अनुसार यूक्रेन के आक्रमण को लेकर रूसी मीडिया के दावे में गत जनवरी माह में ही कुल मिलाकर 50 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ।

अमेरिका के पूर्व रक्षा विश्लेषक एवं वर्तमान में साल्वे रेज़िना युनिवर्सिटी में पैल सैन्टर फॉर इन्टरनैशनल रिलेशन्स एण्ड पब्लिक पॉलिसी के निदेशक जिम ल्यूड्स ने कहा कि ''यह युद्ध छेड़ने का उनका एक तरीका है। यह रूसी सिद्धांत का मुख्य भाग है।'' उन्होंने कहा कि रूस के भ्रामक जानकारियों वाले प्रचार अभियानों का उद्देश्य अपने विरोधियों को विभाजित और भ्रमित करने के साथ ही अपने लिए समर्थन जुटाना होता है।

यू.एस. काउन्टरटैरेज़्म सैन्टर के स्ट्रैटेजिक ऑपरेशनल प्लानिंग के एक पूर्व निदेशक एवं सेना के सेवानिवृत्त

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# धारीवाल ने यूक्रेन फोन पर बात की

कोटा, 28 फरवरी (निसं)। स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने यूक्रेन में रह कर एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई कर रही कोटा की हिमांशी सैनी से स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने सोमवार को मोबाइल पर वार्ता कर वहां के हालातों की जानकारी ली। उन्होंने राजस्थान सरकार के प्रयासों की जानकारी देकर आश्वस्त किया कि उन्हें सकुशल घर तक लाया जायेगा।

- यूक्रेन में पढ़ रहे कोटा के मूल निवासी छात्रों का मनोबल बढ़ाया धारीवाल ने।

स्वायत्त शासन मंत्री जन सुनवाई कर रहे थे जैसे ही दूरभाष पर उन्हें कोटा के कुन्हाड़ी निवासी सी.एस. सैनी की बेटी के यूक्रेन की राजधानी कीव में होने की जानकारी मिली तो वीडियो कॉल कर हिमांशी व परिजनों से वार्ता की और उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों से सभी बच्चों को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

पेट भरे पर उपवास का उपदेश देना सरल है। –कहावत

# गलत काम करने पर अपराध-बोध क्यों नहीं होता?

आज मुझे एक पुरानी फिल्म का यह गाना याद आ रहा है:

**''देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान,**
**कितना बदल गया इंसान..........''**

वास्तव में इंसान कितना बदल गया है, विशेष तौर पर वे जो महत्तवपूर्ण पदों पर बैठे हैं? पहले कोई व्यक्ति यदि गैर कानूनी या अनैतिक कार्य करता पाया जाता तो वह लंबे समय तक लोगों से आंखें चुराया करता था। वह सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचता कि कहीं कोई देख न ले और उसके अनैतिक कृत्य के बारे में पूछ न बैठे।

न केवल गलत काम करने वाला शर्म अनुभव करता, उससे मिलने वाला भी ऐसा छुप-छुप कर करता।

हाल ही में हरियाणा सरकार ने गुरमीत राम रहीम सिंह, जो कि हत्या और बलात्कार के दो मामलों में दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास की सज़ा भुगत रहा था, को पैरोल पर छोड़ने का निर्णय लिया। न केवल यह, उसे 'जेड प्लस' श्रेणी की सुरक्षा भी प्रदान की गई।

उच्च स्तर की ऐसी सुरक्षा केवल अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों (वीवीआइपी) को ही प्रदान की जाती है। इसके अंतर्गत नेशनल सिक्योरिटी गार्ड के 10 अधिकारी एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों के 55 अधिकारी एवं कर्मचारी सुरक्षा हेतु 24 घंटे तैनात रहते हैं। यह सुरक्षा प्रदान करते समय, इस बात का आकलन किया जाता है कि वीवीआईपी को किस प्रकार का खतरा है एवं उसका जीवन देश के लिए कितना महत्वपूर्ण है? पाठकों के लिए जाना उचित होगा कि देश में इस प्रकार की सुरक्षा केवल गिने-चुने 40 लोगों को ही वर्तमान में उपलब्ध है। जहां तक गुरमीत राम रहीम सिंह को यह सुविधा एवं सुरक्षा प्रदान करने का प्रश्न है, इसका कारण उसे खालिस्तान समर्थकों से जान का खतरा होना बताया गया है।

पंजाब एवं भारत सरकार यह दावा करते रहे हैं कि सुरक्षा व्यवस्था पहले की तुलना में अत्यधिक अच्छी हो गई है। संभवत: इसी आधार पर निर्वाचन आयोग ने भी पंजाब में केवल एक ही दिन 20 फरवरी को मतदान कराने का निर्णय लिया। इसके विपरीत उत्तर प्रदेश में 7 चरणों में मतदान कराया जा रहा है। स्पष्ट है कि निर्वाचन आयोग को पंजाब में सुरक्षा व्यवस्था अच्छी दिखाई दी। यदि ऐसा था तो फिर हरियाणा सरकार का यह निर्णय संदेह के घेरे में आता है। इसे अपराधियों का सम्मान करने की दृष्टि में से भी देखा जाना चाहिए। इसका कारण ढूंढना कठिन नहीं है। गुरमीत राम रहीम सिंह को 6 फरवरी को पैरोल पर छोड़ा गया जबकि पंजाब में मतदान 20 फरवरी को होना था। स्पष्ट है राम रहीम के अनुयायियों का चुनाव में समर्थन प्राप्त करने के लिए ऐसा कदम उठाया गया। साथ में यह दर्शाने का भी प्रयास किया गया कि सत्ताधारी सरकार किस प्रकार राम रहीम सिंह को महत्वपूर्ण मानते हुए उसे सर्वोच्च श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करती है।

सामान्यतया बलात्कार एवं हत्या के अपराध सर्वाधिक घृणित श्रेणी में आते हैं एवं ऐसे जघन्य अपराधों के लिए ही राम रहीम को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई थी। एफ आई आर दर्ज हुई, उसके बाद, उसकी पुलिस द्वारा विस्तृत जांच होने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात विस्तृत सुनवाई के बाद बाबा को अपराधी मानते हुए सजा सुनाई गई। इस प्रकार का निर्णय जो अपराधियों को सम्मानित करने वाला हो, शायद पहला है। अब अन्य कई अपराधियों द्वारा भी इस प्रकार के सम्मान की मांग की जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

किस प्रकार सरकार बिना किसी संकोच के अपराधियों के साथ खड़ी दिखाई देती हैं, वह एक और प्रकरण से स्पष्ट होता है। भारत सरकार में गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के पुत्र आशीष मिश्रा ने उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे किसानों पर अपनी गाड़ी चढ़ा दी जिसके कारण तीन किसान अपनी जान खो बैठे। आशीष मिश्रा इसके कारण जेल में बंद भी रहा और फिलहाल जमानत पर है। जब अपराधी का पिता भारत सरकार के गृह मंत्रालय में मंत्री पद पर आसीन हो तो फिर पुलिस के द्वारा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से आशीष मिश्रा के विरुद्ध केस को कमजोर करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। यह उल्लेखनीय है के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण गृह विभाग का होता है और इसी में राज्य मंत्री के पद पर आशीष मिश्रा के पिता अजय मिश्र टेनी विराजमान हैं। अब तक न तो अजय मिश्रा ने इस्तीफा दिया है एवं न ही, उन्हें प्रधानमंत्री द्वारा मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया गया है।

> **जब गैंगवार होती है तो दोनों पक्ष, एक-दूसरे पर वार कर शारीरिक या अन्य प्रकार की हानि पहुंचाने का प्रयास करते रहते हैं। यदि इसी आधार पर कोई एक पक्ष सत्ता के नजदीक होने के कारण सुरक्षा प्राप्त करने लग जाए, तो फिर जनता में अपराधियों के प्रति किस प्रकार की छवि बनेगी यह सोचना कठिन नहीं है।**

हत्या के आरोप में जेल में बंद व्यक्तियों के जमानत पर छूटने के पश्चात उनका सम्मान करने की घटनाएं तो यदा-कदा पढ़ने और सुनने में आती ही रहती हैं। अपराधियों को सम्मान देने का ही परिणाम है कि वर्तमान संसद में 30 से 40 प्रतिशत सदस्यों के विरुद्ध गंभीर अपराध में लिप्त होने के कारण उनके विरुद्ध न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं। निर्वाचन आयोग यह सिफारिश कर चुका है कि जिन व्यक्तियों के विरुद्ध गंभीर आपराधिक प्रकरणों में न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी जाए, उनके चुनाव में भाग लेने पर प्रतिबंध लगाया जाए। सरकार इसे न मानना, इसी बात का संकेत है कि सत्ताधारी दल,चाहे वह कोई भी क्यों ना हो, अपराधी व्यक्तियों को संरक्षण देकर ही अपनी जीत को सुनिश्चित करना चाहते हैं। ऐसा करके क्या वे सामान्य नागरिकों को अपराध की ओर प्रोत्साहित करने का कार्य नहीं कर रहे हैं? ऐसा ही स्थिति अन्य क्षेत्रों में भी देखी जा सकती है ललित मोदी, नीरव मोदी, विजय माल्या, निखिल चौकसी एवं इनके जैसे अनेक लोग, जो लाखों-करोड़ों रुपए बैंकों से ऋण लेकर डकार गए, के चेहरे पर कोई शिकन तक कभी नहीं आई। वह देश से दूर रहकर भी लगातार मीडिया से संपर्क में हैं, और टीवी पर लगातार इंटरव्यू देते रहे हैं। सामान्य नागरिक जिनकी जेब से पैसा निकाल कर बैंकों ने इन्हें कर्जा दिया, वह भले ही अपने घर पर बैठकर ऐसे लोगों को बुरा-भला कहते रहें।

देश में अपराध की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना है तो न केवल ऐसा वातावरण बनाना होगा, जहां अपराध करने वाला व्यक्ति शर्मिंदा महसूस करे एवं उसे बचाने वाला, सम्मानित करने वाला अथवा सुरक्षा प्रदान करने वाला भी शर्मसार हो। यदि वह स्वयं ऐसा न करे, तो जनता का यह कर्तव्य है कि अवसर मिलने पर ऐसे व्यक्तियों को शर्मिंदा होने पर बाध्य करें। अपराधी, अपराधी ही रहता है चाहे वह सत्ताधारी दल के समर्थन में विभिन्न प्रकार के बयान ही क्यों न दें। यदि आप सरकार के विरुद्ध बयान देते हैं तो आप को प्रताड़ित किया जाएगा एवं यदि आप किसी भी प्रकार का कोई भी भड़काऊ भाषण सरकार के पक्ष में दें तो आपको ना केवल सुरक्षा प्रदान की जाएगी अपितु समय आने पर, संभवतया राज्यसभा की सीट भी दे दी जाएगी। फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने निरंतर उत्तेजक बयान सरकार के पक्ष में दिए तो उन्हें तत्काल वाई श्रेणी की सुरक्षा उपलब्ध करा दी गई। शायद कुछ समय बाद हमें सुनने को मिले कि उन्हें राज्यसभा की सदस्यता दे दी गई है। ऐसा नहीं है कि यह केवल किसी एक के शासन में ही ऐसा होता है। गलत काम करने वालों को सामाजिक प्रतिष्ठा मिलती ही रही है। ऐसे व्यक्ति चाहे धार्मिक क्षेत्र में हों, सामाजिक क्षेत्र में हों, व्यवसाय के क्षेत्र में हो, शिक्षा के क्षेत्र में हो अथवा किसी अन्य क्षेत्र में, जो व्यक्ति जितना गलत काम कर सकता है उतना ही वह तेजी से तथाकथित प्रगति की सीढ़ियां चढ़ सकता है। यदि आप रिश्वतखोर, बेईमान अधिकारी हैं और अत्यधिक धनराशि आपने बेईमानी से कमाई है तो उसी धन के उपयोग से आप राजनीतिक नेताओं की सेवा कर सकते हैं और उचित पद स्थापन अथवा लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यदि नेतागण, विभिन्न प्रकार के अपराधों के माध्यम से स्वयं धन अर्जित कर सकते हैं अथवा अन्य को ऐसा करने में माध्यम बन सकते हैं, तो उनके चुनाव जीतने की संभावना अधिक बनती देखी गई है, क्योंकि यही वे लोग हैं जो बेशुमार धनराशि, अपने चुनाव में खर्च कर सकते हैं।

कुमार विश्वास ने हाल ही में केजरीवाल को खालिस्तान समर्थक बताते हुए एक वीडियो जारी किया। कुमार विश्वास के अनुसार अरविंद केजरीवाल किसी को यह आश्वासन देते हुए सुने गए कि वह यदि पंजाब का मुख्यमंत्री नहीं बन सका तो खालिस्तान का तो बन ही जाएगा। इस प्रकार का गंभीर आरोप लगाने के बावजूद कुमार विश्वास पर कोई कार्यवाही होने के बजाय उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान कर दी गई।

जब गैंगवार होती है तो दोनों पक्ष, एक-दूसरे पर वार कर शारीरिक या अन्य प्रकार की हानि पहुंचाने का प्रयास करते रहते हैं। यदि इसी आधार पर कोई एक पक्ष सत्ता के नजदीक होने के कारण सुरक्षा प्राप्त करने लग जाए, तो फिर जनता में अपराधियों के प्रति किस प्रकार की छवि बनेगी यह सोचना कठिन नहीं है।


हरियाणा के मुख्यमंत्री ने गुरमीत राम रहीम को जेड प्लस कैटेगरी की सुरक्षा प्रदान करने के निर्णय का बचाव करते हुए कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह प्रत्येक नागरिक को सुरक्षा उपलब्ध कराए, चाहे वह सजायाफ्ता कैदी ही क्यों ना हो? यदि वे वास्तव में सुरक्षा के प्रति चिंतित थे तो गुरमीत राम रहीम को पैरोल पर छोड़ने की ऐसी क्या मजबूरी थी? एक और जहां सरकार सामान्य नागरिक, बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं, निशक्त जनों को समुचित सुरक्षा उपलब्ध नहीं करा पा रही है, वहीं, आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे बलात्कारी एवं हत्यारे व्यक्ति को उच्चतम स्तर की सुरक्षा, सरकारी खर्च पर उपलब्ध कराना समझ से परे है। केवल चुनावी लाभ के लिए ऐसा करना अक्षम्य अपराध है समाज में जब तक ईमानदार और अच्छे आचरण वाले व्यक्तियों को प्रतिष्ठा प्राप्त नहीं होगी, तब तक इस प्रकार के व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना कम रहेगी। साथ ही अनैतिक कार्य करने वाले एवं अपराधियों को जब तक सामाजिक रूप से बहिष्कार नहीं किया जाएगा, तब तक ऐसा करने से अन्य व्यक्तियों को रोकना संभव नहीं होगा। यदि उनका बहिष्कार भी कर पाएं तो कम से कम उन्हें उच्चतम सुरक्षा प्रदान करा कर सम्मानित करने का काम तो न करें। हरियाणा सरकार ने गुरमीत राम रहीम को जेड प्लस कैटेगरी की सुरक्षा और वह भी पंजाब चुनाव के समय उपलब्ध करा कर, नितांत ही अनुचित कार्य किया है।

हम तो केवल आशा ही कर सकते हैं कि जिन लोगों ने यह निर्णय लिया, उनमें कभी अपराध बोध का भाव उत्पन्न हो और वह किसी न किसी रूप से प्रायश्चित करें। लेकिन ऐसा वे तब ही तो करेंगे जब उन्हें अपनी गलती का एहसास होगा जिसकी संभावना कम ही है। अब तो भगवान भी देख कर रहे होंगे कि मेरा बनाया इंसान कितना बदल गया है?

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# कीटनाशकों का गर्भस्थ शिशु पर कहर।

आमिर खान का बहुचर्चित प्रोग्राम सत्यमेव जयते! इसमें एक एपीसोड कीटनाशकों के दुषप्रभावों पर था। इसमें मैंने अपने दो अध्ययनों का ब्यौरा दिया था। एक, प्रमुख न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट (एन टी डी) मस्तिष्क विहीन बच्चों का और दूसरा, जननांगों की जन्मजात विकृतियों का। पहला अध्ययन जयपुर के महिला चिकित्सालयों के प्रसव कक्षों के रजिस्टर (लेबर रूम रजिस्टर) में अंकित गंभीर जन्मजात विकृतियों पर आधारित था और दूसरा भटिन्डा और पास के दो शिशु-शल्यचिकित्सक (पेडियाट्रिक सर्जन) के पास आये उपचार साध्य जन्मजात विकृतियों के बच्चों पर।



डॉ. श्रीगोपाल काबरा

पहले अध्ययन में मस्तिष्क विहीन बच्चों की आघटन दर (इन्सीडेन्स) अधिक मिली। मस्तिष्क और स्पाइनल कॉर्ड गर्भावस्था के प्रारंभिक 6 सप्ताह में ही विकसित हो जाते हैं। अत: मस्तिष्क के विकृति कारकों के अध्ययन के लिए हर मस्तिष्क विहीन बच्चे का गर्भाधान का महीना देखा गया- एल एम पी (आखिरी बार हुए मासिक का महीना)। जब मस्तिष्क विहीन बच्चों की आघटन दर गर्भाधान महीनों के अनुसार प्लॉट की गई तो आश्चर्य जनक तथ्य सामने आया कि साल के दो महीनों में यह दर अपेक्षाकृत कहीं अधिक थी। सवाल था कि गर्भधारण के इन दो महीनों में ऐसा क्या था जो मस्तिष्क विहीनता का कारण हो सकता था। मस्तिष्क विहीनता का प्रमुख कारण, फोलिक एसिड की कमी, हमें ज्ञात था। वर्ष के उन दो महीनों में फोलिक एसिड की जनसाधारण में अधिक कमी का कारण ज्ञात करना था। विवेचन पर सामने आया कि ऐसा सर्वव्यापी कारण फोलिक एसिड रोधक कीटनाशक हो सकते हैं जो उन दो महीनों में वातावरण व खान पान की चीजों में अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में होते हैं। अत: फोलिक एसिड रोधक कीटनाशकों को मस्तिष्क विहीनता के कारकों के रूप मे प्रतिपादित किया गया।

दूसरे, पंजाब के अध्यन में जननांगों की विकृति की आधटन दर अन्य विकृतियों की अपेक्षा अधिक थी। अविकसित, अर्धविकसित और विकृत नर व मादा जनानांग और गुदाद्वार की विकृतियां। जननांगों की ऐसी विकृतियां जिनके होने पर बच्चे को 'आधा अधूरा' माना जाता है। अनेक कीटनाशक जन्मजात विकृति कारक होते हैं। पंजाब में प्रचुर मात्रा में कीटनाशक उपयोग में लिए जाते हैं। हाल के अध्ययनों से सामने आया है कि अनेक कीटनाशक नर या मादा हार्मोन डिसरप्टर (क्षत विक्षत करने वाले) होते हैं। गर्भावस्था की उस अवस्था के दौरान जब जननांग विकसित हो रहे हो तब अगर गर्भवती महिला इन कीटनाशकों के प्रभाव में आये तो गर्भस्थशिशु में जननांगों की जन्मजात विकृतियां होने की संभावनाएं बढ जाती हैं। अध्ययन क्षेत्र में प्रयोग में आने वाले कीटनाशकों में ऐसे हार्मोन डिसरप्टर कीटनाशक प्रचुर मात्रा में काम में लिए जा रहे थे। ऐसे कीटनाशकों का प्रयोग हो रहा था जो हार्मोन डिसरप्टर और विकृति कारक के रूप में चिन्हित हैं। अनुसंधान शाला में प्रयोग और जानवरों पर मान्य प्रयोगों के आधार पर ऐसे कीटनाशकों को हार्मोन डिसरप्टर और विकृति कारक (टेराटोजन) की संज्ञा दी जाती है।

हाल ही में कीटनाशक समर्थकों द्वारा प्रायोजित एक प्रोग्राम हैडलाइन्स टुडे पर प्रसारित किया गया। कथित तौर पर यह प्रोग्राम आमिर खान के 'सत्य मेव जयते' में प्रचारित 'झूठ' और 'आक्षेपों' का उत्तर देने को था। प्रोग्राम में एक स्त्रीरोग विशेषज्ञ ने 'डॉ काबरा' के उपरोक्त अध्ययनों के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। ''हमारी सरकार ने पूरी जांच-पड़ताल और समीक्षा कर कर ही कीटनाशकों को रजिस्टर कर उन के उत्पादन का लाईसेंस दिया है। अगर कोई कीटनाशक 'पोटेंशियली कारसिनोजेनिक या टेराटोजेनिक' होता तो हमारी सरकार उसकी अनुमति नहीं देती। मैं अपने 30 साल के स्त्रीरोग विशेषज्ञ के चिकित्सकीय अनुभव के आधार पर यह दावे और विश्वास के साथ कह सकता हूं कि देश में लाईसंस्ड ऐसा कोई कीटनाशक नहीं है जो टेराटोजेनिक (जन्मजात-विकृति-कारक) हो।''

मुझे उदयपुर से रिपोर्ट किया अर्से पूर्व का एक वाकिया याद आया। सेलफास नामक घरों में काम लिए जाने वाला कीटनाशक। अस्पताल में काम करने वाले एक डाक्टर दम्पति के बीच किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा हुआ। तैश में आकर महिला डॉक्टर ने पास ही रखी सेलफास की गोली गटक ली, पति के सामने, पति को दिखा कर। पति रोक भी नहीं पाया। तुरन्त महिला को अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों के अथक प्रयास के बावजूद महिला को बचाया नहीं जा सका। यह जहर ही ऐसा था। महिला के पिता वरिष्ठ राजनेता थे। उनका मानना था कि डॉक्टर पति ने अन्य डॉक्टरों से साजिश कर उनकी लड़की को मारा है, वजह दहेज का लालच और लालसा।

राजनेता पिता एक वकील के पास गये, हत्या का मुकदमा दायर करवाने। उन्होने वकील से कहा:- ''हमारी सरकार ने सेलफोस के लिए लाइसंस दे रखा है। यह व्यापक रूप में मिलता है। अगर जहर होता तो सरकार कभी लाइसंस नहीं देती। सब झूठ है। साजिश है। यह ऐसा धातक जहर हो ही नहीं सकता। हमारे यहां तो यह कितने दिनों से उपयोग में आ रहा है। आपको विश्वास नहीं तो मैं आपके सामने इसे खा कर दिखाता हूं। लालची डॉक्टर ने मेरी बेटी की हत्या की है। हत्यारा! ..... ''और यह कहते कहते उन्होंने जेब से डिब्बी निकाली और सेलफोस की गोली गटकली। अस्पताल पहुंचे और, अपनी बेटी की तरह ही, आखिर तक कहते रहे 'मरना नहीं चाहता, बचालो', लेकिन बचे नहीं। उनका अंधविश्वास घातक सिद्ध हुआ। जहर घातक था।

कीटनाशक कब, कैसे, किस अवस्था में, किस मात्रा में और किस प्रकार घातक जहर सिद्ध होगा कहना मुश्किल है। लेकिन यहां बात उनके टेराटोजेनिक (गर्भस्थ भ्रूण में विकृति कारक) होने की थी। अमेरिका में एक पत्रकार, बेरी एस्टाब्रूक, की इस सम्बन्धी रिपोर्ट ने तहलका मचा रखा है। रिपोर्ट अमेरिका में फ्लोरिडा के इम्मोकाली की है जहां बड़े पैमाने पर टमाटर की खेती होती है। ऐसे ही एक खेत की टावर केबिन्स नामक खेत-मजदूरों की 30 घरों की छोटी सी बस्ती। धर क्या लकड़ी के फट्टो से बने छोटे-छोटे टापरे। हर टापरे में एक परिवार। सभी काम की तलाश में मेक्सीको से घुसपेठ कर आये गरीब परिवार। अवैध होने के कारण सभी बन्धकों का सा जीवन जीने को बाध्य।



क्रिसमस के पहले डेढ महिने के अंतराल में कैम्प की तीन मजदूर महिलाओं ने बच्चों को जन्म दिया। पहली महिला को लड़का हुआ, नाम रखा कारलोस। लेकिन दुर्भाग्य देखिए, चारों हाथ पांव नदारद (टट्रोमेलिया)।

छ: सप्ताह बाद पड़ोस की टापरी में रहने वाली दूसरी महिला के बच्चा हुआ। उसे पिअरी रोबिन सिन्ड्रोम नामक गंभीर जन्मजात विकृति थी। इस विकृति में नीचे का जबड़ा अविकसित और



छोटा होता है। साथ ही बच्चे की जीभ पीछे की और इतनी धकेली हुई की स्वांस यंत्र को अवरुद्ध कर दे, दम घुट जाय। ऊपर का तालू मध्य से फटा हुआ।

दो दिन बाद कैम्प की तीसरी महिला को बच्चा हुआ। बच्चे का एक कान, और नाक नदारद; तालू फटा हुआ; गुर्दा केवल एक; एनस (मलद्वार) बंद और बाहरी जननांग नदारद। बाद में मालूम हुआ वह एक बच्ची थी। विकृतियां इतनी अधिक और गंभीर थी कि बच्ची तीन दिन ही जिन्दा रही।

एक साथ तीन विकृत जन्म, एक ही समय और एक ही जगह रहने और काम करने वाली तीन महिलाओं में। सवाल उठा ऐसा कैसे हुआ? क्या तीनों महिलाओं में कोई समान टेराटोजेनिक फेक्टर था? अगर था तो उसने गर्भावस्था की प्रारम्भिक अवस्था में ही प्रभाव डाला होगा जब गर्भस्थ शिशु के विभिन्न अंग विकास रत थे। तीनों महिलाओं का एल एम पी (आखिरी मासिक) के अनुसार गर्भधारण के महीने देखे गए। ये वही महीने थे जब टमाटरों के खेतों में, जहां ये महिलाएं काम करती थी, कीटनाशकों का गहन छिड़काव किया जाता है। लेकिन नियमानुसार छिड़काव के बाद एक नियमित समय तक खेत या उसके आसपास किसी का भी जाना वर्जित होता है। इस आशय के साइन बोर्ड लगाये जाते हैं अवरोधक लगाये जाते हैं। ऐसे में ये महिलाएं कीटनाशक के प्रभाव में नहीं आ सकती। लेकिन महिलाओं ने बताया कि उनके मालिकों ने इसकी अवहेलना कर उन्हे उस समय भी खेतों में काम करने को बाध्य किया था। प्रयोग में लिए गये 31 कीटनाशकों की फेहरिस्त में अनेक चिन्हित हार्मोन डिसरप्टर और टेराटोजेनिक कीटनाशक थे। हर्बीसाइड मेट्रिबुजिन, फंगीसाइड मेन्कोजेब और कीटनाशक एवरमेक्टिन तो 'डेवलपमेंटल एवं रिप्रोडक्टिव टॉक्सिन' के रूप में चिन्हित हैं। टेराटोजेनिक - गर्भ में विकृति कारक।


रिपार्ट में जो दो विकृत बच्चे जीवित रहे, उनका, उनके गरीब मां-बाप की हालात का बड़ा मार्मिक विवरण दिया गया है। रिपोर्ट में लिखा है कि सामाजिक कार्यकर्ता के कहने पर इस विषय के विशेषज्ञ एक वकील ने उनका केस अपने हाथ में लिया है। कोई फीस नहीं लेगें। सारा खर्चा वही वहन करेगें। बस यह करार किया गया है कि अगर मुआवजा मिला तो उसका आधा वकील लेगा। लेकिन मुआवजे के लिए यह नि:संदेह सिद्ध करना होगा कि कीटनाशक ही विकृतियों के कारण थे। यह मुश्किल होगा, कारण जन्मजात विकृतियों के और भी कई कारण होते हैं जैसे- धूम्रपान, शराब, मादक पदार्थ सेवन, अन्य परियावरण प्रदूशक, जैनेटिक आदि।

आज अनेक अध्ययन और अनुसंधान रिपोर्ट उपलब्ध हैं जो दर्शाती हैं कि अनेक कीटनाशक टेराटोजेनिक हैं, इनसे जन्मजात विकृतियां होती हैं, बढती हैं। देखना यह है कि इन सब के आधार पर वकील उन गरीब महिलाओं को कितना न्याय दिला पायेगें। विपरीत साक्ष्य जुटाना बड़े वकीलों के लिए कोई कठिन कार्य नहीं है। अपने पक्ष के वैज्ञानिक भी जुटाये जा सकते हैं। साक्ष्य सम्बन्धी न्यायिक बारीकियां बड़ी पेचीदा होती हैं। उच्च न्यायालय में इन्हे ही अधिक महत्व दिया जाता है। फिर भी देर सवेर न्याय मिलता ही है। गरीब की तो इसी आशा में पीढ़ियां जीती हैं।

**–डॉ. श्रीगोपाल काबरा**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# पर्यटन विभाग की लापरवाही के चलते अस्तित्व खो रहा बदनोर का ऐतिहासिक किला

**भीलवाड़ा**, (निसं)। जिले की आसींद विधानसभा का बदनोर कस्बा एक छोटी सी पहाड़ी पर स्थित है। भीलवाड़ा में यह सात मंजिला किला मध्यकालीन भारतीय वास्तुकला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। भीलवाड़ा से 70 किलोमीटर की दूरी पर भीलवाड़ा-आसींद रोड पर स्थित, यह लुभावने दृश्य प्रस्तुत करता है। बदनोर किले की दीवारों के भीतर कई छोटे स्मारकों और मंदिरों को भी देखा जा सकता है। बदनोर शहर को पहले वर्धनपुर के नाम से जाना जाता था। यह राजस्थान राज्य के सबसे खूबसूरत किलों और महलों में से एक है। बदनोर का किला मध्यकालीन भारतीय सैन्य शैली की वास्तुकला का एक उदाहरण है। यह सात मंजिला किला एक पहाड़ी के ऊपर खड़ा है और चारों ओर व्यापक दृश्य प्रस्तुत करता है।



**भीलवाड़ा से 70 किलोमीटर दूर भीलवाड़ा-आसींद रोड पर स्थित यह किला अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।**

> ■ **भीलवाड़ा में यह सात मंजिला किला मध्यकालीन भारतीय वास्तुकला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है**

बदनोर किला के भीतर की सभी इमारतें पारंपरिक राजपूताना शैली की वास्तुकला में बनी हैं जो वास्तुकला की व्यापक हिंदू शैली का एक स्थानीय रूपांतर है। राजस्थान राज्य के भीलवाड़ा जिले का एक छोटा कस्बा और एक पंचायत है। यह कई गांवों के लिए एक तहसील है। बदनोर किले को भीलवाड़ा किले के नाम से भी जाना जाता है। किला मध्यकालीन भारतीय सैन्य बल शैली की वास्तुकला का एक उदाहरण है। किले को रणनीतिक रूप से एक झील के पास रखा गया है जो न केवल एक विस्मयकारी दृश्य देता है बल्कि आक्रमणकारियों को एक तरफ से आसानी से हमला करने से रोकता है। किले के निवासियों के लिए झील का पानी का प्रमुख स्त्रोत था। किले में प्रवेश करने के लिए, विशाल द्वार से गुजरना पड़ता है जिसे सही मायने में बड़ा दरवाजा के नाम से जाना जाता है। किले के प्रवेश द्वार पर दो मंदिर देखे जा सकते हैं। जैसे-जैसे आप आगे बढ़ेंगे, आपको कई अस्तबलों के साथ अलग-अलग कक्षों वाली एक जेल मिलेगी। इसके अलावा किले में कई कमरे हैं जो विभिन्न स्तरों पर फैले हुए हैं और प्रत्येक कमरे में एक छोटी सी खिड़की है। इन खिड़कियों का निर्माण सिर्फ सजावट के लिए नहीं किया गया था बल्कि इनका इस्तेमाल ज्यादातर आक्रमणकारियों को निशाना बनाने और उन पर गोली चलाने के लिए किया जाता था। इसने लोगों को ध्यान केंद्रित करने और हमला करने के लिए स्थिरता प्रदान की। जबकि उनमें से कुछ ने इसके लिए उभरी हुई बालकनियों का इस्तेमाल किया। किले के पास जलमहल पैलेस नाम का एक महल है जो विनोद सागर झील के किनारे बना है। इस महल को किले के राजसी निवासियों के लिए ग्रीष्मकालीन घर के रूप में परोसा जाता था परंतु अब यह किला अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। किला पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। यह किला राज्य सरकार के अधीन होते हुए शिक्षा विभाग में लिया गया। कुछ समय बाद पर्यटक विभाग में लिया जिसमें 2019 में एसडीम अतर आमिर खान ने दो करोड़ रुपए से इस किले की मरम्मत करवाई थी परंतु इस किले की देख-रेख के अभाव में अब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। चारों और जर्जर अवस्था में यह किला क्षतिग्रस्त हो चुका है। समय रहते सरकार ने बदनोर के इतिहास को संभाल के रखने के लिए कोई कदम नहीं उठाया तो यह अपना अस्तित्व खो देगा।

## राशिफल मंगलवार 1 मार्च, 2022



पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, चतुरदशी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2078, धनिष्ठा नक्षत्र रात्रि 3:48 तक, परिद्य योग दिन 11:17 तक, विष्टि करण दिन 2:08 तक, चन्द्रमा सांय 4:31 पर कुम्भ राशि में प्रवेश करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-मकर, मंगल-मकर, बुध-मकर, गुरू-कुम्भ, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में।

आज भद्रा दिन 2:08 तक रहेगी। आज महादिशवरात्रि व्रत, वैद्यनाथ जयन्ती, कृत्तिवासेश्वर दर्शन और पूजा और ज्योतिर्लिंग पूजा है। पंचक सांय 4:31 से आरम्भ होगा। आज शबे शिराज है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:47 से 11:13 तक, लाभ-अमृत 11:13 से 2:05 तक, शुभ 3:30 से 4:57 तक।


**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:35, सूर्यास्त 6:23

### मेष




व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

### वृष




अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### मिथुन



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### कर्क



परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह




स्वास्थ्य में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। मानसिक तनाव दूर होगा। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कन्या




व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### तुला




घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### वृश्चिक




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी।

### धनु




आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### मकर




मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव दूर होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### कुंभ



घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा।

### मीन



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# प्रदेश में सोमवार को 282 ही नए करोना संक्रमित मिले

## राजधानी जयपुर में भी थोड़ी और गिरावट के बाद 110 नए मरीज पाए गए हैं

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में सोमवार को करोना संक्रमण से और राहत मिली है। इस दौरान राज्य में केवल 282 ही नए संक्रमित मिले हैं। जबकि 11 सौ से ज्यादा मरीज ठीक हुए हैं। इस बीच प्रदेश भर में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में करोना संक्रमण के मामलों में गिरावट का सिलसिला बना हुआ है। सोमवार को राज्य के 27 जिलों में 282 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले रविवार को 531 रोगी पाए गए थे। इधर आज राज्य के सात जिले अलवर, भरतपुर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, डूंगरपुर और जैसलमेर में संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है। वहीं राजधानी जयपुर में रविवार के मुकाबले 81 मामले कम मिलने साथ ही 110 नए संक्रमित सामने आए हैं। इसके अलावा बांसवाड़ा में 28, जोधपुर में 20, नागौर में 14, उदयपुर में 12, भीलवाड़ा में 10, बारां, कोटा व बीकानेर में 9-9, बाड़मेर में 7, गंगानगर, सवाई माधोपुर व झुंझुनूं में 6-6, अजमेर, सिरोही व करौली में 5-5, पाली में 4, दौसा, सीकर, टोंक व झालावाड़ में 3-3, चूरू, जालोर, प्रतापगढ़ और राजसमंद तथा हनुमानगढ़ में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 1116 और मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही रिकवरी रेट बढ़कर 98.93 फीसदी पर पहुंच गई है। उधर एक्टिव केस भी घटकर 4135 रह गए हैं। इनमें 1530 रोगी जयपुर जिले में हैं। जबकि अन्य जिलों में इनकी संख्या तीन सौ से भी कम है।

- **राज्य के सात जिले अलवर, भरतपुर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, डूंगरपुर और जैसलमेर में संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है।**
- **प्रदेश में सोमवार को 11 सौ से ज्यादा मरीज ठीक हुए हैं, जबकि इस बीमारी से कोई भी मौत नहीं हुई है।**

### मानसरोवर व जगतपुरा में 9-9 नए संक्रमित

जयपुर जिले में सोमवार को 36 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 9-9 मरीज जगतपुरा और मानसरोवर में पाए गए हैं। इसके अलावा मालवीय नगर व सांगानेर में 6, आदर्श नगर, सिविल लाइन, प्रताप नगर और टोंक रोड इलाके में 5-5 नए संक्रमित मिले हैं। इस बीच यहां 207 मरीज रिकवर हुए है।

## युवाओं के समुचित विकास के प्रयास किए जाएंगे : लांबा

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष सीताराम लांबा ने कहा कि राज्य की भौगोलिक, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को देखते हुए युवाओं की अपेक्षाएं अलग- अलग हैं, ऐसे में हर तबके के युवाओं के समुचित विकास के प्रयास किए जाएंगे।

लांबा ने यह बात सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम के मीटिंग हॉल में राजस्थान युवा बोर्ड की साधारण सभा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशा है कि राज्य में युवाओं के विकास के लिए विभिन्न तरह के नवाचार किए जाएं। लांबा ने कहा कि उनका युवाओं के साथ कार्य करने का अनुभव रहा है ऐसे में युवाओं को सही दिशा में लाने तथा युवाओं का सशक्त करने के लिए बोर्ड विभिन्न तरह के कार्य सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने राज्य युवा बोर्ड द्वारा प्रस्तावित नवाचारों की जानकारी देते हुए बताया कि नवीन राज्य युवा नीति का प्रस्ताव, राजीव गांधी युवा पुरुस्कार, यूथ एक्सीलेंस सेन्टर, युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण आयोजित करना सहित विभिन्न माध्यमों से युवाओं के संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास कर सक्षम बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी समय में युवाओं के लिए पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम, सामाजिक समरसता सोच कार्यशाला, युवा स्वयं सहायता समूह बनाकर उनको प्रोत्साहन संबंधी कार्य भी किये जाएंगे।

# यूक्रेन से राजस्थानियों की वापसी के लिये भाजपा की हैल्पलाइन शुरू




**यूक्रेन में रह रहे प्रवासी राजस्थानियों एवं विद्यार्थियों की स्वदेश वापसी में सहायता उपलब्ध कराने के लिए भाजपा राजस्थान की हैल्पलाइन का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया ने शुभारंभ किया।**

**जयपुर।** यूक्रेन में रह रहे प्रवासी राजस्थानियों एवं विद्यार्थियों की स्वदेश वापसी में सहायता उपलब्ध कराने के लिए भाजपा राजस्थान की हेल्पलाइन का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया ने शुभारंभ किया, जिसके माध्यम से भाजपा राजस्थान की टीम हरसंभव सहयोग एवं सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास करेगी। भाजपा हेल्पलाइन के नम्बर 8929208080 पर मदद के लिए विद्यार्थी और प्रवासी राजस्थानी कॉल कर सकते हैं हेल्पलाइन के शुभारंभ के मौके पर भाजपा प्रदेश मुख्यालय में युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, प्रदेश मंत्री अशोक सैनी, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एम सादिक खान, प्रदेश मीडिया संयोजक पंकज जोशी, किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री शैलाराम सारण, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक राजेन्द्र सिंह शेखावत, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नवनीत सिंह राजपुरोहित इत्यादि उपस्थित रहे। डॉ. पूनियां ने हेल्पलाइन शुभारंभ के अवसर पर कहा कि, केन्द्र की मोदी सरकार यूक्रेन से प्रवासी भारतीयों व प्रवासी राजस्थानियों की स्वदेश वापसी के लिए मिशन गंगा के माध्यम से लगातार प्रयासरत है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

- **मिशन गंगा के माध्यम से मोदी सरकार भारतीयों की स्वदेश वापसी के लिए कर रही शानदार प्रयास, करोनाकाल में भी वंदे भारत मिशन की दुनियाभर में हुई प्रशंसा : डॉ. पूनिया**

उन्होंने कहा कि, यूक्रेन से भारतीयों की सकुशल वापसी हेतु प्रधानमंत्री मोदी ने हाई लेवल मीटिंग कर रोमानिया, पोलैण्ड और टोक्यो सहित वहां के बॉर्डर्स पर केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी, ज्योतियाराज सिंधिया, किरण रिजूजू, जनरल वीके सिंह को इस विशेष अभियान में जिम्मेदारी देकर भेजा गया है। कई फ्लाइटस स्वदेश आ चुकी हैं और अन्य फ्लाइटस भी चरणबद्ध तरीके से भारतीयों को लेकर स्वदेश पहुंचेंगी। भाजपा राजस्थान इकाई ने यह तय किया है कि यूक्रेन में हजारों की संख्या में राजस्थानी लोग व विद्यार्थी रह रहे हैं जिनकी स्वदेश वापसी में सहायता हेतु हेल्पलाइन शुरू की गई है।

प्रदेश नेतृत्व ने इस हेल्पलाइन नम्बर के कॉर्डिनेशन की जिम्मेदारी सुनील कोठारी, राजेन्द्र सिंह शेखावत, पंकज जोशी और हिमांशु शर्मा को दी है, जिनके साथ टीम में नवनीत राजपुरोहित, हिरेन्द्र कौशिक, अभिषेक आचार्य, राज बहादुर सिंह, जिनेंद्र शास्त्री, कविराज सेठी, शुभम प्रियदर्शी, मनोज शर्मा, शालिनी शर्मा, अनुराग तोतुका, पल्लवी शर्मा, रजनी सिंह, निकिता शेखावत, श्रवण शर्मा वाटिका इत्यादि हेल्पलाइन पर उपलब्ध देंगे।

## वन स्टॉप शॉप प्रणाली के लिये बैठक

**जयपुर।** उद्योग मंत्री शकुंतला रावत द्वारा वन स्टॉप शॉप प्रणाली की 14 विभागों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभागों को निर्देश दिए गए कि आवेदन प्राप्त होने पर प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण किया जाए ताकि निवेशकों को बाधा रहित सुविधाएं प्राप्त हो सके।

# मुख्यमंत्री का आभार जताया

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर विभिन्न वर्गों एवं समुदायों के प्रतिनिधिमण्डलों ने मुलाकात की तथा प्रदेश को ऐतिहासिक बजट देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। बड़ी संख्या में कर्मचारी संघों से जुड़े कार्मिक भी इस दौरान मुख्यमंत्री निवास पहुंचे और पूर्व पेंशन योजना लागू करने की घोषणा पर भरपूर खुशी का इजहार करते हुए मालाएं पहनाकर तथा साफे बांधकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर खान मंत्री प्रमोद जैन भाया, राज्यसभा सदस्य नीरज डांगी, राजस्थान लघु उद्योग विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा, आरटीडीसी के चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़, हज कमेटी के चेयरमैन अमीन कागजी, वक्फ बोर्ड के चेयरमैन खानूखान बुधवाली, विधायक राजकुमार शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## भारतीय नागरिकों से सम्पर्क स्थापित कर उनकी सकुशल एवं सुरक्षित वापसी के लिए हों प्रयास : सीएम

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों एवं छात्र-छात्राओं की वहां से सुरक्षित एवं शीघ्र निकासी के लिये यूक्रेन, रूस, पोलैंड, बेलारूस और रोमानिया की सरकारों से बात की जाए। उन्होंने कहा कि इन देशों में स्थित दूतावासों के माध्यम से भारतीय छात्र-छात्राओं से निरंतर सम्पर्क स्थापित किया जाए, ताकि उन्हें यह विश्वास हो कि वे सकुशल एवं सुरक्षित वतन लौटेंगे।

गहलोत ने पत्र में लिखा कि यूक्रेन में अभी भी बड़ी संख्या में छात्र रेस्क्यू का इंतजार कर रहे हैं। कीव और खारकीव में रह रहे कुछ भारतीय नागरिकों एवं छात्र-छात्राओं से उनकी स्वयं वीडियो कॉल के माध्यम से बात हुई। इस दौरान वहां की परिस्थितियों की जानकारी ली एवं उनकी हौंसला अफजाई करते हुए सकुशल वतन वापसी की दिशा में हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा कि यूक्रेन में युद्ध की विषम परिस्थितियों में भारत सरकार भारतीय दूतावासों के माध्यम से वहां फंसे भारतीयों को निकालने का प्रयास कर रही है। अभी भी बड़ी संख्या में भारतीय लोग वहां फंसे हुए हैं।

# सेना भर्ती में अधिकतम आयु सीमा में छूट की मांग

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में सेना भर्ती रैलियों के शीघ्र आयोजन के लिए केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखा है। गहलोत ने पत्र में कहा है कि कोविड-19 महामारी के कारण सेना में भर्ती के लिए विगत करीब 2 वर्ष से रैलियों का नियमित आयोजन नहीं किया जा सका है। इसके चलते हजारों नवयुवक भर्ती के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा से अधिक उम्र के हो गए हैं और सशस्त्र सेनाओं में भर्ती का उनका सपना टूट रहा है। मुख्यमंत्री ने भर्ती रैलियों में इन अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 2 वर्ष की छूट देने का भी केन्द्रीय रक्षा मंत्री से आग्रह किया है।

गहलोत ने पत्र में बताया कि राज्य में वर्तमान में कोविड महामारी के कारण भर्ती रैलियां नहीं हो रही हैं। वर्ष 2021 में उदयपुर, जयपुर तथा अजमेर में तीन भर्ती रैलियां जरूर हुई थीं, लेकिन उनकी लिखित परीक्षा अभी तक आयोजित नहीं की जा सकी हैं। गहलोत ने प्राप्त आंकड़ों का पत्र में उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर सेना में भर्ती के लिए वर्ष 2015-16 में 127, वर्ष 2016-17 में 102, वर्ष 2017-18 में 106, वर्ष 2018-19 एंवं 2019-20 में 92-92 रैलियां आयोजित की गईं, लेकिन बीते करीब 2 वर्षों से इनका नियमित आयोजन नहीं होने से हजारों नवयुवक निर्धारित अधिकतम आयु सीमा से अधिक उम्र के हो गए हैं।

मुख्यमंत्री ने राजनाथ सिंह से आग्रह किया है कि वे भर्ती रैलियों के शीघ्र आयोजन तथा अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 2 वर्ष की छूट का प्रावधान करने के लिए भर्ती निदेशालय (सेना मुख्यालय) को निर्देश दें, ताकि सशस्त्र सेनाओं में नियुक्त होकर राष्ट्र सेवा करने का प्रदेश के नवयुवकों का सपना साकार हो सके।

## 'गर्भवती अभ्यर्थी की पात्रता निरस्त नहीं करें'

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 में गर्भवती अभ्यर्थी को राहत देते हुए उसकी पात्रता निरस्त नहीं करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने ओबीसी नॉन क्रीमीलेयर वर्ग में एक पद रिक्त रखने को कहा है। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश अनिता कुमावत की याचिका पर दिए। याचिका में कहा कि याचिकाकर्ता को एसआई भर्ती में शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए 14 फरवरी को बुलाया था जबकि याचिकाकर्ता गर्भावस्था के कारण मौजूदा समय में शारीरिक दक्षता परीक्षा देने में असमर्थ है।

# डिस्कॉम पर 11.25 लाख का हर्जाना

**जयपुर,** (का.सं.)। अतिरिक्त जिला न्यायालय क्रम-6 महानगर प्रथम ने अलवर स्थित खेत में काम कर रहे किसान की करंट लगने से मौत के मामले में जयपुर डिस्कॉम को दोषी मानते हुए उस पर 11 लाख 25 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही अदालत ने दावा पेश करने की तिथि से हर्जाना राशि पर छह फीसदी ब्याज भी अदा करने को कहा है। अदालत ने यह आदेश दीपा देवी व अन्य के दावे पर दिए। दावे में कहा गया कि रतिराम मीणा कठूमर के बैरका गांव स्थित अपने खेत में 26 जनवरी, 2018 को पानी दे रहा था। जमीन पर रखे डीपी से अचानक करंट फैलने से रतिराम को करंट लग गया और वह गंभीर रूप से झुलस गया। इस पर परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।




**विधान सभा सचिवालय में कार्यरत पूरण मल महावर, सहायक सचिव को आज अधिवार्षिकी आयु प्राप्त करने के फलस्वरूप आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह में विभिन्न संघों द्वारा विदाई दी गई। विधानसभा के वरिष्ठ उप सचिव महेश चन्द्र शर्मा ने सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी का शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। विधान सभा सचिवालय कर्मचारी बचत एवं साख सहकारी समिति लिमिटेड, जयपुर की ओर से अधिकारी को बचत का चेक प्रदान किया। समारोह का संचालन दुर्गादास मूलचंदानी ने किया।**

## जेवीवीएनएल ने पीआरएन में सोसायटी पट्टों पर बिजली कनेक्शन दिलवाने की अर्जी वापस लेने की मंजूरी मांगी

**जयपुर,** (का.सं.)। शहर की पृथ्वीराज नगर योजना में सोसायटी पट्टों पर बिजली कनेक्शन जारी करने पर लगी रोक हटवाने से जुड़े मामले में जेवीवीएनएल ने हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र पेश कर पूर्व में दायर अर्जी को वापस लेने का आग्रह किया है। हालांकि यह प्रार्थना पत्र रिकॉर्ड पर नहीं आया है। जेवीवीएनएल ने पूर्व में प्रार्थना पत्र पेश कर बिजली कनेक्शन जारी करने की अनुमति मांगी थी।

सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार से पूछा कि उनकी पीआरएन में सोसायटी पट्टों पर बिजली कनेक्शन जारी करने की क्या मंशा है। इसके जवाब में राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि पीआरएन में अनियमित कॉलोनियों के मकानों में अदालत ने ही बिजली कनेक्शन जारी करने पर पाबंदी लगा रखी है। राज्य सरकार अदालती आदेश से बंधी हुई है। ऐसे में यदि अदालत की मंजूरी के बिना बिजली कनेक्शन लगाने की अनुमति देती है तो यह अदालती आदेश की अवमानना होगी। राज्य सरकार के बयान को रिकॉर्ड पर लेते हुए अदालत ने मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद तय की है। जस्टिस अशोक गौड ने यह आदेश लोकेश कुमार व अन्य की याचिका पर दिए। पिछली सुनवाई पर अदालत ने राज्य सरकार से पूछा था कि पीआरएन में सोसायटी पट्टों पर बिजली कनेक्शन देने या नहीं देने के संबंध में उनकी क्या मंशा है। दरअसल याचिकाओं में कहा है कि राजस्थान बिजली एक्ट की धारा 43 के तहत प्रार्थियों को बिजली कनेक्शन दिया जाए। यह उनका अधिकार है व इसे रोका नहीं जा सकता। यदि सरकार ने यदि प्रदेश में कहीं पर भी अतिक्रमियों को बिजली नहीं देने का निर्णय ले रखा है तो इस संबंध में परिपत्र जारी करे। प्रार्थियों के सोसायटी पट्टे होने के कारण वे बिजली कनेक्शन सहित अन्य सुविधाओं से वंचित हैं।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

(18) लिबर्टी पशुधन
सहायक प्रशिक्षण संस्थान
राजस्थान वेटेरनरी यूनिवर्सिटी, बीकानेर से मान्यता प्राप्त
2 वर्षीय
पशु चिकित्सा डिप्लोमा
12th कृषि अथवा जीव विज्ञान
एडमीशन मैनेजमेन्ट सीट
229(A), राजेन्द्र प्रसाद नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत- तृतीय
**राजस्थान आवासन मण्डल**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर, दूरभाष संख्या:- 0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-11/MB/375 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा जयपुर, क्षेत्रफल 96.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री राम अवतार वर्मा पुत्र श्री राम कुमार को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 11199 दिनांक 12/02/2014 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 07/04/2014 प्राप्त किया गया। श्री राम अवतार वर्मा की मृत्यु दिनांक 27/04/2021 को हो जाने के पश्चात उनकी पत्नी श्रीमती आरती देवी पत्नी स्व. श्री रामावतार वर्मा के द्वारा क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अत: उक्त आवास के हस्तानतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती आरती देवी पत्नी स्व. श्री रामावतार वर्मा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
**सम्पदा प्रबन्धक वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर**

**खोया पाया**

मेरा संयुक्त गृह निर्माण सहकारी समिति, जयपुर का प्लॉट नं. 4-ए, विधानसभा नगर, न्यू सांगानेर रोड की ओरिजनल रसीद कहीं खो गई है। मिलने पर सूचित करें। शंकरलाल बलाई-मो. 8005620155

पथिक भवन गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना स्कीम नम्बर-9, भृगु नगर का प्लॉट नम्बर 62 का जेडीए पट्टा, साईट प्लान व स्टाम्प कहीं खो गये है। मिलने पर सूचित करें। गुमानसिंह भाटी 9414241378

मेरा पासपोर्ट नम्बर एस-7946767 है जो मदीना नगर खोनागोरियान में कहीं खो गया है मिलने पर सुचित करें। सलीम अहमद ए-93, मदीना नगर खोनागोरियान, जयपुर-9828600822

संख्यांक-2
**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश नियम 1 और 5)
नाम न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, क्रम संख्या-03, जयपुर महानगर-द्वितीय
वाद पत्र अन्तर्गत आदेश-7 नियम 1 सीपीसी
जयप्रकाश अग्रवाल बनाम नसरूद्दीन व अन्य
वाद सं. 30 सन् 2022
नाम भगवान सहाय पुत्र श्री हेमाराम, निवासी-श्वारता बाज, पोस्ट-दुर्जनियावास, तहसील व जिला-जयपुर, राजस्थान वादी ने आपके विरुद्ध वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 03 माह 03 सन् 2022 को दिन में प्रातः 10.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों तो वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वादी की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
यह आज दिनांक 23 माह 02 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।
**अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश**
मोहर **क्रम संख्या 03, जयपुर महानगर द्वितीय**

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 31/2021
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
नाम प्रार्थी अनुप खिंची पुत्र स्व. श्री रामलाल जाति खिंची विवाद स्थान मकान नम्बर 359, गायत्री नगर-ए, महारानी फार्म, जयपुर।
मृतक श्रीरामजी उर्फ आर.एल. खिंची, प्रभा खींची की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 7.3.22
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम श्रीरामजी उर्फ आर.एल. खिंची, प्रभा खींची पत्नि रामजी लाल पुत्र भोलाराम खिंची जाति खटीक निवासी मकान नम्बर 359, गायत्री नगर-ए, महारानी फार्म, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 07 माह 03 सन् 2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 11 माह 02 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
**अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या 10, जयपुर महानगर प्रथम, न्यायालय सांगानेर**
मोहर



# रोमानिया बॉर्डर पर फंसे धौलपुर के तीन छात्र

## 12 घंटे में 18 बार की यूक्रेन आर्मी ने की फायरिंग

**धौलपुर, (निसं)।** यूक्रेन-रूस विवाद के बाद भारतीय छात्रों के लिए हालत बद से बदतर होते जा रहे हैं। धौलपुर शहर की जिरोली कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय मेडिकल छात्र हर्ष चौधरी, रीको आवासीय कॉलोनी धौलपुर निवासी कुलदीप शर्मा एवं शिवपाल सिंह गुर्जर निवासी धौलपुर यूक्रेन और रोमानिया के बॉर्डर पर फंसे हुए हैं।

उन्होंने भारतीय दूतावास से मदद की गुहार लगाई है। उधर युवक के परिजन धौलपुर में खासे परेशान हैं। बॉर्डर पर फंसे छात्रों ने बताया कि वह 4 साल से विनित्सा शहर में स्थित विनित्सा यूनिवर्सिटी से मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। 24 फरवरी को हुए हमले के बाद वह और उसके भारतीय साथी रविवार सुबह बसों से लटककर और पैदल चलकर जैसे तैसे रोमानिया बॉर्डर पर पहुंचे।

वहां मौजूद यूक्रेन आर्मी ने उन्हें रोमानिया में जाने से रोक दिया। रात्रि में मदद की गुहार लगाते हुए बताया कि पिछले 24 घंटे में यूक्रेन आर्मी ने उन्हें सड़क पर खड़ा रखा हुआ है।



**यूक्रेन में फंसे धौलपुर के छात्रों के परिजन अपने लाड़लों के लिए चिंतित हैं।**

लगातार हो रही बर्फबारी की वजह से भारतीय छात्र ठंड में ठिठुरते हुए पूरी रात बिताने को मजबूर हुए हैं। भूख से बेहाल छात्रों को 25 घंटे बाद भी रोमानिया में जाने के लिए एंट्री नहीं मिली है। छात्रों का आरोप है कि जैसे ही रोमानिया में घुसने के लिए छात्र पहुंचते हैं तो यूक्रेन आर्मी हवाई फायरिंग कर उन्हें डरा देती है। रोमानिया बॉर्डर पर फंसे छात्रों ने बताया कि पिछले 24 घंटे में यूक्रेन आर्मी 18 बार हवाई फायरिंग कर चुकी है। जिससे छात्र दहशत में हैं।

**भरतपुर संवाददाता के अनुसार :-** नदबई के खेड़ी देवी सिंह निवासी गंगादाम के पुत्र नरेन्द्र सिंह यूक्रेन में ही फंसे हुए हैं। नरेन्द्र ने एक वीडियो के माध्यम से वहां के हालात लोगों तक पहुंचाते हुए अपने साथ-साथ जितने भी भारतीय मूल के विद्यार्थी वहां फंसे हैं, उनके भारत वापसी के लिए कहा।

**■ लगातार हो रही बर्फबारी, भारतीय दूतावास से मदद की गुहार लगाई**

जैसे ही यह वीडियो पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक नदबई कृष्णेन्द्र कौर दीपा के संज्ञान में आया तो उन्होंने तुरन्त ही विदेश मंत्री, भारत सरकार एस. जयशंकर को पत्र लिखकर विधानसभा क्षेत्र नदबई के खेड़ी देवी सिंह निवासी नरेन्द्र पुत्र गंगादान के साथ-साथ भारतीय मूल के यूक्रेन में फंसे सभी विद्यार्थियों को सकुशल स्वदेश वापस लाने का निवेदन किया।

# यूक्रेन से लौटे झुंझुनूं जिले के पांच स्टूडेंट

**झुंझुनूं, (निसं)।** रूस द्वारा लगातार यूक्रेन पर हमलों के बाद झुंझुनूं जिले के मेडिकल स्टूडेंट्स के परिवारजनों को उनकी चिंताएं लगातार सता रही है। इसी बीच मिशन गंगा अभियान के तहत झुंझुनूं के 5 स्टूडेंट सोमवार को झुंझुनूं लौटे। इस दौरान स्टूडेंट्स का जिले की सीमा पर समाजसेवी पवन आलडिया के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इनमें से चार स्टूडेंट्स सीधा झुंझुनूं पहुंचे तो एक स्टूडेंट उदयपुरवाटी पहुंचा।

स्टूडेंट्स ने बताया कि वहां का मंजर बडा भयानक है। उस मंजर को कभी नहीं भूल पाएंगे। वहां रह रह कर बम धमाकों की आवाज सुनाई दे रही थी। स्टूडेंट्स जान बचाने के लिए सायरन की आवाज के साथ बंकरों में छिप रहे है। स्टूडेंट्स ने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों की वजह से ही उनकी सुरक्षित वतन वापसी हुई है। उन्होंने राज्य सरकार का भी आभार जताते हुए कहा कि उनको घर तक भेजने के लिए राज्य सरकार ने सुविधा मुहैया करवाई है।

स्टूडेंट्स ने बताया कि यूक्रेन के नागरिक अपनों की मदद ज्यादा कर रहे हैं। जो भारतीय छात्रों को खासा अखर रहा है। झुंझुनूं के चनाना के स्टूडेंट कुणाल ने बताया कि रोमानिया सीमा पर पहुंचने पर रोमानिया के लोगों द्वारा उनकी मदद की गई। उन्हें शेल्टर होम पहुंचाया गया। साथ ही भारतीय छात्रों को खाना भी मुहैया करवाया गया। स्टूडेंट्स ने बताया कि कीव शहर



**यूक्रेन से झुंझुनूं आने पर स्टूडेंटस का स्वागत करते समाजसेवी पवन आलडिया।**

में लगातार बमबारी जारी है।

स्टूडेंट एडवाइजरी के अनुसार रह रहे हैं। खाने पीने की समस्याओं का अभाव है। मगर जीवन बचाने की जद्दोजहद में स्टूडेंट्स को एक ही चिंता सता रही है कि कैसे भी करके उनकी वतन वापसी हो। झुंझुनूं शहर के जतिन ने बताया कि खार्किया और कीव शहर में लगातार बमबारी जारी है। भारतीय एंबेसी के पास इतना स्टाफ नहीं है कि वह स्टूडेंट्स की पूरी तरीके से मदद कर सके। लगातार स्टूडेंट्स के वीडियो सामने आ रहे हैं। जिनमें उनके साथ मारपीट सहित अन्य घटनाएं की जा रही है।

उन्होंने बताया कि यूक्रेन के लोगों की डिप्लोमेसी रही है कि वह अपने वालों को ज्यादा प्रायरिटी देते हैं और इसी के कारण वहां स्टूडेंट्स को ज्यादा समस्याओं का सामना करना पड रहा है। उन्होंने कहा कि रोमानिया बॉर्डर का माहौल अच्छा है। वहां लोग मदद कर रहे हैं। कुलदीप पिलानी ने बताया कि लगातार स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। वहां

**■ स्टूडेंट ने बताया आंखों देखा मंजर, कहा - यूक्रेन के लोग नहीं कर रहे मदद**

**■ रोमानिया के नागरिकों ने की छात्रों की दिल खोलकर मदद, झुंझुनूं में समाजसेवी पवन आलडिया ने किया स्वागत**

छात्रों को बडी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। हम भी बहुत से परेशानियों का सामना करते हुए रोमानिया बॉर्डर पहुंचे। उसके बाद उसके बाद वे सुरक्षित भारत पहुंचे। चिडावा के घनश्याम ने बताया कि रोमानिया बॉर्डर पर काफी भीड है। उन्हें 15 से 16 घंटे बॉर्डर तक पहुंचने में लग गए। स्थिति काफी गंभीर है। उदयपुरवाटी के विकास कटारिया का यूक्रेन से वतन वापसी लौटने पर परिजन व वार्ड के लोग माला पहना कर मिठाई खिला कर स्वागत किया। उदयपुरवाटी का विकास यूक्रेन में एमबीबीएस की पिछले 5 साल से पढ ाई कर रहा था। विकास ने बताया कि यूक्रेन में भय खौफ का माहौल बना हुआ है। उन्होंने बताया कि रोमानिया बॉर्डर से 5 किलोमीटर पहले ही पैदल यात्रा कर के एयरपोर्ट पहुंचे।

# ट्रांसफार्मर चोरी कर तांबा निकालने की अंतर्राज्यीय गैंग का खुलासा

## करीब 100 से ज्यादा वारदातों को दिया अंजाम



**अंतर्राज्यीय गैंग के ट्रांसफार्मर चोरी के दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में।**

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिल में ट्रांसफार्मर चोरी कर तांबा निकालने की अंतर्राज्यीय गैंग का खुलासा करते हुए पुलिस ने गैंग के 2 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

जिले मे ट्रांसफार्मर चोरी की बढ़ती हुई वारदातों को देखते हुये सुधीर जोशी पुलिस अधीक्षक जिला डूंगरपुर के निर्देशन में अनिल मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नरपत सिंह वृताधिकारी सागवाडा के निकट सपुरविजन में डीएसटी प्रभारी दिलीपदान चारण थानाधिकारी सुरेन्द्र सोलंकी एवं अनिल देवल थानाधिकारी ओबरी के नेतृत्व मे गोविन्द सिंह

**■ गैंग के 2 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया**

थानाधिकारी चितरी, कमलेश चौधरी थानाधिकारी दोवडा, नवीन हैड कानि जिला विशेष टीम, प्रहलाद कानि थाना वरदा, पुष्पेन्द्र कानि थाना दोवडा, गोविन्द सिंह कानि थाना ओबरी एवं साइबर सेल से राहुल, हेमेन्द्र सिंह कानि, अभिषेक एवं जोगेन्द्र सिंह की टीम का गठन कर प्रकरण मे अज्ञात मुल्जिम की पतेरसी की गई टीम द्वारा अज्ञात मुल्जिम की सरगर्मी से तलाश शुरू की एवं तकनीकी तंत्र एवं मुखबीर तंत्र जानकारी मिली कि श्रवण पुत्र रूमाल कनिपा निवासी सेमलघाटी तथा बलवन्त पुत्र भुरा कनिपा निवासी ओबरी पुलिस थाना अपने साथियो के साथ घुम रहा है जिस पर पुलिस ने उन्हे गिरफ्तार कर लिये आरोपियो से ओर पूछताछ की जा रही है। जिससे जिले के अन्य क्षेत्रो मे हुई डीपी चोरी व अन्य चोरियो के मामले का खुलासा हो सकता है, पुलिस ने शेष अभियुक्तों की तलाश प्रारंभ कर दी।

## टैंक में गिरे 3 वर्षीय मासूम की मौत

**डिग्गी, (निसं)।** डिग्गी थाना क्षेत्र के चादंसेन गांव में रविवार शाम को खेलते समय टैंक में गिरने से तीन वर्षीय मासूम की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तीन वर्षीय राजू पुत्र उर्प मुरली पुत्र हेमराज सैनी निवासी चादंसेन शाम को 6 बजे अपने ही घर में खेल रहा था। खेलते खेलते राजू अपने घर में बने टैंक में अचानक जा गिरा। लगभग एक घंटे बाद जब परिजनों ने राजू को ढूंढना शुरू किया तब तक काफी देर हो चुकी थी।

राजू को टैंक से निकालकर परिजन तत्काल मालपुरा सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घाषित कर दिया। मासूम राजू के एक बहन भी है। वहीं डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि परिजनों की ओर से किसी भी प्रकार का वाद दायर नहीं हुआ है। वही पुलिस को सूचना लगने से पहले परिजन बच्चे को दफना कर आ चुके थे।

# रिश्वत लेते ग्राम सेवक को पकड़ा, दलाल की जांच जारी

**जालोर, (कासं)।** जालोर एसीबी टीम ने कार्रवाई करते हुए जालोर जिले के सायला पंचायत के ग्राम सेवक को करीब डेढ़ लाख रिश्वत लेने के आरोप में सोमवार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। साथ ही दलाल फरार है, जो सरपंच का रिश्तेदार बताया जा रहा है।

जालोर एसीबी के एएसपी महावीर सिंह राणावत ने बताया कि ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर जालोर इकाई द्वारा सोमवार को सायला, जालोर में कार्रवाई करते हुये सायला पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी पूराराम मेघवाल को परिवादी से 1 लाख 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ए.सी.बी. की जालोर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि भवन निर्माण का विवाद दूर करके एन.ओ.सी. जारी करने की एवज में पूराराम ग्राम विकास अधिकारी द्वारा उसके दलाल विक्रम सिंह राजपूत सरपंच का रिश्तेदार (प्राइवेट व्यक्ति) के माध्यम से 2 लाख 40 हजार रुपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। इस पर एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर सिंह राणावत के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया। उसके बाद सोमवार को पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र सिंह एवं उनकी टीम के साथ ट्रेप कार्यवाही करते हुये पूराराम निवासी हरजीयाना, तहसील सिवाणा, जिला बाड़मेर को परिवादी से 1 लाख 50 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। आरोपी दलाल विक्रम सिंह राजपूत ए.सी.बी. कार्यवाही की भनक लगने पर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

# हादसे को न्यौता दे रही पुलिया

**उनियारा, (निसं.)।** उनियारा कृषि उपज मंडी के पास टोंक सवाई माधोपुर रोड़ पर गलवा पुलिया वर्षों पुरानी बनी हुई है। इस पुलिया से हजारों की संख्या में भारी तथा हल्के वाहनों का आवागमन होता रहता है। लेकिन विभाग के द्वारा ध्यान नहीं देने के कारण इस पुलिया पर बने दोनों साइड पर बने हुए पिल्लर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं तथा इस रोड पर पुलिया के दोनों साइडों पर भी किसी प्रकार का कोई संकेतक बोर्ड भी लगा हुआ नहीं है।

जिसके चलते पूर्व में भी इस पुलिया पर कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। लेकिन इतना होने के बाद भी विभाग तथा उच्चाधिकारी गंभीर नहीं हैं। शायद



**इस पुलिया पर किसी भी प्रकार का कोई संकेतक बोर्ड नहीं लगा है।**

विभाग तथा उच्चाधिकारी भी दुर्घटनाओं का इंतजार कर रहा है। यदि समय रहते हुए विभाग तथा उच्चाधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया तो भारी जन धन होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।



**स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने यूक्रेन में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही कोटा की बेटी हिमांशी सैनी से सोमवार को मोबाइल पर वार्ता कर वहां के हालातों के बारे में जानकारी ली।**

# बंदियों को मोबाइल व तंबाकू देने के आरोप में दो प्रहरी गिरफ्तार

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर की सेवर सेण्ट्रल जेल में बंद कैदियों को मोबाइल, तम्बाकू तथा इर्यरफोन लीड पहुंचने की फिराक में पकड़े गए दो जेल प्रहरियों को थाना सेवर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

गौरतलब है कि आरोपी जेल प्रहरी नरपत सिंह व मुस्ताक को बीते दिन जेल के अंदर ड्यूटी पर प्रवेश करते समय तलाशी के दौरान केंद्रीय कारागृह भरतपुर की सुरक्षा में लगे आर.ए.सी 127 जी कम्पनी 13 बी बटालीयन के हैड कांस्टेबल जगदीश सिंह ने रंगे हाथो पकड़ा था। सेवर जेल के हेड कांस्टेबल ने बताया की देर रात करीब 2 बजे ड्यूटी बदलने के दौरान जेल में जाने के लिए 9 प्रहरी गेट पर पहुंचे। गेट पर हेड कांस्टेबल तैनात थे।

उन्होंने सभी की बारी-बारी से तलाशी ली, उस समय दो प्रहरी नरपत और मुस्ताक की जब तलाशी ली गई तो उन्हें शक हुआ की उन्हें जूते के सोल में कुछ छुपा हुआ है। जिसके बाद उन्होंने दोनों के जूते निकलवाए और जूते का पैतावा हटा कर देखा तो नरपत के दोनों जूतों में एक मोबाइल की लीड, एक कीपेड का मोबाइल, 6 तम्बाकू के पाउच मिले और मुस्ताक के दोनों जूतों में गुटखे के पाउच मिले। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना तुरंत अपने अधिकारियों को दी।

# ट्रांसफार्मर चोरी की वारदातों का खुलासा, तीन गिरफ्तार



**डिग्गी थाना पुलिस ने ट्रांसफार्मर चोरी का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया।**

**डिग्गी, (निसं)।** डिग्गी थाना क्षेत्र में पिछले काफी दिनों से विद्युत टांसपार्मर चोरी की घटनायें लगातार होने के कारण उक्त वारदातों के मध्य नजर रखते हुए कार्यवाही की गई। डिग्गी थाना पुलिस ने मालपुरा सर्किल क्षेत्र में विद्युत ट्रांसफार्मर चोरी की दो दर्जन से अधिक चोरियों का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के आदेशानुसार मालपुरा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार बैरवा व वृताधिकारी सुशील मान के नेत्तृत्व में डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी व पुलिस दल ने साइबर सेल टीम की सहायता से ट्रांसफार्मर चोरी की वारदात का पर्दाफाश कर दो संदिग्धों को दस्तयाब किया तथा सख्त पूछताछ के बाद आरोपियों ने दो दर्जन ट्रांसफार्मर तोड़कर तांबा चोरी करना स्वीकार किया। थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि मामले में गणेशपुरा थाना लाबांहरिसिंह निवासी रामजी लाल पुत्र रूपा बावरी तथा कांकरीया की ढाणी थाना दूदू निवासी राजकुमार उर्फ पुत्र महेन्द्र मोग्या को गिरफ्तार कर उनसे माल खरीदने वाले गणेशपुरा तन सोडा निवासी किशन पुत्र बाघा बंजारा को गिरफ्तार किया गया। उन्होने बताया कि आरोपियो ने क्षेत्र के ट्रांसफार्मर चोरी की वारदात स्वीकार किया है। वही जिला पुलिस अधिक्षक के द्वारा पुलिस टीम को पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा भी की गई है।

## 'बोरिंग खराब होने के बाद सुध नहीं ले रहे अधिकारी'

**अलवर, (निसं)।** अलवर के वार्ड 25 से किशन कुंड व राजाजी का बास निवासी लोगों ने सोमवार दोपहर को मुख्य रोड पर आकर जाम लगा दिया। महिलाएं रोडवेज बस के सामने आकर खड़ी हो गई और बोलीं अब यहां से हटेंगे नहीं, चाहे जान चली जाए। पिछले कई दिनों से पानी की समस्या है। आमजन को पीने को पानी नहीं मिल पा रहा है, सब गरीब तबके के लोग हैं।

**■ लोगों ने जाम लगाकर प्रदर्शन किया**

सरकार व प्रशासन सुध नहीं ले रहा है। वार्ड के पार्षद लोचन यादव ने बताया कि 15 दिन से बोरवेल खराब है।

जलदाय विभाग के अधिकारी सुध नहीं ले रहे हैं। पहले दो-तीन दिन में बोरवेल को ठीक करने का आश्वासन दिया। लोग परेशान होते रहे, पानी के लिए इधर-उधर भटकते रहे। इसके बावजूद भी सुध नहीं ली गई। अब कई दिन गुजरने के बाद आमजन सडकों पर आ गया। सबका कहना है कि पानी की समस्या का समाधान नहीं होने तक धरने रोड जाम किया जाएगा। हालांकि काफी देर तक पुलिस प्रशासन समझाइश की। काफी देर बाद जलदाय विभाग के अधिकारी मौके पर आए। पुलिस प्रशासन ने समझाइश की। इसके बाद जाम खोला गया।

# नई फसल की आहट से गिरे लहसुन के दाम, सड़क पर फेंकने को मजबूर किसान

## अब लहसुन के दाम दो से पांच रुपए प्रति किलो हो रहे हैं

**कोटा, (निसं)।** नई लहसुन की आहट ने किसानों में बैचेनी बढ़ा दी है। दरअसल लहसुन उत्पादक किसानों ने पिछले वर्ष अच्छे दामों की आस में लहसुन का स्टॉक किया था। अब नया लहसुन मंडियों में आने वाला है और लहसुन की कीमतें गिरी हुई हैं। ऐसे में किसानों को पुराने लहसुन की चिंता सताने लगी है।

सांगोद क्षेत्र में दिल्लीपुरा गांव के सुरेश किराड़ ने दाम नहीं मिलने के कारण तीन ट्रॉली लहसुन सड़क पर फेंक दिया। पूर्व उपसरपंच सुरेश किराड़ ने बताया कि अच्छे दामों की आस में साल भर से स्टॉक किया था। अब लहसुन के दाम दो से पांच रुपए प्रति किलो हो रहे हैं। जबकि लहसुन की कटाई का खर्च ही इससे ज्यादा बैठता है। इसके बाद मंडी में ले जाने का खर्च भी जेब से देना पड़ता। ऐसे में पुराने लहसुन को फेंकना ही ठीक लगा। दिल्लीपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष गिरिराज मेहता ने बताया कि क्षेत्र में अधिकांश किसान लहसुन को सड़क पर फेंकने को मजबूर होंगे। इस बार तो क्षेत्र में लहसुन की बुआई भी ज्यादा है। जो महीने भर बाद मंडियों में आने लगेगा।

गिरिराज मेहता ने कहा कि 15 बीघा में से 5 बीघा लहसुन पिछले वर्ष बेचा था। अभी 10 बीघा का रखा है। जिसे नए लहसुन के लिए जगह बनाने के लिए फेंकना पड़ेगा। सरकार की दोषपूर्ण आयात निर्यात नीति का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। मंडी में लहसुन कलियों का तो कोई खरीदार ही नहीं है। उसे तो फेंक कर ही आना पड़ता है। गांव के भंवरलाल और नंदलाल की भी कमोबेश यही स्थिति है। नंदलाल लहसुन बेचकर मकान बनाना चाहता था, लेकिन वह इस बार भी मकान नहीं बना पाएगा।

भंवरलाल मेघवाल ने बताया कि दो बीघा जमीन मुनाफे पर लेकर लहसुन की खेती की थी। जिस पर 80 हजार का खर्च आया था। लेकिन लहसुन केवल 15 हजार का हुआ है। अब मजदूरी करके भरपाई करनी होगी। नंदलाल ने भी 10 बीघे में लहसुन की बुआई की थी। अच्छे दाम की आस में स्टॉक किया था। अब 4 लाख खर्च करके केवल एक लाख का लहसुन बेच पाए। महेंद्र ने बताया कि लहसुन में अब लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा। भारतीय किसान संघ के प्रांत प्रवक्ता आशीष मेहता ने बताया कि लहसुन की खेती अधिकतर मुनाफा काश्त पर हो रही है। खुद की जमीन पर लहसुन की बुआई पर 15 हजार तो मुनाफे पर 25 हजार रुपए प्रति बीघा का खर्च आता है। जिसमें भी बिजली, डीजल, बीज, मजदूरी समेत अन्य खर्च अलग हैं। मुनाफा काश्त करने वाले किसान सबसे अधिक प्रभावित हो रहे। पिछले वर्ष लहसुन के दाम 5 हजार से 10 हजार रुपए तक पहुंच गए थे। ऐसे में किसानों को अच्छे दाम मिलने की आस थी।

**■ किसान गिरिराज मेहता ने बताया कि 15 बीघा में से 5 बीघा लहसुन पिछले वर्ष बेचा था, अभी 10 बीघा का रखा है, जिसे नए लहसुन के लिए जगह बनाने के लिए फेंकना पड़ेगा**

लेकिन दिवाली के बाद से लगातार दाम गिरते चले गए। ऐसे में कटाई सफाई का खर्च भी नहीं निकल रहा तो लहसुन को फेंकने को मजबूर होना पड़ रहा है। आशीष मेहता ने बताया कि सरकार को लहसुन का पर्याप्त निर्यात करना चाहिए। वहीं चीन के लहसुन पर रोक के बावजूद चोरी छिपे लहसुन आने के समाचार देशभर से मिलते रहे हैं। जिस पर प्रभावी रोक लगनी चाहिए। आशीष मेहता ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व भी इसी तरह की स्थिति के कारण 6 किसानों की सदमें से मौत हो गई थी। अभी नया लहसुन आने में तकरीबन एक महीना है। सरकार को सरकारी खरीद की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। लहसुन की खरीद पर समग्र खर्च जोड़कर लाभकारी मूल्य मिलना चाहिए।

# सिर्फ राजस्थान रोडवेज को यू.डी.टैक्स चुकाने के नोटिस थमाये, जयपुर मेट्रो और जेसीटीएसएल पर चुप्पी क्यों?

## आरएसआरटीसी ऑफिसर्स एसोसिएशन ने स्वायत्त शासन सचिव को पत्र लिखकर सवाल उठाया

**जयपुर** (कासं)। नगरीय विकास कर (यूडी टैक्स) चुकाने को लेकर रोडवेज प्रबंधन और नगरीय निकायों के बीच अब तनातनी की नौबत आ गई है।

आरएसआरटीसी ऑफिसर्स एसोसिएशन ने स्वायत्त शासन सचिव को पत्र लिखकर सवाल उठाया है कि हर रोज 8 लाख यात्रियों को बेहद कम कीमत पर सफर करवाने वाले रोडवेज विभाग को तो यूडी टैक्स वसूली के नोटिस जारी हो रहे हैं, जबकि मात्र 20 हजार लोगों को सफर करवाने वाली जयपुर मेट्रो और जयपुर शहर में लो फ्लोर बसों का संचालन करने वाली जेसीटीएसएल से यह वसूली क्यों नहीं होती। उन्होंने राजस्थान रोडवेज को इस टैक्स से मुक्त करने तथा स्थानीय निकायों से रोडवेज को बकाया 95.80 करोड़ रु. दिलाने की मांग भी उठाई है।

**■ रोडवेज के 95.80 करोड़ रु.स्थानीय निकायों पर बकाया है, यह रकम चुकता करे विभाग : भाटी**

एसोसिएशन के महासचिव सुधीर भाटी ने अपने पत्र में लिखा कि जयपुर शहर में जेसीटीएसएल के दो डिपो हैं, इसी तरह कोटा बस सर्विस लि. तथा उदयपुर बस सर्विस लिमिटेड से भी नगरीय विकास कर की वसूली नहीं की जाती।

इसके बावजूद राजस्थान रोडवेज के बस अड्डों पर नगरीय निकायों की टीमें यूडी टैक्स वसूली के लिए कुर्की करने पहुंच रही है। ऐसे में यह रोडवेज प्रबंधन के साथ द्वेषतापूर्ण नीति को दर्शाता है। इसलिए मांग है कि राजस्थान रोडवेज को इस टैक्स वसूली से मुक्त किया जाये।

भाटी ने कहा कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 2 वर्ष पहले आरटीआईडीएफ फंड का अनुपात 75:25 के बजाय 50:50 करने का निर्णय हुआ था, वह भी आज तक लागू नहीं हुआ। इसके अलावा जयपुर में आगरा रोड पर रोडवेज विभाग ने नगर निगम जयपुर को अंबेडकर भवन बनाने के लिए जमीन दी थी, जिसके बकाया 65.80 करोड़ रु. आज तक नहीं मिले। जयपुर सिटी बस सर्विसेज लि. के संचालन व सांगानेर व विद्याधर नगर डिपो के बकाया लीज राशि के करीब 30 करोड़ रुपये भी रोडवेज प्रबंधन को आज तक नहीं चुकाये गये, उल्टा यूडी टैक्स के नोटिस थमाकर रोडवेज की साख को प्रभावित किया जा रहा है। रोडवेज पर जितना टैक्स सभी नगरीय निकायों का बकाया है, उससे करीब 25 गुणा ज्यादा रकम तो रोडवेज प्रबंधन स्वायत्त शासन विभाग की अधीनस्थ स्थानीय निकायों से मांगता है।

# तीन नकबजन गिरफ्तार, जेवर और कीमती सामान बरामद



भट्टा बस्ती पुलिस ने सूने मकानों की रैकी कर नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने वाली गैंग का भंड़ाफोड़ करते हुए गैंग के तीन आदतन नकबजनों को गिरफ्तार किया।

**जयपुर** (कासं)। भट्टा बस्ती पुलिस ने सूने मकानों की रैकी कर नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने वाली गैंग का भंड़ाफोड़ करते हुए गैंग के तीन आदतन नकबजनों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से सोने-चांदी के जेवरात सहित अन्य कीमती सामान बरामद किये है। गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ पूर्व में चोरी और नकबजनी के कई मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर परिस देशमुख ने बताया कि सूने मकानों की रैकी कर नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने वाली गैंग का भंडाफोड़ करते हुए गैंग के सक्रिय बदमाश आसिम, हारूण उर्फ पोंडा और जावेद उर्फ नकचू को गिरफ्तार किया गया है और तीनों ही भट्टा बस्ती इलाके के रहने वाले है। आरोपितों से पूछताछ में सामने आया कि पिछले 2 माह में उन्होंने नकबजनी और चोरी की पांच अधिक वारदातों को अंजाम दिया है। आरोपित आसिफ और पोंडा नशा कर नकबजनी की वारदातों को अंजाम देते है। साथ ऐसे सूने मकानों को चिन्हित करते है, जिनके आसपास कोई सीसीटीवी कैमरे नहीं हो।

# जयसिंहपुरा खोर में 9वीं क्लास की छात्रा से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**जयपुर** (कासं)। शहर के जयसिंहपुरा खोर इलाके में 9वीं क्लास की छात्रा के साथ हैवानियत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की मां रोते हुए थाने पहुंची और बोली- मेरी बेटी को बचा लो। कुछ लोग उसे कॉल गर्ल बनाना चाहते हैं। पुलिस ने मामले में महिला और युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने जब खुद पर आप बीती पुलिस के साथ साझा की तो पुलिस भी हैरान रह गई। पुलिस आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की तैयारी में जुट गई है।

जयसिंहपुरा खोर पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली 15 साल कि किशोरी की मां ने घर के पास ही रहने वाले गौरव और ममता के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया है। पीड़ित के साथ सितंबर में गौरव नाम के युवक ने रेप किया था, जो कॉलेज में पढ़ता है। इस दौरान उसे बिना बताए वीडियो बना लिए। इस बारे में जब पीड़िता ने अपनी मां को बताया तो बदनामी के डर से चुप हो गई। कुछ दिनों के लिए बेटी का घर से बाहर आना-जाना बंद कर दिया। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता को फोन कर वापस बुलाना शुरू कर दिया। उसे वीडियो वायरल करने की धमकी दी। आरोपी ने पीड़िता को वीडियो भेजे तो घर में कोहराम मच गया। मां ने आरोपी के खूब हाथ-पैर जोड़े, लेकिन वो नहीं माना। इस बीच ममता नाम की एक महिला भी आरोपी के साथ जुड़ गई। दोनों ने किशोरी को कहा कि उसे जहां भेजें, वहां पर जाना होगा। नहीं गई तो उसके वीडियो कॉलोनी के ग्रुप में डाल देंगे। साथ ही सोशल मीडिया पर शेयर कर देंगे। पीड़िता की मां ने फिर से आरोपी के हाथ-पैर जोड़े कि वीडियो डिलिट कर दें, लेकिन आरोपी नहीं माने। आखिरकार पीड़िता अपनी मां के साथ रोते हुए रविवार को थाने पहुंची और मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने रेप, पोक्सो, ब्लैकमेलिंग समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया है।

इसी प्रकार जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में ही एक और किशोरी के साथ हैवानियत की गई। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली पंद्रह वर्षीय एक किशोरी के बारे में उसकी चाची ने केस दर्ज कराया है। परिवार के जानकार एक डॉक्टर पर केस दर्ज कराया है कि वह किशोरी को जबरन कार में अपहरण कर ले गया। तीन घंटे कार में ही अश्लीलता की हदें पार कीं और उसके बाद किसी को भी बताने पर परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

# फिल्मी नगमों को सुनकर झूमे दर्शक



मालवीय नगर स्थित दर्शक कॉलेज ऑफ म्यूजिक एन्ड आट्र्स में ''रंगों भरी शाम सुरों के नाम'' कार्यक्रम सुकून म्यूजिक एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित हुआ।

**जयपुर**, (कासं)। मालवीय नगर स्थित दर्शक कॉलेज ऑफ म्यूजिक एन्ड आट्र्स में रंगों भरी शाम सुरों के नाम कार्यक्रम सुकून म्यूजिक एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस दौरान सभागार में गायक व गायिका की सुरीली आवाज में रंग-बिरंगे फिल्मी नग्मों को सुनकर दर्शक भी गुनगुनाने को मजबूर हो गए। इस कार्यक्रम के संयोजक पीयूष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि एकेडमी की डायरेक्टर नीरा राजबंशी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में हार्मोनियम पर मांगीलाल, तबला पर दिनेश खींची, ढोलक पर पवन डांगी, फ्ल्यूट पर संदीप सोनी, गिटार पर पवन बालोदिया, ऑक्टोपेड पर मुकेश खंडे एवं की बोर्ड पर कपिल बालोदिया अपने-अपने अंदाज में रंग जमाए।

# सार-समाचार

## नेशनल साइंस-डे पर वेबीनार

**जयपुर** । नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस राजस्थान चैप्टर एवं स्वास्थ्य कल्याण ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर के सीतापुरा स्थित स्वास्थ्य कल्याण भवन में सोमवार नेशनल साइंस डे के उपलक्ष्य में एक दिवसीय हायब्रिड मोड से नेशनल वेबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. सतीश अवस्थी, प्राचार्य आईएमटीएनई स्वागत भाषण के द्वारा की गई। जिसमें सभी अतिथि और वक्ताओं का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात स्वास्थ्य कल्याण ग्रुप हैड ऑपरेशन श्रद्धा अग्रवाल ने स्वास्थ्य कल्याण ग्रुप के शुरूआत से लेकर आज तक के चिकित्सा, सामाजिक एवं शिक्षा के क्षैत्र में उल्लेखनीय जानकारी उपलब्ध कराई। स्वास्थ्य कल्याण ग्रुप के डीन एकेडमिक डॉ. अरूण चौगले द्वारा साइंस फार सस्टेनेबल डबलपमेन्ट इण्डियन प्रसपेकटीव के द्वारा भारतीय संस्कृति एवं उपचार पद्दित में साइंस एवं टेक्नोलोजी के विकास के बारे में अवगत कराया। एसएमएस मेडिकल कॉलेज में माइक्रोबॉयोलोजी विभाग की सीनियर प्रोफेसर डॉ. भारती मलहोत्रा ने कोविड-19 के सम्बन्ध में डायग्नोसिस और टीकाकरण के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध करायी तथा वेक्सीनेशन के महत्व के बारे में बताया।

## एलिवेटेड रोड से नीचे गिरा युवक

**जयपुर** । जयपुर में देर रात एलिवेटेड रोड से नीचे गिरने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सूचना पर मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस और दुर्घटना थाना वेस्ट पुलिस ने घायल को एसएमएस अस्पताल में पहुंचाया। युवक की पहचान 23 वर्षीय कुनाल नामा के रूप में हुई है। जो 126 नरसिंह कॉलोनी पुरानी बस्ती का रहने वाला है। युवक एलिवेटेड से कूदा या फिर किसी ने उसे गिराया, इस बारे में पुलिस के पास कोई जानकारी नहीं है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि कुनाल नामा अपने घर में कपड़े की फैक्ट्री चलाता है। वह घर से काम पर जाने की बोलकर निकला था। परिवार के लोगों को भी कुनाल के एलिवेटेड रोड पर जाने या कूदने के कारणों की कोई जानकारी नहीं है। कुनाल के पिता शम्भूदयाल छीपा कुनाल के कूदने की सूचना मिलने के बाद परिवार को लेकर सीधे अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों का कहना है कि कुनाल खतरे से बाहर है। युवक के कूदने की जानकारी मिलने पर सबसे पहले सदर थाना पुलिस के डीओ मौके पर पहुंचे। इसके बाद दुर्घटना थाना साउथ और वेस्ट के पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे थे। एक टीम ने एलिवेटेड का मौका मुआयना भी किया। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी सर्च किए, लेकिन कुछ नहीं मिला। मौके पर मिले लोगों के बयान भी लिए गए। कोई स्थिति के बारे में साफ-साफ नहीं बता पा रहा है।

## ठेकेदार ने किया महिला से दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। करणी विहार थाने में एक महिला मजदूर ने ठेकेदार के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार मूलतया दूदू निवासी 30 वर्षीया महिला इलाके में किराए से कमरा लेकर परिवार के साथ रहती है। वह अपने परिवार के साथ ही मजदूरी करती है। रिपोर्ट में उसने बताया कि करीब एक साल से वह राम सिंह मीणा ठेकेदार के पास मजदूरी कर रही थी। छह माह पहले राम सिंह ने पत्रकार कॉलोनी में साइट पर उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो क्लिप बना ली। इसके बाद वह लगातार देहशोषण करता आ रहा है। पीड़िता ने विरोध किया तो राम सिंह ने फेसबुक पर उसके फोटो अपलोड कर दिए और परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## राजस्थान गौरव सम्मान समारोह आज

**जयपुर** । ''संस्कृति युवा संस्था'' द्वारा प्रदेश की लब्ध प्रतिष्ठित प्रतिभाओं को 1 मार्च को त्रिमूर्ति सर्किल स्थित जेएलएन मार्ग होटल ठाांड उनियारा में सायं 3:00 बजे ''राजस्थान गौरव'' सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि 27वें ''राजस्थान गौरव'' अवार्ड समारोह में प्रदेश की लब्ध प्रतिष्ठित प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा इसमें साहित्य, कला, शिक्षा, प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा, समाज सेवा, पत्रकारिता, चिकित्सा सहित विभिन्न प्रतिभाओं को ''राजस्थान गौरव'' के अलंकरण से विभूषित किया जायेगा। मिश्रा ने बताया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र होंगे। इस अवसर पर प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, दुपट्टा देकर ''राजस्थान गौरव'' के अलंकरण से विभूषित किया जायेगा।

## छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 15 मार्च तक

**जयपुर** (कासं।)। उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत शैक्षिणक सत्र 2021-22 के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाने के लिए अंतिम तिथि 15 मार्च, तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी थी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि राजस्थान के मूल निवासियों के लिए अनुसूचित जाति, अनु.जनजाति, विशेष समूह योजना (पूर्व में विशेष पिछड़ा वर्ग), अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त, घुमन्तु एवं अद्र्ध घुमन्तु एवं मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन के लिए राज्य की राजकीय तथा निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं एवं राज्य के बाहर की राजकीय, राष्ट्रीय स्तर एवं मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में प्रवेशित अथवा अध्ययनरत शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थी (कक्षा 11 एवं 12 वीं के अतिरिक्त) योग्य होंगे।

## महिला के गले से चेन लूटी

**जयपुर** । आदर्श नगर थाना इलाके में स्कूटी सवार लुटेरे एक महिला की चेन लूट ले गए। पुलिस ने बताया गुरुनानकपुरा निवासी रोहित अग्रवाल की पत्नी 27 फरवरी की दोपहर शंकर समोसे वाले से पहली गली में घर की तरफ जा रही थी। इस दौरान पीछे से आए स्कूटी सवार बदमाश झपट्टा मार कर चेन लूट ले गए। पीड़ित ने वारदात की फुटेज पुलिस को सौंपी है। पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी है।

# महापौर ने जोरावर सिंह गेट से जलमहल तक सफाई जांची, दो कार्मिक सस्पैंड




मेयर मुनेश गुर्जर ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

**जयपुर** (कासं)। आमेर रोड स्थित श्री बलदेव जी मंदिर परिसर में एक मार्च से श्रीमद्भागवत कथा शुरू हो रही है। यह कथा देवस्थान विभाग की ओर से कराई जा रही है। यहां आने वाले भक्तों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए निगम में व्यवस्थाएं दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। सोमवार को जोरावर सिंह गेट से मानसागर पाल तक महापौर मुनेश गुर्जर ने दौरा किया और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। जहां गंदगी दिखी, वहां सफाई के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि कथा में हजारों लोगों के भाग लेने की संभावना है। ऐसे में सड़कों का पेचवर्क करें। निरीक्षण के दौरान उप महापौर असलम फारुखी, गैराज शाखा के उपायुक्त अतुल शर्मा, उद्यानविज्ञ रवींद्र सिंह आदि मौजूद रहे। सफाई में लापरवाही बरतने पर आदर्श नगर जोन में सफाई निरीक्षक प्रीतम खराड़िया और वार्ड 97 के कार्यवाहक जमादार गुलाब को निलंबित किया।

# देशी कट्टा व दो कारतूस सहित एक बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन'(आग) के तहत मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार सहित अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि किसी वारदात की फिराक में घूम रहे आरोपित सरताज (25) निवासी हरदई यूपी हाल प्रतापनगर को मुखबिर की सूचना पर द्रव्यवती नदी के पास से गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए है। आरोपित के खिलाफ कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। फिलहाल पुलिस आरोपित से अवैध हथियार की खरीद-फिरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

# आर्टिस्ट मुकेश ने उकेरी भगवान शिव की प्रतिमा



**जयपुर**, (निसं)। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के नामी मूर्तिशिल्पकार मुकेश अर्जुन प्रजापति ने भगवान शिवजी की क्ले में ध्यानमठा मुद्रा में आकर्षक प्रतिमा बनाकर अपनी भावाजंलि दी है।

आर्टिस्ट मुकेश अर्जुन प्रजापति ने बताया कि दो फीट मोटाई, 40 इंच चौड़ाई और 5 फीट ऊंचाई की आकार की यह प्रतिमा खासतौर मंगलवार को मनाई जाने वाली शिवरात्रि के लिए ही बनाई है। इस प्रतिमा में शिवजी के गले में सर्प, रुद्राक्ष की माला व हाथों और बाजुओं में पहनाए आभूषणों में भी बारीकबीनी की कला दर्शाई है जो बेहद चित्ताकर्षक होने के साथ-साथ उनके कला वैशिष्ट्य को परिलक्षित करती है। आर्टिस्ट मुकेश की कला में उनके पिता मशहूर मूर्तिकार मरहूम अर्जुन प्रजापति के सबक की परछाई व विरासत दिखाई देती है। इसी आकार की प्रतिमा को वे मार्बल में भी बनाएंगे, जिसे अमरीका भेजा जाएगा। हुनरमंद मुकेश प्रजापति हर साल त्योहारी सीजन में देवी-देवताओं को समर्पित प्रतिमाएं बनाते रहे हैं ताकि श्रद्धालु उनके दर्शन कर सके।

# ग्रेटर निगम और बीवीजी कंपनी की खींचतान और हड़ताल के बीच फंसी जयपुर की सफाई व्यवस्था

## स्वच्छता सर्वेक्षण आज से शुरू होगा, 6 दिन से शहर में नहीं उठ रहा कचरा

**जयपुर** (कासं)। स्वच्छता सर्वेक्षण आज से शुरू होगा, लेकिन जयपुर शहर की सफाई व्यवस्था ग्रेटर निगम और बीवीजी कंपनी की खींचतान के बीच फंसकर रह गई है। बीते 6 दिन से घर-घर कचरा संग्रहण बंद होने के कारण मुख्य सड़कों से लेकर अंदरुनी गलियों तक गंदगी के ढेर लगे पड़े है। हूपर संचालकों की हड़ताल फिलहाल टूटने के कोई आसार भी नजर नहीं आ रहे है। इसके बावजूद भी निगम आयुक्त से लेकर स्वास्थ्य उपायुक्त जैसे जिम्मेदार अफसर बेपरवाह बने बैठे है। इसी बीच अब उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने बीवीजी कंपनी को कार्यमुक्त करके सफाई व्यवस्था की ठोस कार्य योजना बनाने के लिए नोटशीट लिखी है।

**■ उपमहापौर ने निगम आयुक्त को नोटशीट लिखकर बीवीजी कंपनी को हटाने की मांग उठाई**

जानकारी के मुताबिक बीवीजी कंपनी ने ग्रेटर निगम पर 14 करोड़ रु. का बकाया भुगतान निकाला है। समय पर ग्रेटर निगम से भुगतान नहीं मिलने के कारण कंपनी ने कचरा उठाने वाले हूपर संचालकों को पैसा नहीं दिया। इस कारण सभी हूपर संचालक हड़ताल पर चले गये और बीते 6 दिन से शहर में घर-घर कचरा संग्रहण बंद पड़ा है। हालांकि निगम प्रशासन खुद के संसाधनों से कचरा उठवाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन यह नाकाफी है। इसी बीच 1 मार्च से स्वच्छता सर्वेक्षण शुरू हो रहा है, केन्द्रीय टीमें कभी भी यहां आकर सफाई जांच सकती है। हालात बदत्तर होने के बावजूद भी ग्रेटर निगम के अफसर जयपुर की अच्छी रैंकिंग लाने का दावा करने से नहीं चूक रहे है, लेकिन कोई भी यह बताने को तैयार नहीं है कि आखिर शहर की सफाई व्यवस्था सुधरेगी कैसे ?

उधर महापौर सौम्या गुर्जर लगातार शहर का दौरा करके सफाई व्यवस्था को सुधारने की कोशिश में जुटी हुई है, लेकिन वाहनों के अभाव में सफाई कर्मचारियों की मेहनत भी फेल होती दिख रही है। चर्चा है कि महापौर सौम्या गुर्जर-आयुक्त यज्ञमित्र सिंह के बीच की खींचतान का खामियाजा भी जयपुर के लोगों को उठाना पड़ रहा हैं। इसी बीच सोमवार को उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने जयपुर में लगातार बिगड़ती सफाई-सीवरेज व्यवस्था पर चिंता जताते हुए निगम आयुक्त यज्ञमित्र सिंह को नोटशीट लिखी है। कर्णावट ने कहा कि जयपुर की सफाई व्यवस्था को बंटाधार करने वाली बीवीजी कंपनी को तुरंत कार्यमुक्त किया जाए और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निगम स्वयं के संसाधनों व अन्य उपायों से वैकल्पिक इंतजाम करे। कर्णावट ने सवाल उठाया है कि टैंडर की शर्तों की खुलेआम धज्जियां उडा रही बीवीजी कंपनी पर आखिर इतनी मेहरबानी क्यों दिखाई जा रही है। जबकि करीब सवा साल पहले 28 जनवरी 2021 को हुई बोर्ड मीटिंग में बीवीजी का करार रद्द करने का प्रस्ताव पारित हो चुका है। इसके बाद अब कोर्ट का स्टे भी हट चुका है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक के लिए कार्यवाही करें : कलेक्टर

**जयपुर**, (कासं) । जिला कलक्टर राजन विशाल ने कहा है कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिये माइक्रो एक्शन प्लान तैयार कर और स्पेशल टास्क फोर्स की रणनीति के अनुसार कार्य करें ताकि सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लग सके।

**■ 'राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर छह माह पुराने प्रकरणों का शीघ्र होगा निस्तारण'**

जिला कलक्टर विशाल ने सोमवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिले के प्रभारी अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की।

विशाल ने कहा कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर छः माह पुराने प्रकरणों को सभी विभाग शीघ्रता से निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि आने वाली बैठक में ऐसे कोई प्रकरण लम्बित नही होने चाहिए। विशाल ने जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम व इस कार्यक्रम की चिरंजीवी योजना से कन्वरजेन्स की स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक में जिले के सभी अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट और जिले के प्रभारी अधिकारियों ने भाग लिया।

जिला कलक्टर राजन विशाल ने एक अन्य बैठक में एनएफएसए राशन कार्ड धारी सदस्यों की जन आधार से शत प्रतिशत मैपिंग के लिए प्राथमिकता से जन आधार नामांकन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मई 2020 तक एनएफएसए की अपील में दस्तावेजों के अभाव में सेन्ट बैक हुए प्रकरणों में दस्तावेजों की पूर्ति कर निराकरण किया जाए।

# पृथ्वीराज नगर में लोगों को बिजली कनेक्शन से वंचित रखने का षड्यंत्र?

## पृथ्वीराज जन अधिकार संघर्ष समिति अध्यक्ष घनश्याम सिंह का आरोप है कि पीआरएन में जिन भूखंड़धारियों को किन्हीं कारणों से जेडीए के पट्टे नहीं मिल रहे हैं, उनके बिजली कनेक्शन जयपुर डिस्कॉम ने अटका रखे हैं

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के पृथ्वीराज नगर (पीआरएन) में रहने वाले लोगों को बिजली कनेक्शन से वंचित रखने का षड्यंत्र जेडीए और विद्युत विभाग के कुछ बड़े अफसर कर रहे हैं। यह आरोप पृथ्वीराज नगर जन अधिकार संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट घनश्याम सिंह ने लगाये हैं।

उन्होंने बताया कि पृथ्वीराज नगर में बिजली कनैक्शन की इजाज़त देने के लिए प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को जयपुर विद्युत वितरण निगम ने वापस लेने के लिए राजस्थान हाईकोर्ट में नया प्रार्थना पत्र पेश किया है, जो कि बड़े अफसरों के दबाव में किया गया है। घनश्याम सिंह का आरोप है कि पृथ्वीराज नगर में जिन भूखंडधारियों किन्ही कारणों से को पट्टे नहीं मिल रहे थे, उनको जयपुर डिस्कॉम के अफसर नगरीय विकास विभाग के पत्र की आड़ लेकर बिजली कनेक्शन देने से मना कर रहे थे। बताया जा रहा है कि नगरीय विकास विभाग ने राजस्थान हाईकोर्ट के वर्ष 2013 में पारित एक आदेश का हवाला देकर विद्युत विभाग को कनेक्शन जारी करने के लिए मना किया था। वर्ष 2019 में विद्युत विभाग ने वर्ष 2013 के आदेश में संशोधन के लिए हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था, जिसमें 15 फ़रवरी की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति समीर जैन ने एक उच्चस्तरीय बैठक कर निर्णय लेने के लिए कहा था। जिस पर राज्य सरकार के उच्च स्तरीय अफ़सरों की गत 25 फ़रवरी को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में मीटिंग हुई, जिसके निर्णय व मिनट्स की कॉपी सोमवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में प्रस्तुत करनी थी, लेकिन विद्युत विभाग ने ऐसा करने के बजाय वर्ष 2019 में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को ही वापस लेने का प्रार्थना पत्र पेश कर दिया। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अशोक गौड़ ने अतिरिक्त महाधिवक्ता आर.पी.सिंह को सरकार की मंशा स्पष्ट करने के लिए तथा 25 फ़रवरी को हुई मीटिंग के निर्णय और मिनट्स को प्रस्तुत करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया है। घनश्याम सिंह एडवोकेट ने सवाल उठाया है कि जब जेडीए के पट्टो के बिना पूरे जयपुर समेत राजस्थान में बिजली कनेक्शन दिये जा रहे हैं तो फिर पृथ्वीराज नगर के लोगों के साथ ही ऐसा बर्ताव क्यों किया जा रहा है। जबकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार ने पृथ्वीराज नगर की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए बीसलपुर के पानी और सीवरेज की सौग़ात दी है, पट्टों पर ब्याज और पैनल्टी माफ़ किया गया है, लेकिन अब सरकार के उच्च अधिकारी ग़लत सलाह देकर जनता के हित के कार्यों को करना नहीं चाह रहे है।

ARBiT
it happens here...



## Universal Human Beings Week

One of the most important ways people connect is through their humanity. Literature, history, art, and music all expand on human emotion and life experiences and in a world full of definitions, love is what defines the best in humanity. Universal Human Beings Week takes the time to reflect on those ideas and encourages people to take action, promoting human rights and making impactful changes that help communities everywhere.

राष्ट्रदूत
TUESDAY
1 March 2022
A-B

#JKK

# Action-packed Weekend



Game of Dice

Visitors thronged at Jawahar Kala Kendra this weekend to attend the Dance-drama, 'The Game of Dice from Mahabharata' and 'Sang Kabir' programme.



Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

The Jaipurites were in for a cultural treat this weekend as the art and culture hub of Pink City, Jawahar Kala Kendra (JKK), witnessed a plethora of dance, music, art and theater events. Here are some glimpses:

### The Game of Dice

On Saturday, the Delphic Council of Rajasthan organized its first-ever on-ground event – 'The Game of Dice from Mahabharata'. The Rangayan Auditorium of JKK was jam-packed as the multi-media dance-drama by renowned dancer and choreographer, Santosh Nair was staged. The programme was organized in collaboration with the Department of Women and Child Development, Government of Rajasthan.

The production drew from 'Kathakali' with its rigorous, dramatic and vibrant outlook, 'Mayurbhanj Chhau' with its high energy, control and martial arts-inspired spirit as well as contemporary dance with its creativity and experimentation. The elements were brought together through the medium of an episode of the national epic of India, Mahabharata - 'The Game of Dice' which has a fantastic breadth of vision, a riveting plot and a compelling dramatic structure.

The performance gave a unique depiction of women empowerment rooted in traditions. It was centered around Draupadi, the main character of the epic Mahabharata. Although the events in the drama were taken from the Mahabharata, the main focus was on the disrespect towards women and the apathy of the society on witnessing such atrocities.

### Sang Kabir

Another highlight of the weekend at JKK was the 2-day 'Sang Kabir Music Festival' in collaboration with Bikaner based cultural organisation, Lokayan and Rajasthan Kabir Yatra. 'Sang Kabir' was organized with the aim to increase communal harmony, spirituality and encourage creativity. On the first day of the festival, the audience enjoyed mellifluous performances by renowned artists like – Kaluramji Bamaniya & Group, Murshidabadi Project and Mir Basu & Group.

The Festival was inaugurated by Minister of Art & Culture, Government of Rajasthan, Dr B.D. Kalla. On the occasion, Dr B.D. Kalla applauded the Lokayan organisation for taking the Rajasthan Kabir Yatra through the length and breadth of the state and congratulated Jawahar Kala Kendra for their impeccable collaboration to host the two-day music festival. In an energetic and captivating address, Dr. Kalla said that Kabir is a poet of the people and all of Kabir's creations make new revelations in each reading. He also encouraged the youth to develop interest and enthusiasm for music, literature and arts for a fulfilling life.

Kaluramji Bamaniya & Group from the Malwa region in Madhya Pradesh enthralled the audience during the 'Kabir Bhajan' performance with Bhakti Ras and Bhajans. They showcased the vibrant tradition of bhakti singing with the spirit of Kabir and Meera. His impish wit added colour to the simplicity and soulfulness of his songs. The audience could not resist grooving to the beats as he wove magic on the 5-stringed Tambura and Khadtaal. He was accompanied by his troupe on Dholak, Violin and Manjiras.

This was followed by 'Sounds of the Sufis' by Murshidabadi Project from Murshidabad in West Bengal. The evening turned magical with soulful Sufi music performances that explored and experimented with Sufi literature and Indian music. It was the perfect relief to shed away stress and worldly affairs for a while and drown in tranquility. It featured Swetketu Banerjee on Sitar and Soumyadeep Murshidabadi on Vocals.

The evening concluded with 'Melodies from the Thar' by Mir Basu & Group from Pugal in Rajasthan. He presented the long lost melodies of Kabir that still thrive in the majestic desert. The group captivated the audience through their bold vocals and soul-stirring voices.

### Destangoi & Kabir Cafe

On the second day of 'Sang Kabir' Festival, the evening began with 'Kabir ki Dastaan-Musical Dastaangoi' by Himanshu Bajpai from Lucknow who is a Sahitya Akademi Award winner and Vedanth Bharadwaj from Chennai, also renowned for scoring the music of many feature films including the critically acclaimed Feature film- His Father's Voice in 2019. 'Dastangoi' is the art of Urdu storytelling that originated in the 13th century and was prevalent in the Lucknow-Delhi region. After a few centuries, it had faded away. The modern 'dastangos' (storyteller) have made 'dastangoi' a medium through which they raise awareness about important societal issues and musically reiterate stories of the past. During the performance, they presented the couplets and teachings of Kabir through recitation of anecdotes and songs.


The festival came to a close with an electrifying performance of Neeraj Arya's Kabir Café, a Mumbai based folk fusion band known for performing songs composed out of Saint Kabir's Dohas.



Kabir Cafe

#PERSONALITIES

# So Fateh Called Him Only 'Bill'



Field director Fateh Singh Rathore.

Photo by Raghu Rai

Few years later, Raghu Rai immortalized FS when his astonishing full page picture of Fateh talking to two tigers appeared in a story written by Geoffrey Ward for Nat Geo issue of May 1992. It was Geoff who told his good friend Bill Clinton "in Ranthambhore, go only with Fateh and nobody else". But when Bill came in 2000, Ranthambhore was officially out of bounds for FS. But they had to recall FS because Bill will not have it any other way. With such reputation and high recommendation, it was with some trepidation that FS said, he went with Bill because, he had not been in Ranthambhore for some time and had no idea about what was happening with the tigers. But mercifully, the tigers of Ranthambhore did not fail him and there were good sightings. Despite being tutored by the American protocol to address Bill as "Mr. President", FS completely bungled while talking to him, sometimes calling him Sir, other times calling him as Your Excellency, or Your Lordships etc. Till Bill interjected: Fateh, just call me Bill. OK?



Nihal Mathur
*Filmmaker, writer, bon vivant*


If I were to write a piece on Fateh I would title it "The Most Unforgettable Character I've Ever Met." In the 1960s, that was a title of a long-running series in the Reader's Digest that presented pen portraits of those who left their stories behind. Well, Fateh certainly did. And he was a great story teller himself!

Fateh Singh Rathore, Ranthambhore and Tigers are synonymous. But FS or Fudggy, as he was various called by friends and family, was more than just a "Tiger Wallah". He was truly a character. Although he wasn't a tall and handsome Rajput but he certainly had the ruggedness and the romance of a one from the desert! And he had those moustaches, with a twirl! His naughty eyes that looked so big were really small when he took off his reading glasses. He wore best outdoor clothing in rhythm with the jungle he lived in and topped it with a bush hat, sometimes with a feather! Such panache!

And boy! Could he talk! He definitely had the gift of the gab. Playing with words, he would effortlessly shift between hometown Marwari, Hindi and English to express himself succinctly despite a limited vocab. He also had a terrific body language. Sometimes it was pure theatre. For instance, he would describe a tigress in heat calling out for a mate! With gestures of his eyes, movements of his hands, legs and whole body along with producing all kinds of deep guttural sounds, Fateh would communicate the story of the lovelorn tigress in a way that connected the listener to him instantly.

### Legendary Stories

Fateh was star material. A great actor. And his antics swept the people off their feet. They loved to go for a drive in the forest with FS to look for the Tiger! I have this image singed in my memory of the most inimitable Mr. Fateh Singh Rathore, in his characteristic hat, at the wheel of his open gypsy, full with visitors. And there are some legendary stories about Fateh's driving. Following a tiger, he would take his jeep where most would fear to tread. I recall the time when he drove us off the track and up a steep gradient, not realizing that on the other side, was a treacherous slope full of cactus and big stones. We were perched at the top in a hopeless situation where it was not possible to turn around and equally impossible to go nose down the other side. There was imminent danger of toppling over! I guess when the going gets tough, the tough get going. The Rajput warrior in him got into action as the indefatigable Fateh struggled with the gypsy's gears, wheel and tyres to twist and turn and slowly inch forward from that impasse while we held on to our seats tightly. In the end, it was a well fought fight and when we approached level ground we could still feel the adrenalin.






Fateh Singh with Rajiv Gandhi

In this exciting journey into the wild, FS would also make you understand the language of the forest by listening in silence to the sounds and signs of the jungle. When he drove he was on the lookout for pugmarks by the side of the jeep tracks. He would stop to pick up a dried piece of tiger scat! With his big naughty eyes he would say "Tiger Tatti", "Tiger Tatti" and distribute crushed bits and pieces of dried faeces to those accompanying, saying: Look sambar hair. Tiger Tatti! FS brought good cheer and laughter easily in people and that was very endearing about Fateh.

Time was when FS had every tiger by its tail in Ranthambhore. And that was before radio collars and satellite tracking became widely available. FS created a simple system to monitor the movement of the tigers that his unlettered Forest Guards could understand and execute. FS met his team of forest guards every morning after they returned from their beats. Each guard updated the movement of the tiger by tracking pug marks and other signs in his beat. This the guard drew on a double spread of an old newspaper using an improvised brush made from a stem of a plant with a strip of cloth tied at the tip. Dipping it in ink, each guard drew the movement of the tiger in his beat by indicating landmarks on the map. For instance, the map showed the tiger emerged from the grassland here and then went to the water hole there and finally lost track of pug marks that led into the nullah. Few days later, the forest guard of the adjoining beat would report pug marks emerging from the other side of the nullah and going towards the Rajbagh lake and there beside the pavilion, under the banyan, the guard would report sighting a tiger.

### Tiger Movements

When FS collated all the beat maps he began to get a larger picture of the big cat movement in the Park. He knew for instance, where Laxmi is at a sambhar kill and is not likely to move for the next couple of days. Or Noon is on the prowl. Or Padmini has not made a kill in almost a week etc. Fateh had a fairly accurate idea of tiger movements in the Park. Naturally, sightings became more frequent since FS knew with some certitude where each tiger was, on a daily basis. I recall one day when some high ranking guy from IUCN or perhaps WWF was to come and FS told us that he would be able to show him a tiger on the hunt because Genghis has not had a kill for last 10 days and will definitely be out on the prowl and very possibly make a kill. As anticipated, FS quickly tracked Genghis by listening to the signals of the forest and then gradually followed him to the banks of Rajbagh where in a show of a spectacular splash and chase in the lake waters, Genghis made a successful kill of a sambar. Needless to say it took the breath away of the visiting dignitary who saw the entire process of a tiger kill, from start to finish! And what's more? shot it all in Ektachrome, using motorized Nikons.

And, at the end of the day, the visitors joined Fateh under the big banyan in front of the Jogi Mahal where he held his durbar in the flickering light of the campfire with good whisky, in the company of visiting journalists, writers, photographers, film makers, tv crews, and the famous & fashionable people that constantly moved in and out of Ranthambhore. Once upon a time, Fateh was a 'Peter Scot' guy but those who knew his fondness for whisky brought him the finest single malts. One time I saw his small one room apartment in Ranthambhore stacked with the best booze money could buy.

In the approaching twilight, Fateh would down his first whisky at the camp fire underneath a star lit heaven. Every now and then Fateh would shout for his help: "Aey Gafudioo, soda la re " And then he would regale his audience with stories. Although the memory is hazy but I do recall one such story about a time when a big hotel honcho was to visit Ranthambhore. His hotel crew had made all arrangements, including a ride in the Park, albeit without FS. That needed fixing. So just before his arrival, FS called up the entry guard to lock the gates, stopping the honcho in his tracks. When FS was called, he apologized and rushed to greet the guest personally with enthusiasm and charm that was irresistible. Thereafter, Fateh literally pulled him out of his entourage with such ease and finesse that left his retinue speechless and whisked him away in his jeep to showcase the Park.

Later that evening, setting aside all fine dining arrangements, the distinguished visitor instead chose to accept Fateh's invite and joined him at the camp fire. Always the one for some mischievousness, FS candidly told him, "Your hotel provides only 5 star rooms but my Jogi Mahal offers you a million star accommodation" pointing to the star lit heavens. And indeed, Jogi Mahal sitting on the banks of Padam Talao was an incredibly beautiful place to stay where from the balcony of your room you could forever watch the pheasant tailed jacanas walk on lotus leaves, see crocs basking in the sun or if one was lucky, catch a tiger on the far banks. And Fateh was a gracious host who was not intimidated by the rich and the powerful. And that was because he was a completely uninhibited, free flowing and spontaneous person to whom conversation came naturally. So did music. He loved to sing and would burst into an impromptu and passionate delivery of a Gulam Ali gazal "mae apni dhun mein rehta hoon." or some folk song from his native Marwar, with equal ease.

### Ssafed Chiriyas

His love of whisky and music was matched by his love for women. And women loved FS for his flamboyance wit and humour. They came under his spell almost immediately and there are many stories legion about his amorous affairs. In his own words, he loved the migratory 'safed chiriyas' that flocked to Ranthambhore every winter. But there was one woman - Diana Wordworth – who came in his life like fairy godmother. It was Diana who polished Fateh's persona and turned him into a style icon. And Fateh remained a devoted son to Diana till her end.

Those were the days when almost every day some dignitary or other was coming to see the famous tigers of Ranthambhore. The Park hit big time when Rajiv Gandhi chose Ranthambhore for a New Year's holiday with family and friends in 1986. It is well known the two were on first name basis. Few years later, Raghu Rai immortalized FS when his astonishing full page picture of Fateh talking to two tigers appeared in a story written by Geoffrey Ward for Nat Geo issue of May 1992. It was Geoff who told his good friend Bill Clinton "in Ranthambhore, go only with Fateh and nobody else". But when Bill came in 2000, Ranthambhore was officially out of bounds for FS who was apparently being punished by state bureaucracy jealous of his success. But they had to eschew their pride and recall FS because Bill will not have it any other way. With such reputation and high recommendation, it was with some trepidation that FS said, he went with Bill because, he had not been in Ranthambhore for some time and had no idea about what was happening with the tigers. But mercifully, the tigers of Ranthambhore did not fail him and there were good sightings. FS related that despite the fact he was tutored by the American protocol to address Bill as "Mr. President", he completely bungled while talking to him, sometimes calling him Sir, other times calling him as Your Excellency, or Your Lordships etc. Till Bill interjected: Fateh, just call me Bill. OK?

There are just so many stories about Fateh that it would take a book to tell them all. In fact there are several that chronicle Fateh's career, his pioneering work in making trails, convincing the villagers to move out of the Park, surviving a fatal attack by the local cattle grazers, his running battle with his own Department, the bureaucrats and the politicians for being politically incorrect, his encounters with poachers, his awards, his philanthropy and his NGO 'Tiger Watch' to mention a few.

Above everything else, Fateh was a deeply philosophic person who firmly held in his heart that "nobody can steal my destiny." He was truly a free and fearless person. Many times I heard him say "Tiger is my God. Tiger gives me everything." And it did. Tiger was his life. My friends who were there tell me that the day Fateh passed away, on 1st March 2011, a tiger came up to his place Maa Farms and roared as if to bid him farewell, as he lay in final rest. Fateh may not be around with us but his spirit still permeates Ranthambhore. Once known for Hamir and his women who committed jauhar now history will also recall Ranthambhore for Fateh Singh Rathore and the tigers he brought back from the brink.

writetoarbit@rashtradoot.com

> I recall one day when some high ranking guy from IUCN or perhaps WWF was to come and FS told us that he would be able to show him a tiger on the hunt because Genghis has not had a kill for last 10 days and will definitely be out on the prowl and very possibly make a kill. As anticipated, FS quickly tracked Genghis by listening to the signals of the forest and then gradually followed him to the banks of Rajbagh where in a show of a spectacular splash and chase in the lake waters, Genghis made a successful kill of a sambar.



Fateh Singh with the President Bill Clinton and his family in Ranthambhore.

#TRIED&TASTED

# Vrat-friendly Recipes

There is a different tradition behind the entire fasting culture and this tradition is called, Siddha Yoga Path

Mahashivratri, a festival where Lord Shiva is worshipped all over the India. The festival begins on the morning of Shivaratri day and ends only on the next day morning. In the morning, devotees perform Abhishek with milk and water and offer different items including Bilva leaves, Bilva fruit and Dhatura. To show their faith toward Lord shiva, the devotees does fasting the entire day which will in return give them the blessings of Shiva.

Some observe a nirjala fast where they do not even consume a drop of water, others consume only fruits and milk. There are also people who opt for light, saatvik food on the day. If you are also planning to fast with only light foods to go about the day until you open the fast, we have some quick and easy recipes right here that you can try on the day of MahaShivratri.

## Vratwale Paneer Rolls



### Ingredients

- 2 potato, boiled
- 2 cups paneer, mashed
- 1 Green chilli
- 1/2 tsp ginger
- 1 tsp cumin powder
- 1 tsp sendhanamak
- 7-8 Raisins
- 1 tsp black powder
- 1 tsp cardamom powder
- A pinch of nutmeg
- 2 tsp coriander leaves
- 2 tsp ghee

### Preparation

1. Take boiled potato and paneer in a bowl together.
2. Add green chilli and ginger to it.
3. Mix them well.
4. Add cumin powder, sendhanamak, raisins, black pepper, cardamom powder, nutmeg and coriander leaves.
5. Mix the ingredients well and make a dough.
6. Make rolls out of the dough.
7. Now take ghee in a pan and put the rolls in it to pan fry.
8. Fry till the rolls get golden brown.
9. Serve hot.

## Kuttu Ka Cheela



### Ingredients

- 100 gmskuttukaaata
- 1 tsp rock salt
- 2 Green chilli, finely chopped
- 50 gms cottage cheese, grated
- 20 gms desi ghee
- 10 gms ginger shreds
- 1/2 tsp cumin seeds

For tamarind chutney:

- 100 gms tamarind
- 400 gms water
- 15 gms ginger powder
- 1/2 tsp red chilli powder
- 80 gms sugar
- 1/4 tsp black pepper powder
- 1/2 tsp rock salt


### Preparation

1. Make a batter of pouring consistency using kuttukaatta, sendhanamak, cumin seeds and green chilly.
2. Grease the hotplate (you can use a non-stick pan as well) with desi ghee.
3. With the back of spoon make a round pancake and let it cook till it leaves the side.
4. Top it up with grated paneer and shredded ginger.
5. Serve hot with tamarind chutney or coconut chutney.

***Tamarind chutney:***

1. Soak the tamarind in water till soft and pulpy.
2. Strain and add water to have a thin pouring consistency.
3. Add remaining ingredients and bring to a boil, then simmer over low flame, till it thickens a little. Cool and serve.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# सुपारी लेकर हत्या की फिराक में घूमते दो बदमाश पकड़े

## बदमाशों ने दस लाख रुपये की ली थी सुपारी

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। कोतवाली थाना पुलिस ने दो बदमाशों को एक पिस्टल, कारतूस व 315 बोर का देसी कट्टा दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी दस लाख रुपए की सुपारी लेकर हत्या की फिराक में थे। थानाधिकारी करण सिंह ने बताया कि मुखबिर से दो संदिग्ध लोगों के हथियारों के साथ चूली की बगीची की तरफ घूमने की सूचना मिली थी।

इस पर पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया तो धूर्धेश्वर रोड चूली की बगीची वाटर बॉक्स के पास दो लोग पुलिस को अपनी ओर आता देख भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने दोनों को घेराबंदी करके पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में एक व्यक्ति ने अपना नाम अमृत लाल मीणा निवासी झाडौली थाना बामनवास जबकी दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम कमल सिंह मीणा निवासी जीवद थाना बाटोदा बताया। तलाशी में अमृत लाल से एक कट्टा देसी 315 बोर और दो कारतूस 315 बोर के मिले।

वहीं आरोपी कमल सिंह मीणा के पास एक देसी पिस्टल एक जिंदा



गंगापुर सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

कारतूस मिला। पुलिस ने जब दोनों आरोपियों से अवैध हथियार रखने के बारे में पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि भैरूलाल मीणा की मान सिंह गुर्जर से पुरानी रंजिश चल रही है। जिसके चलते भैरूलाल ने उन्हें मान सिंह की हत्या की सुपारी दी है। इसके लिए भैरूलाल मीणा ने उन्हें दस लाख रुपए के चैक दिए हैं।

# नए कलेक्टर ने ली सुध, अब फिर से नि:शुल्क तैयारी कर सकेंगे अभ्यर्थी

## कलेक्टर क्लास के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई, 271 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**झुंझुनूं,** (निसं)। कोविड महामारी के चलते झुंझुनूं में करीब एक साल से बंद पडी कलेक्टर की क्लास को लेकर नए कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी ने सुध ली है। कलेक्टर की क्लास पुनः शुरू हो इसके लिए जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी ने प्रवेश परीक्षा आयोजित करवाई। जिला मुख्यालय पर जेबी शाह गर्ल्स कॉलेज में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक हुए तीन घंटे के पेपर में यूपीएससी स्तर के सवाल पूछे गए। अभ्यर्थियों ने बडी उत्सुकता के साथ परीक्षा में भाग लिया।

हालांकि आईएएस प्रारंभिक परीक्षा के स्तर का पेपर होने पर अभ्यर्थियों को थोडा कठिन लगा। गौरतलब है कि इससे पहले भी अभ्यर्थियों की मांग पर सरकारी गाइडलाइन के साथ कलेक्टर की क्लास को शुरू करने के लिए प्रयत्न किए गए थे। लेकिन तत्कालीन कलेक्टर यूडी खान ने इस विषय को ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया। जिस पर आनलाइन क्लासेज चलती रही।



कलेक्टर की क्लास परीक्षा में तीन घंटे के पेपर में यूपीएससी स्तर के सवाल पूछे गए, अभ्यर्थियों ने बड़ी उत्सुकता के साथ परीक्षा में भाग लिया।

**271 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा:-** कलेक्टर की क्लास के समन्वयक कमलकांत जोशी ने बताया कि परीक्षा में बैठने के लिए 339 अभ्यर्थी पंजीकृत हुए थें। जिनमें से 271 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 68 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कलेक्टर की क्लास में प्रवेश परीक्षा में बैठने वालों में लडकियों की संख्या ज्यादा रही है।

**नि:शुल्क कर सकेंगे तैयारी:-** कलेक्टर की क्लास में सौ अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। जिनको आरएएस, एसआई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क तैयारी करवाई जाएगी।

लक्ष्मण सिंह कुडी जिला कलेक्टर, झुंझुनूं का कहना है कि कलेक्टर की क्लास प्रवेश परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को आरएएस जैसी नि:शुल्क तैयारी करवाई जाएगी। सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं।

# ऊंटनी के दूध की मांग पूरे भारत में : डॉ. साहू

**बीकानेर,** (निसं)। अब ऊंटनी का दूध प्रदेश व कुछ राज्यों तक ही सीमित नहीं बल्कि इसकी मांग पूरे भारत में उठने लगी है। ये विचार भाकृअनुप-राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी) में एनआरसीसी द्वारा दक्षिण भारत में ऊंट की उपयोगिता बढ़ाने एवं अंतर्राष्ट्री य ऊंट उत्सव में एनआरसीसी में आयोज्य प्रस्तीवित पर्यटनीय गतिविधियों एवं ऊंट दौड़ प्रतियोगिता को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में केन्द्रे निदेशक डॉ.आर्तबन्धुत साहू ने व्यक्त किए।

प्रेस वार्ता में मीडिया से मुखातिब होते हुए डॉ.साहू ने जानकारी दी कि एनआरसीसी द्वारा ऊंटनी के दूध के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं इसे एक व्यावसायिक स्वरूप प्रदान करने हेतु दक्षिण भारत की तरफ रूख किया गया है। इसे लेकर एनआरसीसी एवं अंकुशम प्रा.लि., पूणे के समन्वोय से कोयम्बटुर में एक राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें एक एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए गए। उन्होने कहा कि अंकुशम प्रा.लि. द्वारा संघमित्रा के नाम से उष्ट्र दूध व दुग्ध उत्पादों का व्यवसाय प्रारम्भ किया गया है तथा इसके साथ ही कैमल मिल्कि से संबंधित दक्षिण भारत में पहला कैमल डेयरी फार्म खुल गया है।

डॉ.साहू ने एनआरसीसी से प्रेरित होकर दक्षिण भारत तक पहुंचे उष्ट्र दुग्धा व्यावसाय, मधुमेह एवं ऑटिज्मट में ऊंटनी के दूध का महत्व अन्य राज्यों् में प्रसारित हो रहे उष्ट्र दुग्धा व्यसवसाय तथा इनकी बिक्री स्थिति आदि पर बात करते हुए कहा कि प्रदेश के ऊंट पालकों को इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए क्योंकि औषधीय उपयोगिता एवं इसकी बढ़ती मांग, दूध के अच्छे बाजार भाव दिलवाने में सक्षम है, अतः उन्होंने दूध के उत्पाादन, संकलन, प्रसंस्करण एवं सुलभता हेतु संगठित स्वारूप में आगे आना चाहिए। अन्य राज्य भी इसे अपनाते हुए लाभ कमाने लगे हैं।

डॉ.साहू ने अंतर्राष्ट्रीय ऊंट उत्सव के तहत आयोजित किए जा रही विभिन्न पर्यटनीय गतिविधियों एवं ऊंट दौड़ प्रतियोगिता के संबंध में बताते हुए कहा कि एनआरसीसी उष्ट्र पर्यटन विकास को लेकर खासा संजीदा है तथा इस दिशा में किए जा रहे नवाचार पर्यटकों को आकर्षित कर रहे है।

# अजमेर: 42 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा सब्सिडी का लाभ

**अजमेर,** (कासं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बिजली बिलों में छूट की एतिहासिक बजट घोषणा से अजमेर डिस्कॉम के 42 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को फायदा होगा। सब्सिडी से डिस्कॉम पर करीब 1225 करोड़ रूपए का सालाना भार पड़ेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हाल ही में बजट घोषणा की है कि आगामी वर्ष में 100 यूनिट प्रतिमाह तक उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं को 50 यूनिट तक बिजली नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। समस्त घरेलू उपभोक्ताओं को 150 यूनिट तक 3 रुपए प्रति यूनिट का अनुदान एवं 150 यूनिट तक के उपभोग पर राज्य सरकार की ओर से 2 रुपए प्रति यूनिट का अनुदान दिया जाएगा।

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एनएस निर्वाण ने बताया कि मुख्यमंत्री की बजट घोषणा से डिस्कॉम के 818276 बीपीएल उपभोक्ता, 1472448 छोटे घरेलू उपभोक्ता, 50 यूनिट तक उपभोग वाले 402075 उपभोक्ता, 150 यूनिट तक उपभोग वाले 1051029 उपभोक्ता, 300 यूनिट तक उपभोग वाले 445482 उपभोक्ता सहित लगभग 42 लाख उपभोक्ता सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। उन्होने बताया कि बीपीएल कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को 171.84 करोड़, छोटे घरेलू उपभोक्ताओं पर 442.18 करोड़, 50 यूनिट तक उपभोग वाले उपभोक्ताओं पर 72.38 करोड़, 150 यूनिट तक उपभोग वाले उपभोक्ताओं पर 378.37 करोड़, सहित कुल लगभग 1225 करोड़ रुपये सालाना की सब्सिडी दी जाएगी।

# लोग अपनी तकदीर की बागडोर वसुंधरा के हाथों में सौंपने को आतुर

**कोटा,** (निसं)। पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री राजपाल सिंह शेखावत एवं पूर्व संसदीय सचिव भवानी सिंह राजावत ने सैंकड़ों कार्यकर्ताओं की बैठक में यह दावा किया कि न केवल हाड़ौती बल्कि पूरा राजस्थान वसुंधरा के सुशासन को याद कर रहा है और लोग अपनी तकदीर की बागडोर उनके हाथों में सौंपने को आतुर हैं। हालांकि कई नेता मुख्यमंत्री बनने के लिए मुंह धोकर बैठे लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगेगी।

वहीं आने वाले समय में हाईकमान को सोच विचार कर राजस्थान की कमान वसुंधरा राजे को सम्भला देनी चाहिए नहीं तो प्रदेश में हमारा राज आने की कोई सम्भावना नहीं रहेगी। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के जन्मदिवस समारोह की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के 3 साल गहलोत और पायलेट की लड़ाई में निकल गये, अपने ही विधायकों को जैसलमेर व गुडगांव के 5 सितारा हॉटलों में महीनों तक ठहराये रखा और अब पार्टी में विस्फोट के डर से जम्बो मंत्रीमण्डल, राजनैतिक नियुक्तियां और मुख्यमंत्री सलाहकारों की घोषणा करनी पड़ी लेकिन अब चाहे विधायकों को सोने में तौल दें लेकिन फिर भी इस राज की विदाई अब तय है। 50 यूनिट मुफ्त बिजली की घोषणा को हास्यास्पद बताते हुए उन्होंने कहा कि 3 साल तक किसानों और आम उपभोक्ताओं पर कहर बरपा रही सरकार अब केवल 50 यूनिट का झुनझुना दे रही है लेकिन 2 बल्ब और 1 पंखें का बिल भी 50 यूनिट से ज्यादा आता है, वहीं गहलोत को जनता को यह भी जवाब देना पड़ेगा कि 3 लाख कनेक्शन अब एक साल में सरकार कैसे दे देगी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी योजना के 4 हजार करोड़ का दुरूपयोग कर न्यास ने ढ ाई साल से पूरे शहर को खोद रखा है, जहां बोरखेड़ा, गुमानपुरा, अनन्तपुरा, कुन्हाड़ी में आवश्यकता नहीं थी वहां जबरदस्ती ऑवर ब्रिज, अण्डरपास बनाये जा रहे हैं, काम जल्दी पूरा करने के लिए निर्माण कम्पनियां लगातार काम कर रही हैं और अंधाधुंध चल रहे इन निर्माण कार्यों में अब तक 2 दर्जन लोग मौत के शिकार बन चुके हैं। समारोह को पूर्व महापौर सुमन श्रृंगी, न्यास अध्यक्ष रामकुमार मेहता, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश विजय, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रहलाद आदि ने भी सम्बोधित किया।

# चोरी की जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर जब्त, एक गिरफ्तार

**डाबी,** (निसं)। पुलिस अधीक्षक जिला बुन्दी जय यादव ने जिले में चोरी की वारदात पर अकुंश लगाने और वारदातों का खुलासा करने के लिए विशेष अभियान चला रखा है। पुलिस थाना डाबी जिला बून्दी ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए जे.सी.बी. और ट्रैक्टर को बरामद कर मुलजिम कालू सिंह रावत पुत्र मालसिंह रावत जाति रावत (32) निवासी टिवाना थाना भीम जिला राजसमन्द को गिरफ्तार करने में सफलता प्रास की गई है।

सुनिल जैन पुत्र भापलसिंह जाति जेन निवासी लाम्बाखोह थाना डाबी जिला बून्दी ने 26 फरवरी 2022 को थाना हाजा पर रिपोर्ट दी कि मैं लाम्बाखोह का रहने वाला हूं मैंने 24 फरवरी 2022 को एक जेसीबी मशीन जिसके चैचिस नं. 3123978 3403123978है। जिसको कोटा से शोरूम से क्रय की थी जिसको बुकेट विलिंग करवाने के लिये 25 फरवरी2022 को डाबी



डाबी पुलिस ने चोरी की मशीन को जब्त कर आरोपी को गिरफ्त में लिया।

समय करीब 7.30 बजे शाम को जिनु मिस्त्री की दुकान पर खड़ी थी, उसके साथ में (चालक) ऑपरेटर कालु रावत निवासी भीम राजसमन्द साथ में था। रात को चोरी हो गई। मेरे ऑपरेटर चालक का मोबाइल भी बन्द आ रहा है और (चालक) ऑपरेटर भी गायब हैं। उक्त रिपोर्ट पर मामला दर्जकरा दिया। शंकरलाल/ गोरूलाल जाति बंजारा (25) निवासी पिलिया थाना डाबी जिला बुन्दी ने 26 फरवरी 2022 को थाना हाजा पर रिपोर्ट दी कि मैं पिलिया का रहने वाला हूं। राजपरा मे सीताराम गुर्जर की खान को मैं पार्टनरी में पत्थर काटता है। जहां खान पर ही लोडर व कम्प्रेशर ट्रैक्टर खड़ा रहता है। जो 25 फरवरी 2022 को खदान पर मेरा एक ट्रेक्टर कम्प्रेशर आरजे खड़ा था ओर साथ में मेरे दो लोडर खड़े थे तथा पास ही सुखदेवजी की खान में दो लोडर खड़े थे, जिसमे एक लोडर बैट्रियां और चैन तथा वायरशा मशीन की बैट्रीयां रात्रि में चोरी हो गयेतथा कल रात्रि में ही लाम्वाखोह में भी ओमजी शर्मा के ऑफिस पर खड़े लोडर इंफर कम्प्रेशर की बैट्रियां तथा गणेशपुरा से गणेश स्टोन से थ्री फेस की मोटर की 1000 मी. केबल चोरी हो गई। उक्त रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर किया गया।

# टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**भीण्डर,** (निसं)। भीण्डर-उदयपुर मार्ग पर गोपालपुरा गांव के बाहर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर भीण्डर पुलिस थाने से जाप्ता पहुंच करके वृद्ध को भीण्डर चिकित्सालय लेकर आएं, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक का पोस्टमार्टम सुबह किया जाएगा। सहायक उपनिरीक्षक पर्वतसिंह झाला ने बताया कि चौहानों का खेडा निवासी लकमा रावत खेत से मजदूरी करके साइकिल पर सवार होकर अपने घर पर जा रहा था। इस दौरान भीण्डर-उदयपुर मार्ग पर गोपालपुरा गांव के निकट एक अज्ञात वाहन ने साइकिल को पीछे से टक्कर मार दी।

# शादी के दो माह बाद दुल्हन की रहस्यमी मौत

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर संभाग के नागौर जिले के ग्राम मंडोरी की एक महिला को जवाहर लाल नेहरू अस्पताल लाते ही मौत हो गई। इस रहस्मयी मौत पर आरोप और सफाई देने का सिलसिला भी शुरू हो गया। पीहर पक्ष इस मौत पर दहेज हत्या का शक जता रहे है तो वहीं ससुराल पक्ष के लोग बीमारी से मौत होने का राग अलाप रहे है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट मिलने पर ही कार्यवाही की दिशा तय की जाएगी।

जानकारी के अनुसार बादंरसिंदरी पुलिस थाना क्षेत्र सुनिता चौधरी का विवाह दिसंबर माह में मंडोरिया निवासी उगमाराम चौधरी से हुआ। परिवार के लोगों ने अपनी हैसियत के मुताबिक दहेज के साथ आशीर्वाद देकर घर से विदा किया था। आरोप है कि कुछ दिन बाद ही दहेज कम लाने का ताना देकर उसे परेशान करने का सिलसिला भी शुरू हो गया। सुनिता की मौत की खबर मिलने पर पीहर पक्ष और ससुराल पक्ष के लोग अस्पताल परिसर में जमा हो गए। यहीं आरोप और सफाई देने का सिलिसिला शुरू हुआ। ससुराल पक्ष दहेज की मांग के आरोप को सिरे से नकार रहा है। उनका कहना है कि एक बार मामूली मन मुटाव के चलते सुनिता रूठकर मायके चली गई थी, समझौते के बाद लौट आई थी।

# स्कूली विद्यार्थियों को 2022-23 के नये सेशन के लिए मिली सौगातें

**जोधपुर,** (कासं)। उत्कर्ष ऑनलाइन स्कूल के माध्यम से उत्कर्ष क्लासेस ने कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए नये स्कूली सेशन, 2022-23 के आरंभ पर विभिन्न स्कूली कॉर्सेस पर सम्पूर्ण मार्च महीने में बेहतरीन डिस्काउंट ऑफर देने के साथ ही सैनिक, नवोदय, मिलिट्री स्कूल के प्रवेश परीक्षा कोर्सेस संस्था द्वारा ऑनलाइन शुरू किए जाने की घोषणा की।

ये घोषणा सोमवार, 28 फरवरी को उत्कर्ष ऑनलाइन स्कूल के यूट्यूब चैनल पर संस्था निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत की अगुवाई में एकेडमिक डायरेक्टर एस. वी. सिंह सर, कुमार गौरव सर, अक्षय गौड सर सहित उत्कर्ष ऑनलाइन स्कूल के गुरुजनों द्वारा की गई। इस महत्त्वपूर्ण घोषणा के मौके पर उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक व निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने बताया कि विद्यार्थी हित सर्वोपरि की परंपरा निभाते हुए संस्था द्वारा उत्कर्ष ऑनलाइन स्कूल के विद्यार्थियों के लिए सेशन, 2022-23 के आरंभ होने के अवसर पर 1 मार्च से 31 मार्च तक उत्कर्ष एप में उपलब्ध कक्षा 6 से 12 तक के विभिन्न कॉर्सेस पर साल का सबसे बडा महाऑफर दिए जाने की घोषणा की गई है। इसके अतिरिक्त विशेष सौगात के रूप में उत्कर्ष एप में सैनिक, नवोदय, मिलिट्री के प्रवेश परीक्षा कोर्सेस भी लॉन्च किए

UTKARSH CLASSES

■ स्कूली कॉर्सेस पर महाऑफर की घोषणा

जाएंगे। बता दें कि उत्कर्ष एप में नए सेशन की ऑनलाइन कक्षाएँ 1 मई, 2022 से प्रारंभ की जाएगी। गौरतलब है कि उत्कर्ष एप में एनसीईआरटी आधारित विभिन्न बोर्ड जिनमें सीबीएसई बोर्ड व आरबीएसई बोर्ड सहित यूपी बोर्ड, एमपी बोर्ड, हिमाचल प्रदेश बोर्ड, बिहार बोर्ड, झारखंड बोर्ड, उत्तराखंड बोर्ड, एवं हरियाणा बोर्ड के कक्षा 6 से 12वीं तक के हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम के विभिन्न विषयों के कॉर्सेस शामिल है। वहीं विद्यार्थियों के लिए उत्कर्ष एप में विभिन्न अत्याधुनिक विशेषताओं सहित विख्यात विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में क्लास पीडीएफ, साप्ताहिक टेस्ट, लाइव क्विज पोल के अलावा ज्ञानवर्धक मनोरंजन हेतु गैर शैक्षणिक गतिविधियों का समावेश है।

# जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक

**डूंगरपुर,** (निसं)। चौरासी थानान्तर्गत रास्ता खरपेडा निवासी एक युवक जंगल में एक पेड से लटका मिला। युवक 5 दिन पहले ही गुजरात से अपने घर आने के लिए निकला था। परिवार ने हत्या की

■ चार दिन पहले गुजरात से घर आने निकला था, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। चौरासी थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया कि रास्ता खरपेडा के रहने वाले हरीश पुत्र मणिलाल कटारा गुजरात में एक प्लाईवुड कंपनी में काम करता है।

24 फरवरी को अपने घर जाने के लिए निकला था। अन्नपुरा गांव के लोगों ने रविवार देर शाम जंगल में एक पेड से युवक का शव लटका देखा। सूचना पर हैड कांस्टेबल निर्मल भगोरा व कांस्टेबल दिनेश मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतारा। पुलिस को मृतक की जेब से कागज मिला। जिसके आधार पर मृतक की पहचान हरीश के रूप में हुई। पहचान होने के बाद पुलिस ने मामले की सूचना हरीश के परिजनों को दी। शव को डूंगरपुर हॉस्पीटल की मोर्चरी में रखवाया गया। पोस्टमार्टम के बाद आज शव परिजनों को सौंपा गया। मृतक के पिता मणिलाल ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

# कोरोना के बाद लग रहे शेखावाटी हस्तशिल्प मेले में मिलेगा काफी परिवारों को रोजगार

## शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेले का शुभारंभ हुआ

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं के आबूसर में सोमवार से शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेला शुरू हुआ। मेले का शुभारंभ सांसद नरेंद्र कुमार, जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी, एसपी प्रदीप मोहन शर्मा, झुंझुनूं पंचायत समिति प्रधान पुष्पा चाहर, सभापति नगमा बानो आदि ने किया। इस मौके पर सांसद ने इस तरह के आयोजनों पर प्रकाश डाला और कहा कि कोरोना के बाद हो रहे इस मेले में ना केवल काफी परिवारों को रोजगार मिलेगा। बल्कि आमजन भी फिर से आम जनजीवन में लौटेगा।

सभापति नगमा बानो मेले को लेकर काफी उत्साहित नजर आई। उन्होंने कहा कि मेला उनका फेवरेट है। यही कारण है कि वे हर मेले में आती है। खासकर झूले उनको पसंद है। शुभारंभ कार्यक्रम में महेंद्र झाझडिया, धर्मपाल जानूं के अलावा डीएफओ आरके हुड्डा, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला, ग्राम सरपंच रोहिताश, आरएम योगेश शर्मा, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक देवेंद्र चौधरी, पीआरओ हिमांशु सिंह उपस्थित रहें। इस दौरान अतिथियों की ओर से फीता काटकर मेले का विधिवत शुभारम्भ किया गया। महाप्रबंधक योगेश कुमार शर्मा ने



सांसद नरेन्द्र कुमार, जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी, एसपी प्रदीप मोहन शर्मा, झुंझुनूं पंचायत समिति प्रधान पुष्पा चाहर, सभापति नगमा बानो ने शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेले का शुभारंभ किया।

स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए मेले की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा मेले में स्थापित विभिन्न उत्पादों की स्टाल्स की जानकारी दी। समारोह में राजस्थानी शिशु मंदिर स्कूल की छात्राओं द्वारा गणपति वंदना, राणीसती बालिका उमावि की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय की बालिकाओं द्वारा ग्रुप डांस किया गया। अंत में सभी अतिथियों ने मेले में लगी स्टॉलों का अवलोकन किया। उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक योगेश कुमार शर्मा ने बताया कि मेला प्रात: 9 से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगा। मेले में हस्तशिल्प, लघु उद्योग एवं खादी ग्रामोद्योग इकाईयों एवं स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा। मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, खान, पान आदि की स्टाल्स भी लगाई गई है। कृषकों के लिए कृषि क्षेत्र में विभिन्न नवाचारों जैसे उन्नत एवं जैविक खेती की जानकारी प्रदान करने के लिए कृषि एवं उद्यान विभाग के समन्वय से विशेष स्टाल्स लगाई गई है। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा मेला अवधि के लिए प्रात: 9.30 बजे से रात्रि 9 बजे तक दो बसे बस स्टेण्ड झुंझुनूं से मेला स्थल क लिए नि:शुल्क संचालित की जाएगी।

**मेले में प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन:-** मेले के दौरान बीएल किश्तुरी क्लासेज झुंझुनूं के सौजन्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 3 मार्च को सुबह 11 बजे सितोलिया प्रतियोगिता एवं दोपहर 2 बजे रूमाल झपट्टा (महिला), 4 मार्च को सुबह 11 बजे हरदडा (पुरूष एवं महिला) एवं दोपहर 2 बजे दादा - पोता दौड प्रतियोगिता, 5 मार्च को सुबह 11 बजे महिला एवं पुरूष तीन टांग की दौड एवं सायं 2 बजे महिला म्यूजिकल चेयर एवं 6 मार्च को सुबह 11 बजे महिलाओं द्वारा मटका दौड एवं सायं दोपहर 2 बजे शेखावाटी पारम्परिक वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## संक्षिप्त

### बाइक चोरी के 2 आरोपी गिरफ्तार

**बहरोड़/मुंडावर।** जिला पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी के पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार के मिशन के तहत उपपुलिस अधीक्षक जगराम मीणा नीमराना व वृताधिकारी महावीर सिंह शेखावत नीमराणा के सुपर विजन में मुंडावर थाना अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा ने कार्यवाही के तहत मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से दो बाइक जप्त की गई। आरोपियों ने बहरोड़ बस स्टैंड से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सहित 3 चोरी की वारदात कबूल की है साथ ही मुंडावर अस्पताल से भी एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। एक मोटरसाइकिल गुरुग्राम से भी चोरी करना कबूल किया। दिनेश कुमार उर्फ दीना पुत्र रघुवीर सिंह कुम्हार निवासी पीपली व रविंद्र कसाना उर्फ बंदर पुत्र मगन सिंह जोगी, पीपली को गिरफ्तार किया गया।

### झाड़ियों में फंसे राष्ट्रीय पक्षी को निकाला

**बहरोड़।** कस्बे के निकटवर्ती गांव हमजापुर में बर्ड लवर समाज सेवी सोमदत्त जांटीवाल ने सच्ची समाज सेवा का परिचय दिया। रविवार सुबह राष्ट्रीय पक्षी मोर दहमी की गौशाला के पास पहाड़ की तलहटी में झाड़ियों के बीच फंसा हुआ था। ग्रामीण धर्मवीर की नजर पड़ी तो अपने पड़ोसी सोमदत्त को मौके पर बुलाया तथा सोमदत्त ने पक्षी को सुरक्षित निकाल कर अपने घर लाकर चुग्गे पानी की व्यवस्था कर एक कमरे में सुरक्षित रख दिया। जिसके बाद वन विभाग की टीम को सूचना दी। सूचना पाकर वन विभाग की टीम से सहायक वनपाल प्रेम प्रकाश व रामौतार पहुंचे। जहां सोमदत्त ने मोर को सुरक्षित वन विभाग की टीम के सुपुर्द कर दिया। सोमदत्त पेशे से शिक्षक हैं और पक्षियों के प्रति विषेश लगाव रखते हैं।

### मीणा दंगल आज

**निवाई।** उपतहसील दत्तवास में महाशिवरात्रि पर दो दिवसीय मेले का आयोजन मंगलवार को होगा। श्रद्धालु दशरथ सिंह चौहान व किशन मीणा ने बताया कि महाशिवरात्रि मेले में मंगलवार की रात मीणा दंगल का आयोजन किया जाएगा। दंगल में गायक कलाकार विष्णु मीणा व पांचू मीणा की पार्टी भाग लेगी। मीणा दंगल समारोह में मुख्य अतिथि विधायक प्रशांत बैरवा होंगे।

### भगवान तहसील प्रभारी नियुक्त

**निवाई।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार फाउंडेशन के तहसील प्रभारी पद पर भगवान सहाय शर्मा को नियुक्त किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउण्डेशन टोंक के जिलाध्यक्ष कमलेश कुमावत ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार शर्मा को तहसील प्रभारी पद पर नियुक्त किया गया है।

### रामेश्वर डूडी का स्वागत किया

**रींगस।** एग्रो इंडस्ट्रीज डवलमेंट बोर्ड के अध्यक्ष व पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी का आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। एडवोकेट मनीराम जाखड़ के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक निजी अस्पताल के सामने रामेश्वर डूडी को फुलमालाओं से लाद दिया। उन्हें साफा पहना कर सम्मानित किया गया। एडवोकेट मनीराम जाखड ने बताया की डूडी जयपुर से सीकर जा रहे थे। इस मौके पर कमलेष ,सुभाश लोच्छिब, लक्ष्मीलाल, एडवोकेट विकास जाखड, गोरव खेरवा, भवानी सिंह मीणा, राजू सैनी, लाल चन्द्र कुमावत सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# ताम्बा से भरे ट्रकों को लूटने की योजना बनाते दो जने गिरफ्तार

**अलवर/कोटपूतली, (निसं)।** पुलिस टीम अलवर द्वारा रविन्द्र सिंह कविया पु.नि. थानाधिकारी थाना बानसूर जिला अलवर के नेतृत्व में रात्री के समय हाईवे पर ताम्बे के ट्रकों को लूटने की योजना बनाते हुये दो आरोपी जमील एवं लुकमान को गिरफ्तार किया गया। रात्री को टीम को दौराने गस्त सूचना मिली की कोटपूतली रोड से आलमपुर रास्ते पर एक स्कॉर्पियों गाड़ी में छह व्यक्ति सदिंग्ध अवस्था में बैठे हुये हैं तथा कोई ट्रक को लूटने की आपस में बाते कर रहे हैं। सूचना पर टीम आलमपुर रास्ते में पहुंचकर स्कॉर्पियो गाड़ी को चैक किया तो स्कॉर्पियो गाडी में बैठे छह संदिग्ध व्यक्ति उतर कर भागने लगे जिनमें से दो व्यक्तियों को डिटेन किया गया। शेष चार व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गये।



पुलिस ने लूट की योजना बनाते हुए दो जनों को गिरफ्तार किया।

इन दोनों व्यक्तियों के नाम पते पूछे तो अपना नाम जमील पुत्र कल्लू जाति मेव निवासी बेरला थाना तिजारा जिला अलवर व लुकमान पुत्र सफी मोहम्मद जाति मेव निवासी शेखपुर जट थाना तिजारा जिला अलवर होना बताया। उक्त दोनों व्यक्तियों की तलाशी ली गई तो जमील के पास अवैध देशी कट्टा व लुकमान के पास जीपीएस डिटेक्टर तथा इनके कब्जे की स्कॉर्पियो गाडी में पांच लीटर कच्ची शराब, दो डमी पिस्टल व बेहोशी के इन्जेक्शन मिले। दोनों व्यक्तियों से भागने वालों का नाम पूछा तो भागने वाले व्यक्तियों के नाम वसीम, अकरम, दिलसाद व सद्दाम होना बताया। डिटेनशुदा दोनों व्यक्तियों से गहनता से पूछताछ की गई तो बताया कि हम छह व्यक्ति जयपुर से ताम्बा भरकर आने वाले ट्रकों की पहले से रैकी करते हैं। हमारी योजना के अनुसार आज जयपुर से ट्रक ताम्बा भरकर आने वाले थे हम ट्रक को रुकवाकर उसके ड्राईवर को बेहोशी का इन्जेक्शन लगाकर वहीं छोड़ने तथा जीपीएस डिटेक्टर से ट्रक में लगे जीपीएस को डिएक्टीवेट कर ताकी ट्रक की लोकेशन की पता नहीं लग सके ट्रक को लूटने की योजना बना रहे थे।

- आरोपियों के कब्जे से एक स्कॉर्पियो गाड़ी, एक अवैध देशी कट्टा, दो डमी पिस्टल, एक जीपीएस डिटेक्टर्र जप्त
- आरोपियों से पूर्व में की गई घटनाओं के सम्बन्ध में गहनता से पूछताछ जा रही है

### तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार

**श्रीमाधोपुर।** श्रीमाधोपुर के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को करीब 7 लाख का नुकसान पहुंचाने वाले अंतर्राज्यीय गैंग का पर्दाफाश करते हुए श्रीमाधोपुर पुलिस ने सोमवार को गैंग के यूपी निवासी 3 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी करण सिंह खंगारोत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी एटीएम मशीनों से छेड़खानी कर रुपए निकालने और बैंक से ट्रांजेक्शन फेल होने का कारण बताकर गलत तरीके से क्लेम लेने की वारदात में सहयोग करते थे। आरोपी अन्य राज्यों में भी वारदात को अंजाम दे चुके हैं। अकेले श्रीमाधोपुर की एसबीआई ब्रांच से 70 लेनदेन कर 6 लाख 87 हजार 5 सौ रूपए का क्लेम लेकर नुकसान पहुंचा चुके हैं। एसएचओ करण सिंह ने बताया कि मामले में उत्तरप्रदेश निवासी 25 साल के अखिलेश केवट व मनमोहन केवट तथा 27 साल के सुमित सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया है। मामले में 16 सितंबर 2021 को चौपड़ बाजार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया श्रीमाधोपुर के मैनेजर सुभाषचंद स्वामी ने मामला दर्ज करवाया था। मामले में इस गैंग का साथ देने वाले दो सदस्यों को पुलिस ने अक्टूबर 2021 में भी गिरफ्तार किया था।

## सार-समाचार

### न्यायिक अधिकारियों का सम्मान किया



**श्रीमाधोपुर।** स्थानीय न्यायालयों में पद स्थापित एडीजे प्रदीप कुमार मोदी, एसीजेएम क्रम संख्या 1 नवीन कुमार किलानिया, एसीजेएम क्रम संख्या 2 रश्मि नवल तथा अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट कोमल मोटयार के श्रीमाधोपुर से अन्यत्र स्थानांतरण हो जाने पर सोमवार को स्थानीय अभिभाषक संघ ने सभी अधिकारियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया तथा उन्हें भावभीनी विदाई दी संघ के अध्यक्ष एडवोकेट बनवारीलाल कुड़ी ने बताया कि इस मौके पर नवागंतुक न्यायिक मजिस्ट्रेट दिलीप सैनी का भी स्वागत किया । इस दौरान उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ ने 12 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत में बार एवं बेंच को मिलकर अधिकाधिक प्रकरणों का निस्तारण कराने का आव्हान किया । इसी क्रम मे वक्ताओं ने स्थानांतरित होने वाले न्यायिक अधिकारियों के कार्यकाल की प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। कार्यक्रम में काफी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित थे ।

### चन्दर राम मीणा की प्रतिमा का अनावरण किया



**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने सोमवार को बरखेड़ा के ग्राम पावटा में सीमा सुरक्षा बल में तैनात जवान स्व. श्री चन्दर राम मीणा की प्रतिमा का अनावरण किया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री जूली ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले हमारे वीर सैनिकों की वजह से ही आज हम खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे देश की पहचान है कि हमारे देश की माताएं देश की सेवा में शहीद हुए अपने पुत्र पर गर्व महसूस करते हुए अपने दूसरे पुत्र को भी देश सेवा के लिए प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पावटा में जवान स्व. श्री चन्दर राम मीणा की प्रतिमा का अनावरण किया गया है जो सही मायनों में उन्हें सच्ची श्रृद्धांजलि देना है। तत्पश्चात कैबिनेट मंत्री जूली अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रा के गांव उमरैण,पीला रामा, दुल्ली भाल्या का बास,खेडली पिचनौत,जमालपुर, दादर, ढहलावास तथा अकबरपुर में आयोजित विभिन्न कार्यत्रमों में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।

### अधिशाषी अभियंता को हटाने की मांग

**अलवर।** जिला सार्वजनिक निर्माण विभाग ठेकेदार संघ के अध्यक्ष गोरधन लाल अग्रवाल ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता के उस बयान पर हैरानी जताई है कि उन्हें ठेकेदारों के बकाया भुगतान के बारे में कोई जानकारी नहीं है जबकि विभाग को भुगतान के लिए कानूनी नोटिस जारी किए हुए काफी अरसा हो गया है। अग्रवाल ने एक बयान में कहा है कि जब अधिशाषी अभियंता जैसे बड़े अधिकारी को इस कानूनी नोटिस के बारे में ही कोई जानकारी नहीं है तो उन्हें इस पद पर रहने का भी कोई अधिकार नहीं है। उन्हें तत्काल ये कुर्सी छोड़ देनी चाहिए। उन्होंने बताया कि ठेकेदार संघ के पूर्व अध्यक्ष दौलत शर्मा के विभाग की ओर एक करोड़ रुपये से भी ज्यादा का भुगतान बकाया है। उन्हें करीब दो वर्षो से भुगतान नहीं किया जा रहा है जबकि वे बार बार अधिकारियों से भुगतान के लिए अनुरोध कर रहे हैं। करीब 22 बिलो का उनका भुगतान लम्बित चल रहा है। अग्रवाल ने ऐसे नकारे अधकारी को तुरंत हटाने की मांग की है । उन्होंने कहा है ऐसे अधिकारियों के रहते विभाग का भट्टा बैठ जाएगा । और जिले में चल रहे सड़क निर्माण कार्य ठप्प हो जाएंगे ।

### चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई

**राजगढ़।** वीर सेनानी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि कस्बे के पंडित भवानी सहाय शर्मा चौक पर मनाई। इस अवसर पर कस्बे के गणमान्य जन एवं समाजसेवी लोगों के साथ जनप्रतिनिधियों ने कैंडल जलाकर महानायक को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रभु दयाल शर्मा, खेम सिंह आर्य सहित अन्य वक्ताओं ने चंद्रशेखर आजाद के देश की आजादी में योगदान पर चर्चा की एवं उनसे सीख लेने का आ ान किया। इस अवसर पर राजेंद्र चेयर वाल, प्रदीप शर्मा, छोटे लाल मीणा, जितेंद्र सैनी सहित अनेक गणमान्य जन मौजूद थे।

# 'ना पैसा ना अनाज, हमें पीने के लिए पानी चाहिए'

- सरपंच बोला- कनेक्शन लो और पानी ले जाओ

**अलवर, (निसं)।** बहरोड की ग्राम पंचायत दहमी की कंजर बस्ती में वर्षों से पेयजल समस्या बनी है। बस्ती में पेयजल आपूर्ति के लिए बनाई गई टंकी कई वर्षों से सूखी पडी है। बस्ती के लोगों और महिलाओं का कहना है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं। पेयजल समस्या को जल्द दूर करने का दावा किया जाता है। लेकिन जनप्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद हाल-चाल जानने भी नहीं आते। जब उनके पास पानी की समस्या लेकर जाते हैं। तो उन्हें बैरंग खाली हाथ निराश होकर वापस लौटना पड़ता है।

बस्ती के लोगों के पास ना तो खेती का काम है और ना ही कोई स्वरोजगार। परिवार के लोग दिन मेहनत मजदूरी कर दो वक्त की रोटी का जुगाड करते हैं। पानी का टैंकर 500-600 में डलवा कर 15 दिन का इंतजाम करते हैं। सरकारी स्तर पर पेयजल आपूर्ति नहीं होने से उन्हें आर्थिक शारीरिक और मानसिक रूप से परेशानी का सामना करना पड रहा है। घूमंतु समाज के प्रदेश अध्यक्ष शेरसिंह बडगूजर भी बस्ती के लोगों के बीच पहुंचे और पेयजल समस्या को जाना। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए बस्ती के लोगों को पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग की है। बस्ती के लोगों, महिलाओं ओर बच्चों ने भी प्रदर्शन करते हुए पानी की मांग की गई। बस्ती के लोगों ने कहा कि ना उन्हें पैसा चाहिए और ना ही उन्हें अनाज चाहिए। उन्हें तो सिर्फ पीने के लिए पानी चाहिए।

सरपंच धर्मेंद्र यादव का कहना है कि गांव में पेयजल व्यवस्था के लिए गांव में दो बोरिंग करवाए हैं। जिसे कमेटी चला नहीं रही। मैंने बस्ती वालों से सात-आठ महीने में कई बार कहा की कनेक्शन लेलो और पाइप से पानी ले जाओ।

# घोड़ी पर बिठाकर लाडो की बिंदौरी निकाली



पावटा में घोड़ी पर बैठाकर बेटियों की बिंदौरी निकाल बेटी बचाओ का संदेश दिया।

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा के कुनेड रोड ढाणी बोडिया की पावटा निवासी पूरण गढवाल, महेश गढवाल, स्व. खेमराज गढवाल की पत्नी सरोज देवी ने अपनी लाडो की बिंदौरी निकालकर समाज में बेटी बचाओ, बेटी पढाओ का संदेश दिया।

पिता महेश गढवाल ने बताया कि पूरण गढवाल, महेश गढवाल, स्व. खेमराज गढवाल की पत्नी सरोज देवी तीनों ने अपनी बेटियों मनीषा, पिंकी, पूजा की बिंदौरी निकालकर समाज में एक अलग संदेश दिया।

बेटियां बेटों से कम नहीं होती इसलिए बेटियों को बेटों की तरह सम्मान देना चाहिए। इस दौरान परिवार के लोगों ने डीजे पर नाचते गाते हुए बिंदौरी निकाली। तीनों बेटियों मनीषा, पिंकी, पूजा की शादी 4 मार्च को राणासर नीमकाथाना निवासी रवि, पंकज, विकास से होनी है।

# पिंकी स्काउट संघ लालसोट की नई उप प्रधान बनी



**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ लालसोट के उप प्रधान के नतीजों की घोषणा निर्वाचन अधिकारी श्रीकान्त शर्मा द्वारा की गई।

जिसमें नगर पालिका पार्षद पिंकी चतुर्वेदी को निर्विरोध उप प्रधान घोषित किया गया। इस अवसर पर पिंकी चतुर्वेदी ने बताया कि भारत स्काउट गाइड लालसोट के साथ जुड़कर वे फक्र महसूस कर रही है, उन्होंने कहा कि भारत स्काउट गाइड संगठन के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। वे कार्यकारिणी के समस्त सदस्यों के साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने के प्रयास करेंगी। स्काउट साचिव और निर्वाचन अधिकारी श्रीकान्त शर्मा ने बताया कि प्रभारी कमिश्नर स्काउट गोविंद नारायण माली के द्वारा जारी चुनाव अधिघोषणा के अनुसार वर्तमान में महिला उप प्रधान का एक पद रिक्त चल रहा था, जिस पर आजीवन सदस्यों से नामांकन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें पिंकी चतुर्वेदी निर्विरोध निर्वाचित हुई है। इस अवसर पर प्रभारी कमिश्नर गाइड अंजना त्यागी ने मिठाई एवं माला पहनाकर नव निर्वाचित उपप्रधान का अभिनन्दन किया।

# 'बहुत ही कम लोग हैं जो माता पिता का सम्मान करते हैं'

- स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**पावटा।** उपखंड पावटा में 28 फरवरी 2022 सोमवार को कूनेड रोड वार्ड न. 1 सागर कॉलेज के पीछे स्व. घीसाराम बोहरा की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्र जीएल बोहरा द्वारा जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

जहां जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड ने स्व. घीसाराम बोहरा को पुष्पांजलि देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि आज युग में माता पिता के पुण्यतिथि पर इस तरह आयोजन से युवाओं में माता पिता के प्रति आदर समान का भाव उत्पन्न होता हैं। बहुत ही कम लोग मिलते हैं जो माता पिता की समान के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजन करते हैं। इस एक दिवसीय स्वास्थ्य जाँच शिविर को सफल बनाने मे नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विरेन्द्र यादव बहरोड ,नाक कान रोग विशेषज्ञ डॉ. दिलीप, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जयराम यादव, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रामगोपाल यादव, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. रामनिवास मेदांता, फिजीशियन डॉ.सतीश ने निश्वार्थ सहयोग करते हुए मरीजो के स्वास्थ्य की जाँच कर उचित परामर्श दिया। वही निश्वार्थ सहयोग करने पर जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड द्वारा चिकितस्को को प्रसस्ति पत्र व प्रतिक चिन्ह देकर समानित किया गया। शिविर में 1109 लोगों ने भाग लेकर नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का लाभ उठाया। इस अवसर पर त्रिवेणीधाम से रामचरण दास, मुकेश गोयल कोटपूतली, रामस्वरूप प्रधान गोविंदगढ, पावटा सरपंच निर्मल पंसारी, कूनेड सरपंच नरपत सिंह, किशनलाल गुरुजी, महादेव प्रधान, रामवतार सिंह बडनगर, हीरालाल रावत ,राजेन्द्र रहीसा उपप्रधान, यादराम जांगल, सुभाष घोघड, दीपसिंह शेखावत रामेश्वरम भाटिया, रामनिवास यादव सहित सैकडों लोग उपस्थित रहे।

# गंदे पानी की निकासी की मांग

**श्रीमाधोपुर।** समीपवर्ती ग्राम हांसपुर के पूर्व सरपंच मालाराम जादूगर, पंचायत समिति सदस्य भगुराम सैनी, रमेश शर्मा ,राजेंद्र कुमार सैनी, जीवन राम सैनी, अशोक नाथ, सोहन लाल, बाबूलालसिंह, शिशुपाल सिंह व अन्य लोगों ने श्रीमाधोपुर उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड को पत्र भेजकर ग्राम के मुख्य बस स्टैंड भरे गंदे पानी की निकासी की स्थाई व्यवस्था कराने की मांग की है।

पूर्व सरपंच जादूगर ने बताया कि इस बाबत गांववालो ने प्रशासन गांवो के संग शिविर में भी 26 अक्टूबर को इसी आशय का एक प्रार्थना पत्र दिया गया था पर आज तक और कोई समाधान नहीं हुआ है। गंदा पानी जमा होने से आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है।

### 252 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

**सांभरझील।** यहां सिंधी मौहल्ला स्थित साध पुरसानाराम धर्मशाला में सोमवार को एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श व जांच शिविर लगाया गया। प्रदीप साध ने बताया कि इस दौरान 252 लोग इससे लाभान्वित हुये तथा जरूरी लोगों को आवश्यक दवाईयां भी दी गयी। शिविर में लोगों के नि:शुल्क रक्त की भी जांच की गयी।

# श्रीराम राज्याभिषेक के साथ नौ दिवसीय कथा का समापन

- पूर्णाहुति के बाद भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पाई प्रसादी

**पावटा, (निसं)।** महाशिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में बाबा भूतनाथ जोहडा धाम पावटा में केशवदास महाराज के सानिध्य में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के आखिरी दिन कथा व्यास पूज्य शांति श्रिया महाराज ने कहा कि प्रभु श्रीराम की भक्ति जीव को संसार में अनंत सुख देने वाली होती है। प्रभु श्रीराम की नित्य भक्ति से ही मन और आत्मा निर्मल हो जाती हैं।



नौ दिवसीय श्रीराम कथा के समापन पर आयोजित भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

प्रभु की कृपा से ही जीव का चहुंमुखी विकास होता है। कथा व्यास पूज्य शांति श्रिया महाराज ने कहा कि जिससे प्रभु श्रीराम विमुख हो जाते है तो उसे संसार में जन्मों-जन्मों तक मुक्ति नहीं मिलती है। श्रद्धालुओं ने श्रीराम की जयघोष की। जिससे पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। वही पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, रामोतार गोयल, पावटा जाट महासभा अध्यक्ष महेश लंबोरा सहित जनप्रतिनिधि व किशन गोयल, दुर्गादत्त भारद्वाज, सुरेश शर्मा, दीपक गोयल, करण पंसारी, ओमप्रकाश बंसल सहित बडी संया मे श्रद्धालु महाआरती में शामिल हुए। वहीं भामाशाहों व ग्रामीणों के सहयोग से हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। कथा व्यास पूज्य शांति श्रिया महाराज ने विधि-विधान से मंत्रोच्चारण किया और श्रद्धालुओं ने हवन में सामूहिक आहुति दी।

उसके बाद हजारों श्रद्धालुओ ने पंगत प्रसादी ग्रहण की वही अयोजको बाबा भूतनाथ कमेटी अध्यक्ष विकास शर्मा, रामवतार शर्मा, दिनेश शर्मा, मामराज स्वामी, सुशील गौड, आकाश शर्मा, अमन शर्मा, विजय शर्मा, लोकेश टांक, गोपाल टांक, अमित शर्मा, विकास पुजारी, महेंद्र कुमावत, प्रदीप टांक, विनय गोयल, विनीत शर्मा, कालूराम, अमित बटवाल, प्रधुमन चौहान सहित पंगत प्रसादी व श्रद्धालुओ को प्रसाद बांटने मे सहयोग किया।

### जिला ट्रायल कुश्ती आज

**टोंक, (निसं)।** जिला कुश्ती संघ टोंक की ओर से जिला ट्रायल कुश्ती का आयोजन 1 मार्च को ताल कटोरा अच्छे खां के अखाडे पर किया जाएगा। जिसमें सब सूनियर पुरुष व महिला जिनका जन्म वर्ष 2005, 2006 आयु वर्ग के व 2007 के जन्म वालों का मेडिकल सर्टिकेट लाना है, इसी प्रकार जूनियर वर्ग में जिनकी आयु 2002, 2003 व 2004 आयु वर्ग तथा 2005 के जन्म वालों का मेडिकल सर्टिफिकेट लाना है। आयोजन संयोजक अब्दुल गफूर शेरा ने बताया कि जन्मतिथि प्रमाणा पत्र, आधार कार्ड व खेल का पासपोर्ट लाना अनिवार्य है। इसमें विभिन्न वर्गो में विभिन्न भारों में फ्री स्टाईल कुश्ती व ग्रीको पद्धति कुश्ती होगी। 1 मार्च को सुबह 10 बजे वेट प्रारंभ होंगे। कुश्तियों का प्रारंभ 11 बजे होगा। जिला ट्रायल कुश्ती में विजेता खिलाडी 4 मार्च से 6 मार्च तक होने वाले राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता झुंझूनू पथाना में होने वाली आयोजित कुश्तियों में भाग लेंगे।

### पंचायत सहायकों ने विधायक को ज्ञापन सौंपा

**निवाई।** राजस्थान विद्यार्थी मित्र पंचायत सहायक संघ के अध्यक्ष सुरज्ञान तंवर के नेतृत्व में विधायक प्रशांत बैरवा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन से अवगत कराया कि विधानसभा चुनाव से पूर्व चुनावी घोषणा पत्र में पंचायत सहायकों को नियमित करने का उल्लेख किया था। पंचायत सहायक लगातार 14 वर्षो से नियमितकरण की आस में प्रति माह मात्र 6600 रूपये मानदेय पर कार्य कर रहे है। जिससे इतने कम मानदेय में जीवनयापन करना बेहद मुश्किल है। उन्होंने यह बताया कि कोरोना महामारी में 22 ग्राम पंचायत सहायक ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे। वर्तमान में पंचायत सहायक शिक्षा विभाग और पंचायतीराज विभाग के कार्य कर रहे है। बजट के दौरान मानदेय में 20 फीसदी की बढोत्तरी बहुत कम है इसलिए मानदेय बढाया जाए। तथा विद्यार्थी मित्र पंचायत सहायक का नियमितीकरण अथवा समायोजित कर न्यूनतम मानदेय 23700 रूपये किया जाए। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से शिमला शर्मा, लोकेश वर्मा, जगदीश, घनश्याम शर्मा, आशा मीणा मौजूद थे।


SBI भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, तृतीय मंजिल, मैट्रिक्स मॉल सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर ( राजस्थान )- 302004
ई-मेल: sbi.18184@sbi.co.in, शाखा कोड: 18184
फोन: 0141-2657811, 2657921, 2657926, 2657989

**परिशिष्ट-IV-क {नियम 8( 6 ), 9( 1 ) का परन्तुक देखें}**
**अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

प्रतिभूत हित ( प्रर्वतन ) नियम, 2002 के नियम 8( 6 ), 9( 1 ) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधकशुदा है, का वास्तविक कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है", "जैसी है", और "जो कुछ भी है" और "दायित्व रहित" के आधार पर ऋणी श्री कार्तिक दवे पुत्र श्री राकेश दवे एवं श्री कुनाल दवे पुत्र श्री राकेश दवे से भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा ( एसएआरबी ), जयपुर ( राज. ), प्रतिभूत लेनदार की रू. 26,70,708/-अक्षरे ( छब्बीस लाख सत्तर हजार सात सौ आठ मात्र ) दिनांक 31.08.2020 को बकाया एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चों की वसूली हेतु दिनांक 06.04.2022 को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रिम राशि निम्न तालिका अनुसार होगी। धरोहर राशि बैंक/एमएसटीसी की वैब साइट पर दी गई प्रक्रिया अनुसार दिनांक 05.04.2022 से पूर्व जमा कराई जा सकती है।

| अचल सम्पत्ति का विवरण | 1. आरक्षित मूल्य 2. धरोहर राशि | समय |
|---|---|---|
| श्री कार्तिक दवे पुत्र श्री राकेश दवे एवं श्री कुनाल दवे पुत्र श्री राकेश दवे के नाम साम्यिक बंधक प्लॉट नं. 14, सिद्धि विनायक एनक्लेव, गाँव-रेनवाल, तहसील-फागी, जिला-जयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 395.77 वर्ग गज है। जिसकी सीमाएं निम्न है- पूर्व: कॉलोनी रोड 30', पश्चिम: अन्य भूमि, उत्तर: अन्य भूमि, दक्षिण: कॉलोनी रोड 40' | 1. रू. 4,71,000/- 2. रू. 47,100/- | दोपहर 01:00 बजे से दोपहर 02:00 तक |

**अन्य भार - ज्ञात नहीं।**
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए भारतीय स्टेट बैंक, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाईट अर्थात https://sbi.co.in/web/sbi-in-the-news/auction-notices/sarfaesi-and-others, https://ibapi.in/sale_Info_home.aspx व https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp देखें।

तारीख:28.02.2022
स्थान:जयपुर ( राज. )

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक



**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर**
fulera.jaipur@yahoo.com Ph. 01425-281021

क्रमांक-न.पा.फु/2020-21/3559 दिनांक-28.02.2022

**सार्वजनिक सूचना**

भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा दिनांक 12.08.2021 को अधिसूचना जारी कर प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम 2021 प्रकाशित किये गये है। उक्त अधिसूचना में 01 जुलाई 2022 से पॉलजीस्टाइरीन वस्तुओं सहित निम्नलिखित एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तुओं के विनिर्माण, आयात, वस्तुओं के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग निषेध किया गया है। एकल प्रयोग प्लास्टिक श्रेणी में निम्नलिखित वस्तुओं को शामिल किया गया है जो निम्न प्रकार है-

1. प्लास्टिक स्टिक युक्त ईयर बडस, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की डंडिया, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक आईसक्रीम की डंडिया, पॉलीस्टाइरीन की सजावटी सामग्री।
2. प्लेटे, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रॅा, ट्रे, जैसे कटलरी, मिठाई के डिब्बो के इर्द-गिर्द लपेटने या पेक करने वाली फिल्मे निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर स्ट्रिर।

उक्त अधिसूचना द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार 30 सितम्बर 2021 से 75 माईक्रोन से कम मोटाई की प्लास्टिक कैरी बेग को प्रतिबंधित किया गया है। उक्त प्रतिबंध सीवरों एवं सैप्टिक टैंकों की चैकिंग की समस्या को कम से कम करने के लिए भी आवश्यक है।

अतः नगर पालिका फुलेरा के समस्त नागरिकों/व्यवसायियों/संस्थाओं इत्यादि को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में दिये गये निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें। सूचित रहे।

(नगेन्द्र) अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मण्डल, फुलेरा



अपने जीवन के 250 दिन मैंने अपने देश के लिए हॉकी खेले...और मैंने इसे हासिल करने के लिए 7780 दिनों तक कड़ी ट्रेनिंग की। आपको सभी के सपोर्ट और विश्वास के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। - पी.आर. श्रीजेश

भारतीय हॉकी खिलाड़ी, भारत के लिये 250 हॉकी मैच खेलने की उपलब्धि हासिल करने पर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** व्लादिमीर क्लिटस्को



पूर्व विश्व हैवीवेट चैंपियन मुक्केबाज व्लादिमीर क्लिटस्को ने कहा कि वह रूस की सेना के खिलाफ यूक्रेन की तरफ से लड़ने के लिये तैयार हैं। क्लिटस्को से कीव में एक साक्षात्कार के दौरान पूछा गया कि वह रूस के सैन्य हमले के खिलाफ युद्ध मैदान में उतरेंगे, उन्होंने कहा, "मैं यूक्रेनी हूं और मैं एक योद्धा हूं।" यूक्रेन तनाव बढ़ने के बावजूद घोषणा की कि उसका एक प्रतिनिधिमंडल बातचीत के लिये रूसी अधिकारियों से मुलाकात करेगा। क्लिटस्को ने हमले के बाद अपने शहर में रहने के अजीब अनुभव को भी बयां किया।

क्या आप जानते हैं ?... क्रिकेट के इतिहास में केल चार टेस्ट सीरीज बिना हार-जीत के समाप्त हुई जिसका प्रत्येक मैच ड्रॉ रहा, इनमें से दो सीरीज लगातार भारत व पाकिस्तान के बीच हुई।

## न्यूजीलैंड के चौथे दिन चार विकेट पर 94 रन, ड्रॉ पर रहेगी नजर

क्राइस्टचर्च, 28 फरवरी। कैगिसो रबादा (17 रन पर दो विकेट) और केशव महाराज (32 रन पर दो विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन सोमवार को 94 रन पर न्यूजीलैंड के चार विकेट ले लिए। उसे जीत के लिए छह विकेट, जबकि न्यूजीलैंड को 332 रन चाहिए, जो कहीं न कहीं मुश्किल होगा। ऐसे में आखिरी और पांचवें दिन मंगलवार को न्यूजीलैंड की नजरें मैच ड्रॉ कराने पर होंगी। दक्षिण अफ्रीका के कल के स्कोर पांच विकेट पर 140 रन से आज का खेल शुरू हुआ और विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वेरेने के नाबाद शतक और कैगिसो रबादा की 47 रन की तूफानी पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 100 ओवर में नौ विकेट पर 354 रन बना कर दूसरी पारी घोषित की। वेरेने ने 16 चौकों और एक छक्के की मदद से 187 गेंदों पर 136, जबकि रबादा ने चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 34 गेंदों पर ताबड़तोड़ 47 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए टिम साउदी, मैट हेनरी, काइल जैमिसन और नील वैगनर ने दो-दो, जबकि कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने एक विकेट लिया। न्यूजीलैंड की टीम हालांकि 426 रन के बड़े लक्ष्य के कारण दबाव में आ गई और शुरुआत में लगातार विकेट खो दिए। रबादा और महाराज की दक्षिण अफ्रीकी जोड़ी ने न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम को चारों खाने चित कर दिया और महज 25 रन पर तीन विकेट चटका दिए। कप्तान टॉम लेथम एक, हेनरी निकोलस सात, जबकि विल यंग शून्य पर आउट हुए। रबादा ने आठ ओवर में 17 रन पर दो और महाराज ने 16 ओवर में 32 रन पर दो विकेट लिए। फिलहाल न्यूजीलैंड के पास दो मैचों की इस सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त है।

## एएफसी कप के ग्रुप डी मैचों की मेजबानी करेगा कोलकाता

कोलकाता, 28 फरवरी। एशियाई फुटबॉल की गवर्निंग बॉडी एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने कोलकाता के एएफसी कप 2022 के ग्रुप डी मैचों के मेजबान होने की पुष्टि की है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा कि एएफसी ने रविवार को एआईएफएफ को एक पत्र लिख आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (वीवाईबीके) को एएफसी कप 2022 के दक्षिण क्षेत्र ग्रुप डी मैचों के लिए केंद्रीकृत स्थान के रूप में चुना गया है। ग्रुप डी में गोकुलम केरल एफसी, बंगालादेश की बशुंधरा किंग्स टीम, माजिया स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन ऑफ द मालदीव शामिल होंगे। इसके अलावा प्रारंभिक और प्लेऑफ चरणों में छह टीमों वाली दक्षिण एशियाई प्रतियोगिता के विजेता को भी ग्रुप में जगह मिलेगी। एटीके मोहन बागान के ग्रुप डी में क्वालीफाई करने की उम्मीद है, हालांकि इससे पहले 12 और 19 अप्रैल को क्वालीफायर्स खेले जाएंगे। उल्लेखनीय है कि 12 अप्रैल का मैच वीवाईबीके, कोलकाता में होना है और अगर एटीके मोहन बागान इसे जीत लेता है तो 19 अप्रैल का मैच भी कोलकाता में होगा। इस बीच ग्रुप के मैच 18 से 24 अप्रैल के बीच निर्धारित किए गए हैं। एआईएफएफ के महासचिव कुशल दास ने इस बारे में कहा, हम एएफसी को धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने हम पर भरोसा जताया और कोलकाता को एएफसी कप 2022 के लिए केंद्रित स्थान के रूप में चुना। यह बहुत समझदारी वाला फैसला है, क्योंकि गोकुलम केरल 15 मई को हीरो आई-लीग खत्म होने तक कोलकाता में रहेगा और भारतीय फुटबॉल टीम के तैयारी शिविर भी कोलकाता में निर्धारित हैं। यह कोलकाता के दर्शकों के लिए खुशी का मौका है, क्योंकि एएफसी कप के ग्रुप डी के मैच के बाद 8 से 14 जून तक होने वाले एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के फाइनल राउंड मैच भी यहीं खेले जाएंगे।

## हैंडबाल : यूपी, हिमाचल, हरियाणा और दिल्ली अंतिम 16 में

लखनऊ, 28 फरवरी। पिछली बार की विजेता हिमाचल प्रदेश, उपविजेता हरियाणा और मेजबान यूपी समेत पंजाब और दिल्ली ने 37वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका हैंडबाल चैंपियनशिप के दूसरे दिन सोमवार को अपने-अपने पूल में शानदार जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आज सुबह और शाम के सत्र में कुल 17 मैच खेले गए। पूल एफ में मेजबान उत्तर प्रदेश ने लक्षदीप को 20-11 गोल से पराजित किया। यूपी की लड़कियों ने पहले हॉफ में तेज खेल दिखाया और 11-2 से बढ़त बना ली। दूसरे हॉफ में लक्षदीप ने बेहतर खेल दिखाया लेकिन यूपी टीम ने लगातार आक्रामक रुख अपनाये रखा। यूपी की कल प्री क्वार्टर फाइनल में बिहार से भिड़ंत होगी। पिछली विजेता हिमाचल प्रदेश, पिछली उपविजेता हरियाणा, पंजाब और दिल्ली ने दो-दो मैच जीतकर पूल में शीर्ष स्थान हासिल किया। तेलंगाना, तमिलनाडु, बिहार और लक्षद्वीप अपने-अपने पूल में दूसरे स्थान पर रहते हुए अंतिम 16 में पहुंची।पूल ए में पिछली विजेता हिमाचल प्रदेश ने अपने दोनों मैच में प्रतिद्वंद्वियों को एकतरफा शिकस्त दी। सुबह के सत्र मे हिमाचल प्रदेश ने ओडिशा को 17-3 से हराते हुए शानदार शुरुआत की जबकि शाम को हिमाचल प्रदेश ने तेलंगाना को 19-2 से शिकस्त दी। विजेता टीम से जस्सी ने सर्वाधिक नौ गोल दागे। पूल बी में पिछली उपविजेता हरियाणा ने तमिलनाडु को संघर्षपूर्ण मैच में 25-12 से हराया। पूल सी में दिल्ली ने कर्नाटक को 21-8 गोल से हराया। शाम के सत्र में दिल्ली ने राजस्थान को 24-15 से हराया।

# आईओसी की रूस को खेलों से अलग-थलग करने की अपील

### रुस और बेलारूसी एथलीटों तथा अधिकारियों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शामिल न करने की सिफारिश

लुसाने (स्विट्जरलैंड), 28 फरवरी। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) ने रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच दुनिया के सभी अंतरराष्ट्रीय खेल संघों और खेल इवेंट आयोजकों से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में रूसी और बेलारूसी एथलीटों तथा अधिकारियों को शामिल न करने की सिफारिश की है।

आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने सोमवार को रूसी और बेलारूस सरकार द्वारा युद्ध को समर्थन देने और ओलंपिक युद्ध विराम का उल्लंघन करने से ओलंपिक मूवमेंट के सामने आई दुविधा को लेकर बैठक की, जिसमें यह निष्कर्ष निकला कि यह एक ऐसी दुविधा है जिसे सुलझाया नहीं जा सकता, इसलिए कार्यकारी बोर्ड ने स्थिति पर गंभीरता से विचार करने के बाद कई महत्वपूर्ण फैसले लिए।

आईओसी ने एक बयान में कहा, आईओसी कार्यकारी बोर्ड सभी अंतरराष्ट्रीय खेल संघों और खेल इवेंट आयोजकों से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में रूसी और बेलारूसी एथलीटों तथा अधिकारियों को शामिल न करने की सिफारिश करता है। संगठनात्मक और कानूनी कारणों से शॉर्ट नोटिस पर ऐसा करना संभव नहीं है, इसलिए हमारा सभी अंतरराष्ट्रीय खेल संघों और दुनिया भर के खेल इवेंट्स के आयोजकों से यह आग्रह है कि वह अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए यह सुनिश्चित करें कि रूस या बेलारूस के किसी भी एथलीट या खेल अधिकारी को प्रतियोगिताओं में आने की अनुमति न दी जाए और अगर कोई भाग लेता भी है तो रूस या बेलारूस के नाम से भाग न ले। रूसी या बेलारूसी नागरिक, चाहे व्यक्तिगत बात हो या टीमों की, उन्हें केवल तटस्थ एथलीटों या तटस्थ टीमों के रूप में ही स्वीकार किया जाना चाहिए। किसी भी प्रतियोगिता में रूस और बेलारूस के किसी भी राष्ट्रीय प्रतीक, रंग, झंडे और राष्ट्रगान को प्रदर्शित नहीं किया जाना चाहिए।

आईओसी कार्यकारी बोर्ड ने रूस या बेलारूस में किसी भी खेल इवेंट का आयोजन न करने की अपनी पिछली सिफारिश को भी दोहराया है। कार्यकारी बोर्ड ने कहा कि वह एथलीटों, खेल अधिकारियों और विश्वव्यापी ओलंपिक समुदाय के सदस्यों द्वारा शांति के आह्वान का स्वागत और सराहना करता है। आईओसी विशेष रूप से रूसी एथलीटों द्वारा शांति के आ ान की प्रशंसा करता है। वहीं कार्यकारी बोर्ड ने यूक्रेनी ओलंपिक समुदाय के साथ अपनी पूर्ण एकजुटता दिखाई है।

आईओसी ने कहा, यूक्रेन हमारे दिलों और विचारों में हैं। हम मानवीय सहायता के लिए अपने प्रयासों को जारी रखने और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, इसलिए हमने आज एक एकजुटता कोष की स्थापना की है। इस संदर्भ में हम राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) और अंतरराष्ट्रीय खेल संघों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं जो पहले से ही यूक्रेनी एथलीटों और उनके परिवारों का समर्थन कर रहे हैं।

## चोट लगने के बाद मेडिकल टीम की निगरानी में मंधाना

रंगियोरा (न्यूजीलैंड), 28 फरवरी। भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप अभ्यास मैच के दौरान चोटिल होने के बाद मेडिकल टीम की निगरानी में हैं।



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को इसकी पुष्टि करते हुए कहा, मेडिकल टीम द्वारा मंधाना की चोट की निगरानी की जाएगी और उसके अनुसार ही अगले मैच में उनके भाग लेने पर निर्णय लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि रविवार को महिला क्रिकेट विश्व कप अभ्यास मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल का बाउंसर सिर पर लगने के बाद मंधाना को 12 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर जाना पड़ा था।बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, डॉक्टर ने स्मृति मंधाना का तुरंत आकलन किया है, जिन्हें गंभीर चोट लगने की आशंका थी। आगे के आकलन के बाद मंधाना के बाएं कान के निचले हिस्से में मामूली फ्रेक्चर होने का पता चला, जिससे उन्हें बल्लेबाजी करते समय असहज महसूस हुआ, इसलिए उन्हें मैदान से रिटायर्ड हर्ट होकर जाना पड़ा। सुरक्षा एहतियात के तौर पर उन्हें बाकी मैच के लिए आराम दिया गया है और फिलहाल वह मेडिकल टीम की निगरानी में हैं। वह अभी ठीक हैं और उनकी हालत स्थिर है।

## पंजाब किंग्स के कप्तान बने मयंक अग्रवाल

मोहाली, 28 फरवरी। आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स ने आगामी आईपीएल 2022 सीजन के लिए सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को कप्तान बनाया है। 30 वर्षीय मयंक लोकेश राहुल की जगह यह जिम्मेदारी संभालेंगे, जो आईपीएल की मेगा नीलामी से पहले नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स में शामिल हो गए थे।

मयंक ने कप्तान बनाए जाने पर कहा, मैं 2018 से पंजाब किंग्स में हूं और मैं इस शानदार यूनिट का प्रतिनिधित्व करने में बहुत गर्व महसूस करता हूं। मुझे टीम का नेतृत्व करने का मौका दिया गया है। मैं इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा। साथ ही मुझे विश्वास है कि इस सीजन में हमारे पास मौजूद प्रतिभा से मेरा काम आसान हो जाएगा।

## रूस में नहीं खेला जाएगा कोई अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट

ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड), 28 फरवरी। यूक्रेन-रूस के युद्ध के बीच कई देश और कई खेल संस्थाओं ने रूस के खिलाफ कड़े फैसले लिए हैं। इस कड़ी में फुटबॉल के अंतरराष्ट्रीय शासकीय निकाय फीफा ने रूस में कोई अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट ने खेले जाने की घोषणा की है। फीफा ने हालांकि कई राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघों के दबाव के बावजूद रूस को फीफा विश्व कप 2022 के क्वालीफायर से नहीं हटाया है।

फीफा परिषद ब्यूरो ने रविवार को एक बयान में कहा, रूस के क्षेत्र में कोई भी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट नहीं खेला जाएगा। रूस के घरेलू मैच तटस्थ क्षेत्र पर और दर्शकों के बिना खेले जाएंगे। रूस का प्रतिनिधित्व करने वाला सदस्य संघ किसी भी प्रतियोगिता में रूसी फुटबॉल संघ के नाम से भाग लेगा। उन मैचों में रूस के राष्ट्रध्वज या राष्ट्रगान का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा, जहां रूसी फुटबॉल संघ की टीमें भाग लेंगी। फीफा परिषद ब्यूरो ने कहा, आगामी फीफा विश्व कप 2022 क्वालीफायर के संबंध में फीफा ने पोलिश फुटबॉल एसोसिएशन, चेक गणराज्य फुटबॉल एसोसिएशन और स्वीडिश फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से व्यक्त की गई स्थिति पर गंभीरता से ध्यान दिया है और पहले से ही सभी के साथ बातचीत कर रहा है। फीफा इस समस्या का मिल कर एक उचित और स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए सभी के साथ निकट संपर्क में रहेगा।

## एफआईडीई का ऐलान, रूस और बेलारूम में आयोजित नहीं होगी कोई शतरंज प्रतियोगिता

लुसाने (स्विट्जरलैंड), 28 फरवरी। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (एफआईडीई) परिषद ने सोमवार को घोषणा की कि यूक्रेन में रूस के आक्रमण के मद्देनजर रूस और बेलारूस में आधिकारिक एफआईडीई शतरंज प्रतियोगिताएं और इवेंट्स आयोजित नहीं किए जाएंगे। एफआईडीई ने एक बयान में कहा, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के आ ान के बाद एफआईडीई ने फैसला किया है कि एफआईडीई के सभी अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंटों में रूसी और बेलारूसी राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित नहीं किया जाएगा और उनका राष्ट्रगान बजाया जाएगा। इसके बजाय राष्ट्रीय शतरंज महासंघ का झंडा या आधिकारिक प्रतीक/ लोगो का इस्तेमाल किया जाएगा।

## शीर्ष स्थान के लिए भिड़ेंगे हैदराबाद और जमशेदपुर

बैम्बोलिन, 28 फरवरी। लीग लीडर हैदराबाद एफसी और जमशेदपुर एफसी का लक्ष्य हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 का शीर्ष स्थान होगा, जब तालिका में मौजूद इन दो शीर्ष टीमों के बीच मंगलवार को बैम्बोलिन स्थित एथलेटिक स्टेडियम में लीग मैच खेला जाएगा।

हैदराबाद तालिका में शीर्ष पर मौजूद है और दो मैच शेष रहते हुए 35 अंकों के साथ पहली बार सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। वहीं, जमशेदपुर को अपने पहले सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए एक अंक की दरकार है। वो 17 मैचों से 34 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसका ड्रा से भी काम चल जाएगा।

अब जब हैदराबाद अंतिम चार में पहुंच चुकी है और जमशेदपुर का भी लगभग तय नजर आ रहा है, तो फिर यह मुकाबला शीर्ष स्थान पर बने रहने और लीग शील्ड जीतने का होगा। जमशेदपुर के पास एक मैच अतिरिक्त है और कोच ओवेन कोयल चाहेंगे कि उनकी टीम अधिकतम अंक बनाए।

स्कॉटिश कोच कोयल के लिए सबसे बड़ी चिंता अपने हमवतन स्ट्राइकर ग्रेग स्टीवर्ट की अनुपलब्धता होगी, जिन्हें नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के खिलाफ मैच के अंतिम क्षणों में चौथा येलो कार्ड दिखाया गया था। स्कॉटिश स्ट्राइकर की भूमिका इस सीजन में टीम के कुल गोल में से 54.5 में रही है। उन्होंने अंतिम चार मैचों में पांच गोल और दो असिस्ट प्रदान करने के अलावा प्लेमेकर की भूमिका बखूबी निभाई है।

मैच की पूर्व संध्या पर कोच कोयल ने कहा, "हम केवल हैदराबाद एफसी का सामना करने के बारे में सोच रहे हैं। मैं पहले ही कह चुका हूं कि हमें वास्तव में इस समय में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है क्योंकि यदि आप बहुत आगे देखते हैं तो आप फुटबॉल के खेल में नाक में हार का मुक्का खाते हैं। हम दमदार विरोधियों के साथ शानदार व्यक्तिगत प्रतिभाओं वाली एक उत्कृष्ट टीम और एक बेहतरीन कोच के खिलाफ खेलने जा रहा है।"

कोयल ने बताया कि जितेंद्र अगले मैच से बाहर हैं जबकि बोरिस सिंह को लेकर फैसला मैच से ठीक पहले लिया जाएगा। जहां तक हैदराबाद का संबंध है, तो ओग्बेचे फिर से अपने बेहतरीन प्रदर्शन को जारी रखने उतरेंगे और कोच मैनोलो मार्केज की टीम का आगे रहकर नेतृत्व करेंगे। पिछली बार सीजन के पहले चरण में जब ये दोनों टीमें भिड़ी थीं, तो वो मुकाबला 1-1 से ड्रा रहा था।

## फीफा के कहने के बावजूद पोलैंड नहीं खेलना चाहता है रूस के खिलाफ

लंदन, 28 फरवरी। रूस को वर्ल्डकप क्वालीफाइंग से तुरंत बाहर नहीं करने और देश को सिर्फ न्यूट्रल वेन्यू पर उसके फ्लैग और राष्ट्रगान के बिना अपने महासंघ फुटबॉल यूनियन ऑफ रूस के नाम से खेलने का आदेश देने के लिए फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा को यूरोपीय देशों ने निशाना बनाया है। यूक्रेन पर रूस के हमले पर फीफा के कदम का विरोध करते हुए पोलैंड ने कहा कि वह अब भी 24 मार्च को होने वाले वर्ल्ड कप प्ले ऑफ सेमीफाइनल में रूस के खिलाफ खेलने से इनकार करेगा।

पोलैंड फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष सेजारी कुलेजा ने ट्वीट किया, फीफा का आज का फैसला पूरी तरह अस्वीकार्य है। हमारी इस मुकाबले में उतरने की कोई रुचि नहीं है। हमारा रुख बरकरार है,पोलैंड की राष्ट्रीय टीम रूस से नहीं खेलेगी, फिर भले ही टीम का नाम कुछ भी हो।छह क्षेत्रीय फुटबॉल परिसंघों के अध्यक्षों की मौजूदगी वाले फीफा ब्यूरो ने सर्वसम्मत फैसले में कहा कि फुटबॉल यूनियन ऑफ रूस के रूप में खेल रही टीम के साथ रूस के ध्वज और राष्ट्रगान को नहीं जोड़ा जा सकता।

रूस और पोलैंड के बीच प्ले ऑफ के विजेता को स्वीडन और चेक गणराज्य के बीच 29 मार्च को होने वाले मैच के विजेता से खेलना होगा जिससे फैसला होगा कि कतर में 21 नवंबर से 18 दिसंबर तक होने वाले वर्ल्डकप के लिए कौन सी टीम क्वालीफाई करेगी।यूरोपीय फुटबॉल की संचालन संस्था यूएफा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और स्वीडन महासंघ के अध्यक्ष कार्ल एरिक नीलसन ने एक वेबसाइट से कहा कि वह फीफा के फैसले से संतुष्ट नहीं है और उन्हें कड़े रवैये की उम्मीद थी।

चेक गणराज्य ने भी कहा कि फीफा के इस फैसले से रूस के साथ नहीं खेलने का उनका फैसला नहीं बदलेगा।इसके अलावा इंग्लिश फुटबॉल संघ ने भी कहा कि उसकी राष्ट्रीय टीम भविष्य में रूस से खेलने के लिए इनकार करेंगी। रूस ने महिला यूरोपीय चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है जिसकी मेजबानी इंग्लैंड को जून में करनी है।इंग्लिश एफए ने कहा कि यह फैसला यूक्रेन के साथ एकजुटता दिखाते हुए और रूस के नेतृत्व द्वारा किए जा रहे अत्याचारों की निंदा करते हुए किया गया है।

## रवि ने योसर डोगू रैंकिंग श्रृंखला टूर्नामेंट में जीता स्वर्ण पदक

इस्तांबुल, 28 फरवरी। टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता पहलवान रवि दहिया ने सोमवार को तुर्की में योसर डोगू रैंकिंग श्रृंखला टूर्नामेंट में उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लाव को 11-10 से हराकर 61 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। पिछले साल जुलाई में टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने के बाद दहिया का यह पहला मुकाबला था। दहिया ने इससे पहले रविवार को क्वालीफिकेशन राउंड में हमवतन मंगल कादयान को 7-0 से हराया। इसके बाद उन्होंने मुख्य ड्रॉ में लगातार जीत दर्ज की। उन्होंने प्री-क्वार्टर में इटली के शमील मखमुदोविच ओमारोव को 7-2, क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के निकोलस डैनियल मेगालुडिस को 10-1 को हराया और सेमीफाइनल में ईरान के मोहम्मदबाघेर एस्माईल यखकेशी को 9-2 से हराया और फाइनल में प्रवेश किया।

रवि के अलावा टोक्यो ओलंपिक के सेमीफाइनलिस्ट भारतीय पहलवान दीपक पुनिया ने फ्रीस्टाइल 92 किग्रा भार वर्ग में रेपेचेज के माध्यम से ईरान के अहमद यूसेफ बजरीगलेह से अपना क्वार्टर फाइनल मैच हारने के बाद कांस्य पदक जीता।पुनिया ने कांस्य पदक मुकाबले में कजाकिस्तान के एल्खान असदोव को 7-1 से हराने से पहले रेपेचेज राउंड में किर्गिस्तान के मिरलन चिनीबेकोव को 8-2 से हराया। वहीं एक अन्य भारतीय पहलवान अमन फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में जॉर्जिया के बेका बुजियाशविली से हार गए, लेकिन कांस्य पदक पदक मैच में मंगोलिया के जानाबाजार जंदनबुद को 10-5 से हराकर कांस्य पदक जीता।

## आज की तुलना में हमारे समय में पत्रकारों के साथ समीकरण काफी बेहतर थे : शास्त्री

मुंबई, 28 फरवरी। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि उनकी पीढ़ी के खिलाड़ियों का पत्रकारों के साथ जैसा बेहतर तालमेल था, वह मौजूदा दौर के क्रिकेटरों और उन्हें कवर करने वाले लेखकों की तुलना में कहीं बेहतर था। भारत के लिए 80 टेस्ट और 150 एकदिवसीय खेलने वाले इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि मीडिया हर युग और समय से जुड़ रहा है। इसमें काफी विकास हुआ है। मीडिया हाउस, इलेक्ट्रॉनिक और अब डिजिटल मीडिया के आने के बाद खिलाड़ियों के लिए दोस्त बने रहना बहुत मुश्किल है।

शास्त्री ने खालिद ए-एच अंसारी के एक संस्मरण 'इट्स ए वंडरफुल वर्ल्ड' के लॉन्च पर कहा, " मुझे लगता है कि इसमें काफी बदलाव हुआ है। जब हम खेल रहे थे तब से काफी बदलाव हुआ है। पत्रकारों के साथ हमारे जो समीकरण थे, वह आज के खिलाड़ियों के मुकाबले काफी बेहतर थे। मैं पिछले सात सालों से ड्रेसिंग रूम का हिस्सा हूं।"

शास्त्री के इन बातों के संदर्भ को समझना मुश्किल नहीं था क्योंकि हाल ही में भारत के अनुभवी विकेटकीपर रिद्धिमान साहा ने आरोप लगाया था कि एक पत्रकार ने साक्षात्कार के लिए उन्हें कथित रूप से 'धमकी दी थी। शास्त्री उन प्रमुख पूर्व खिलाड़ियों में से एक थे जिन्होंने साहा से पत्रकार का सार्वजनिक रूप से नाम लेने और उन्हें शर्मसार करने का आग्रह किया था।

## जोकोविच की जगह दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बने मेदवेदेव

लंदन, 28 फरवरी। रूस के दानिल मेदवेदेव सोमवार को पुरुषों की एटीपी टेनिस रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर पहुंचने वाले दुनिया के 27वें खिलाड़ी बन गये। मेदवेदेव ने 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को शीर्ष से हटाया। सर्बिया का यह खिलाड़ी रिकार्ड 361 सप्ताह तक नंबर एक रैंकिंग पर रह चुका है। यूएस ओपन 2021 के चैंपियन मेदवेदेव पिछले 18 वर्ष, तीन सप्ताह और छह दिन में जोकोविच, रोजर फेडरर, राफेल नडाल और एंडी मर्रे के बाद नंबर एक रैंकिंग पर काबिज होने वाले पांचवें खिलाड़ी हैं।

## रोमांचक मैच में सबा क्लब ने राजीव गांधी एकेडमी को हराया

जयपुर, 28 फरवरी। सबा क्लब ने नागर मल खींची की स्मृति में आयोजित जयपुर स्पोर्टस लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गये मैचों में राजीव गांधी एकेडमी को 01 रन से हराया तथा दूसरे मैच में अरावली क्लब ने चम्बल स्पोर्टस को 4 रनों से हराया। आज एम एस धोनी ग्राउण्ड पर सबा क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मनन सिंह के 48 रन, भवानी कुमावत के 31 रन, अनुज कुमार के 35 रन व दिनेश चोधरी के 21 रनों से 42.2 ओवर में 166 रन बनाए। राजीव गांधी के लिए हर्ष कुमार मीणा ने 25 पर 5, श्रेय सक्सेना ने 27 पर 2 व ओमी गुर्जर ने 39 पर 2 विकेट लिए। जवाबी पारी में राजीव गांधी एकेडमी की टीम ने 59 पर 8 विकेट गंवा दिये थे लेकिन राहुल सैनी 41 रन व निखिल मेहता नाबाद 49 रन ने संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी की बदौलत 49.5 ओवर में 265 रन बनाकर आउट हो गई तथा एक रन से हार का सामना करना पडा। सबा क्लब के लिए अनुज मीणा ने 21 पर 3, जितेन्द्र शर्मा ने 28 पर 2, कार्तीक जांगीड ने 43 पर 2, आशीष बडसरा व चिराग तॅवर ने एक-एक विकेट लिया। दूसरे मैच में अरावली ग्राउण्ड पर चम्बल स्पोर्टस ने टॉस जीतकर पहले अरावली क्लब बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। अरावली क्लब ने हरजीत सिंह के 74 रन, राम निवास गोलाडा के 54 रन, कमल गुर्जर के 22 रन व राजवीर सिंह के 39 रनों से से 50 ओवर में 10 विकेट पर 254 रन बनाए। चम्बल स्पोर्टस के लिए रितिक शर्मा ने 50 पर 5, हर्षवर्धन वाष्णेय ने 45 पर 3, वाजिद खान व मिहित अग्रवाल ने एक-एक विकेट लिया।

## अफगानिस्तान से तीसरा मैच हारने के बावजूद बांग्लादेश ने 2-1 से जीती सीरीज

चटगांव, 28 फरवरी। अनुभवी स्पिनरों राशिद खान (37 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद नबी (29 रन पर दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद युवा विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्ला गुरबाज के शानदार शतक की बदौलत अफगानिस्तान ने सोमवार को यहां तीसरे और आखिरी वनडे क्रिकेट मैच में बंगलादेश को एकतरफा अंदाज में सात विकेट से हरा दिया। मेजबान बंगलादेश ने हालांकि सीरीज 2-1 से जीत ली।

बंगलादेश टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन अफगानिस्तान की घातक गेंदबाजी के आगे टीम 46.5 ओवर में 192 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में अफगानिस्तान ने रहमानुल्ला के नाबाद शतक की बदौलत 40.1 ओवर में तीन विकेट पर 193 रन बना कर मैच जीत लिया, हालांकि उसे सीरीज गंवानी पड़ी।

बंगलादेश की शुरुआत अच्छी रही। पहले कप्तान तमीम इकबाल और लिटन दास के बीच पहले विकेट के लिए 43 और फिर लिटन और शाकिब अल हसन के बीच दूसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी हुई, लेकिन इसके बाद पूरी टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। लिटन दास एक छोर पर संघर्ष करते रहे, लेकिन अंततः वह भी आउअ हो गए। उन्होंने सात चौकों की मदद से 113 गेंदों पर 86, शाकिब ने तीन चौकों के सहारे 36 गेंदों पर 30 और महमुदुल्लाह ने 53 गेंदों पर नाबाद 29 रन बनाए।

अफगानिस्तान के लिए राशिद ने 10 ओवर में 37 रन पर तीन, जबकि नबी ने 10 ओवर में 29 रन पर दो विकेट लिए। वहीं बल्लेबाजी में रहमानुल्ला सात चौकों और चार छक्कों के दम पर 110 गेंदों पर नाबाद 106, रहमत शाह ने तीन चौकों की मदद से 67 गेंदों पर 47 और रियाज हसन ने चार चौकों और एक छक्के के सहारे 49 गेंदों पर 35 रन का योगदान दिया। बंगलादेश के लिए मेहदी हसन ने दो और शाकिब अल हसन ने एक विकेट लिया।

# महिला क्रिकेट विश्वकप : सख्त बायो बबल को हटाया गया, रोजाना कोरोना टेस्ट भी नहीं होंगे

दुबई, 28 फरवरी। न्यूजीलैंड में चार मार्च से शुरू होने वाले 2022 महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए सख्त बायो बबल और रोजाना कोरोना टेस्ट प्रक्रिया को हटा दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इसके बजाय टूर्नामेंट को प्रबंधित वातावरण में कराने करने की योजना बनाई है। नए नियम इस तथ्य पर विचार करने के बाद बनाए गए हैं कि सभी टीमों और अधिकारियों के न्यूजीलैंड आने पर आइसोलेशन से गुजरना अनिवार्य है।


आईसीसी के महाप्रबंधक ज्योफ एलार्डिस ने सोमवार को मीडिया के साथ बातचीत में कहा, हमारा दृष्टिकोण टूर्नामेंट के आसपास एक प्रबंधित माहौल बनाने का है। गिने-चुने कोरोना टेस्ट होंगे और यह दैनिक आधार पर नहीं होंगे। यहां सारी बात खिलाड़ियों की जिम्मेदारी लेने की है। यह जानते हुए कि वे एक महीने के लिए न्यूजीलैंड में हैं। इस अवधि के दौरान उनका ख्याल रखना जरूरी है, न कि ये कि वे कड़े बायो बबल में रहें, क्योंकि यह व्यावहारिक नहीं होगा और निश्चित रूप से इससे टीमें मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाएंगी।

एलार्डिस ने कहा, कुछ सामान्य दिशा-निर्देश हैं जो आवश्यक हैं, लेकिन हम खिलाड़ियों और टीमों को समझदार होने के लिए कह रहे हैं। उन क्षेत्रों से दूर रहें जहां संक्रमण के खतरे की संभावना है। दूसरी बात यह है कि हमने पिछले कुछ टूर्नामेंटों में पाया (वेस्ट इंडीज में जनवरी-फरवरी में पुरुष अंडर-19 विश्व कप) कि भले ही कोरोना पॉजिटिव मामले सामने आए, लेकिन कोरोना के लक्षण वाले लोगों की संख्या बहुत कम थी। हम खिलाड़ियों को सुरक्षित और स्वस्थ रखने पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। यह कुछ बदलाव हैं, जो हम छह महीने पहले कर सकते थे।

आईसीसी के महाप्रबंधक ने इस बात पर जोर दिया कि सभी टीमों को पहले ही न्यूजीलैंड पहुंचने के लिए बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। यहां सीमाएं आंशिक रूप से खुली हैं और फिर क्वारंटीन के बाद पर्याप्त तैयारी के समय की सुविधा भी एक समस्या है।

एलार्डिस ने कहा, नवंबर में न्यूजीलैंड सरकार ने क्वारंटीन अवधि को दस दिनों तक बढ़ा दिया था, इसलिए हमने टीमों को तैयार करने के लिए अतिरिक्त समय जोड़ा, लेकिन यह फिर से सात दिन हो गया, इसलिए, तार्किक रूप से यह तारीखों और समय के साथ चुनौतीपूर्ण रहा है। हमें उम्मीद है कि जैसे ही स्थिति सुधरेगी हम टूर्नामेंट के दूसरे भाग के दौरान मैदानों पर दर्शकों की संख्या बढ़ाने में सक्षम होंगे।

उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी अभी भी पूरी दुनिया के लिए चिंता का सबसे बड़ा विषय है। ऐसे में आईसीसी ने टूर्नामेंट का योजना के अनुसार आगे बढ़ना सुनिश्चित करने के लिए प्लेइंग कंडीशन्स में भी बदलाव किया है। इसके तहत महिला विश्व कप के दौरान अगर कोई टीम कोरोना महामारी के प्रभाव के कारण कम से कम नौ खिलाड़ियों को मैदान पर उतारने में सक्षम है तो मैच आगे बढ़ेगा।



रूटीन ब्रेन स्कैन के दौरान जब एक व्यक्ति की अचानक मौत हो गई उस समय वैज्ञानिकों ने एक अप्रत्याशित खोज की। ब्रेन स्कैन के दौरान मृत्यु के समय उसकी जो ''ब्रेन एक्टिविटी'' हो रही थी, उसका दुर्लभ डेटा भी रिकॉर्ड हो गया। जीवन के अंतिम क्षणों में, व्यक्ति का हार्ट रूकने से 30 सैकण्ड पहले तथा 30 सैकण्ड बाद, उसकी ब्रेन वेव़्ज, मस्तिष्क की उन गतिविधियों के समान थीं, जो सपना देखते समय, मैमोरी रीकॉल तथा मैडिटेशन के समय देखी जाती हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार इससे यह बात सत्य जान पड़ती है कि, मरते समय वास्तव में लोगों की आँखों के सामने ''उनका पूरा जीवन कौंध जाता है।'' मृत्यु जैसा अनुभव कर चुके कई लोगों द्वारा मृत्यु के समय पूर्व स्मृतियों की पुनरावृत्ति की बात कही जा चुकी है। लेकिन यह पहला वैज्ञानिक सबूत है, जो बताता है कि यह ''फ्लैश'' वास्तविक हो सकता है। तथापि, चूँकि यह एक अकेली केस स्टडी है, इसलिए कहना असंभव है कि यह घटना कितनी आम है और इस दौरान जो अनुभव होता है वो क्या है। शोधकर्ताओं ने 2016 में यह चौंकाने वाली खोज उस समय की थी जब वो मिर्गी पीड़ित 87 वर्षीय एक कैनेडियन की मस्तिष्क गतिविधियों का अध्ययन करने के लिए उसका ई.ई.जी. कर रहे थे। उसी समय मरीज को अचानक जानलेवा हार्ट अटैक हुआ। शोधकर्ताओं ने एक वक्तव्य में कहा कि, मरीज की अप्रत्याशित मृत्यु का तात्पर्य यह था कि, टीम ने अनजाने में मरते हुए आदमी की ब्रेन एक्टिविटी को रिकॉर्ड कर लिया। इससे वैज्ञानिक यह देख पाए कि जब व्यक्ति मर रहा था तब उसकी ''ब्रेन वेव़्ज'' (न्यूरल ऑसिलेशन्स) में कैसे परिवर्तन हुए। उन्होंने पाया कि उसका हृदय रूकने से 30 सैकण्ड पहले व 30 सैकण्ड बाद ब्रेन एक्टिविटी में असामान्य परिवर्तन हुए थे। शोध के समय, कैनेडा में युनिवर्सिटी ऑफ टोरॉन्टो में न्यूरोसर्जन एवं वरिष्ठ शोधकर्ता डॉ. अजमल ज़ैमर ने कहा ''मृत्यु से ठीक पहले व बाद में हमने न्यूरल ऑसिलेशन्स के विशिष्ट समूह में परिवर्तन देखे। विशिष्ट प्रकार के इन ऑसिलेशन्स को गामा वेव़्ज कहते हैं।'' इन गामा वेव़्ज के अध्ययन से वैज्ञानिकों को अहसास हुआ कि व्यक्ति अपने सम्पूर्ण जीवन की स्मृतियों को ''रीप्ले'' कर रहा था। इस अद्भुत घटना को ''लाइफ रीकॉल'' के नाम से जाना जाता है।

# यू.पी. के अंतिम दो चरण और भी ज्यादा भारी पड़ेंगे भाजपा को?

## शायद इसीलिए अब प्र.मंत्री मोदी 3 मार्च से 5 मार्च तक यू.पी. में ही प्रवास करेंगे

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 फरवरी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के अंतिम दो चरणों से पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

चुनाव प्रचार अभियान में पूरी तरह से कूद गये हैं तथा उन्होंने 3 से मार्च तक राज्य में डेरा डाले रहने का निर्णय लिया है। इस दौरान वे चन्दोली, भदोही, जौनपुर तथा मिर्जापुर सहित कई स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित करेंगे। आज उन्होंने महाराजगंज तथ बलिया में सभाएं संबोधित की, जिनमें उन्होंने भाजपा की ''राष्ट्रवाद के प्रति निष्ठा'' बनाम विपक्षी दलों की '''परिवारवादी राजनीति'' को जनता के समक्ष प्रस्तुत किया।

चूंकि अब तक सम्पन्न हुए मतदान के पांच चरणों में समाजवादी पार्टी, भाजपा पर भारी बताई जा रही है, इसलिए भाजपा ने मोदी के रुप में अपने सबसे ताकतवर प्रचारक को मैदान में उतार दिया है। उत्तर प्रदेश न केवल 2024 के लोकसभा चुनावों की दृष्टि से महत्वपूर्ण एवं निर्णायक है, बल्कि इसके कुछ तात्कालिक कारण भी है अगर उत्तर प्रदेश में भाजपा का प्रदर्शन खराब रहता है तो

- भाजपा की दिक्कत इसलिए बढ़ गयी है क्योंकि इस बार भी ''मंडल'' थीम प्रभावी हो गयी है इस क्षेत्र में।
- एक शिकायत इस संबंध में यह है कि भाजपा ने आरक्षण नीति को ढीला कर दिया है, आर्थिक दृष्टि से पिछड़े लोगों को भी आरक्षण के दायरे में लाकर।
- पूर्वी उत्तर प्रदेश, जहां औसतन ''लैण्ड होल्डिंग'' 600 वर्ग मीटर है, जबकि राष्ट्रीय औसत 1.1 हैक्टेयर है, नौकरी में आरक्षण एक लोकप्रिय व आकर्षक नारा है।

वह इस साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में अपने उम्मीदवार को नहीं जिता पायेगी। भाजपा हल्कों में ऐसी आशंकाए भी दिखाई सुनाई दे रही हैं कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की हार से एक के बाद एक कई प्रभाव हो सकते हैं, जिसके तहत बिहार या हरियाणा में भाजपा की गठबंधन सरकारों में उथल-पुथल संभावित हो सकती है। अगर सपा का प्रदर्शन अपेक्षानुरुप रहता है तो राज्यसभा में भाजपा का संख्या बल भी कम हो जायेगा। मतदान के पहले पांच चरणों की जमीनी रिपोर्ट बताती हैं कि सपा, भाजपा को कड़ी टक्कर दे रही है तथा ऐसी संभावना दिखाई दे रही है कि भगवा पार्टी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपना बड़ा संख्या बल कायम नहीं रख पायेगी। शेष दो चरणों में भाजपा के लिए और भी बड़ी चुनौतियां मानी जा रही हैं। शेष दोनों चरणों वाले क्षेत्रों में ''मंडल राजनीति'' का मंथन दिखाई दे रहा है। इन क्षेत्रों का मतदाता बेरोजगारी महंगाई तथा आवारा पशुओं की समस्या से व्यथित है। रविवार को हुए मतदान के पांचवे चरणों में भी, गायों का मुद्दा प्रचार के एक बड़े मुद्दे के रुप में सामने आया था। पूर्वी उत्तर प्रदेश देश के सर्वाधिक निर्धनता-पीड़ित एवं पिछड़े क्षेत्रों में से एक है। वहां एक व्यक्ति के पास औसतन 600वर्गमीटर जमीन है, जबकि राष्ट्रीय औसतन 1.1 हैक्टेयर व्यक्ति है। छठे तथा सातवें चरण के मतदाताओं जिनके पास जमीन के टुकड़े छोटे-छोटे तथा बिखरे हुए हैं, के लिए सबसे ज्यादा संकट आवारा गायों से है। यह मुद्दा इस क्षेत्र के लिए बहुत दमदार एवं विशेष चिंता का कारण बना हुआ है।

2017 के चुनावों में भाजपा ने इस इलाके में अपने सतरंगे गठबंधन के बल पर बहुत शानदार प्रदर्शन किया था। भाजपा गैर-यादव ओबीसी तथा गैर-जाटव अनुसूचित जातियों को अपने घेरे में लेने में सफल रही थी। इस, बार स्थिति बदली हुई है क्योंकि पिछड़ों तथा ओबीसी इन वर्गों का कई कारणों से भाजपा से मोह भंग हो चुका बताते हैं। इन कारणों में उनकी यह शिकायत भी शामिल है कि केन्द्र सरकार ने आरक्षण नीति को बहुत ''हल्का'' या ''कमजोर'' कर दिया है क्योंकि इस श्रेणी में आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग भी शामिर कर दिये गये हैं। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्रित्वकाल में, इन वर्गों पर अत्याचारों एवं उनके उत्पीड़न के बहुत से मामले भी सामने आये हैं।

# सुशील आसोपा ने भी राजनैतिक नियुक्ति नामंजूर की

Sushil Asopa @SushilAsopa · 6m
जो राजनैतिक नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा मुझे आज दी गई है उसे मैं अस्वीकार करता हूँ क्योंकि मेरी सहमति नहीं ली गई। मैं 42 महीने की नौकरी छोड़कर पदों के लिए कांग्रेस में नहीं आया। जीवन भर निःस्वार्थ सेवा करता रहूंगा।
@ajaymaken @ashokgehlot51

जयपुर, 28 फरवरी (का.प्र.)। राजस्थान में कांग्रेस की राजनैतिक नियुक्तियों में साधारण सदस्य बनाये जाने पर राजेश चौधरी ने भी यह पद नामंजूर कर दिया है।

वहीं एक अन्य ट्वीट में सुशील आसोपा ने भी लिखा कि ''जो राजनैतिक नियुक्ति राज्य सरकार ने मुझे आज दी है, उसे मैं अस्वीकार करता हूं, क्योंकि मेरी सहमति नहीं ली गई। मैं 42 महीने की नौकरी छोड़कर पदों के लिये कांग्रेस में नहीं आया। जीवन भर निःस्वार्थ सेवा करता रहूंगा।''

# जो नेता चेयरमैनशिप की दौड में थे, उन्हें साधारण सदस्य बनाकर राजनीतिक रुप से कमजोर किया

## 74 राजनीतिक नियुक्तियों में सिर्फ तीन चेयरमैन बनाए, इनमें अर्चना शर्मा को मिला मजबूत पद

जयपुर, 28 फरवरी (का.प्र.)। राजस्थान में राजनीतिक नियुक्तियों की एक और सूची सामने आई है। इस सूची में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 74 लोगों को नियुक्तियां दी हैं। सूची की खासियत यह है कि जो लोग बोर्ड, निगम व आयोगों में चेयरमैन बनने की दौड़ में थे उन सब को साधारण सदस्य बनाकर राजनीतिक रूप से कमजोर करने का काम किया गया है। सदस्य बनाते समय भी किसी भी नेता के कैडर या वरिष्ठता का भी ध्यान नहीं रखा गया और जहां पूर्व विधायक या पूर्व महापौर को सदस्य

- सूची जारी होने के साथ ही विरोध भी आया सामने, कई सदस्य दे सकते हैं इस्तीफा।

बनाया गया है, वही साधारण कार्यकर्ताओं को भी सदस्य बनाकर उनके बराबर खड़ा कर दिया गया है।

विधायक सुरेश मोदी को राजस्थान व्यापार कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष और विधायक गजराज खटाणा को भवन एवं अन्य सनिर्माण राज्य स्तरीय सलाहकार समिति का अध्यक्ष बनाया गया है और यह दोनों ही समितियां नई बनाई गई है। इसी तरह से डॉ.अर्चना शर्मा को राजस्थान समाज कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष व मीनाक्षी चंद्रावत को उपाध्यक्ष, सुचित्रा आर्य को राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज, दर्शन सिंह गुर्जर को राजस्थान पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास आयोग का उपाध्यक्ष और अवधेश दिवाकर बैरवा को राजस्थान अनुसूचित जाती वित्त विकास आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस राजनीतिक सूची की खास बात यह है कि चेयरमैनशिप की दौड़ में लगे सऊद सईदी, राजेश चौधरी, डॉ निजाम मोहम्मद, चयनिका उनियाल,महेश मोरदिया, कैलाश सोयल, अभिमन्यु पूनिया,करण सिंह उचियार, डॉ.ज्योति खंडेलवाल व घनश्याम मेहर को सिर्फ बोर्ड-निगमों में साधारण सदस्य बनाया गया है।

सूची में कुछ विधायकों को निगम-बोर्ड के अध्यक्ष पद दिया गया है, तो कईयों कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सदस्य बनाया गया है।

# राजेश चौधरी ने अस्वीकार की राजनैतिक नियुक्ति

राजेश चौधरी is with Pourush Bhardwaj and 34 others.
Just now

कांग्रेस आलाकमान ने मुझे राजनीतिक नियुक्ति के जरिए जो जिम्मेदारी दी है, उसके लिए मैं कांग्रेस आलाकमान का आभार व्यक्त करता हूँ ,धन्यवाद देता हूँ।

मैं अपरिहार्य कारणों से यह जिम्मेदारी लेने में असमर्थ हूँ एवं आग्रह करता हूँ कि मेरे स्थान पर अन्य किसी सक्रिय कोंग्रेसी कार्यकर्ता को मौका दिया जाना चाहिए।

अन्य कोंग्रेसी कार्यकर्ता को मौका दिया जाता है तो मैं कांग्रेस आलाकमान का आभारी रहूंगा। मैं कोंग्रेस कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा।

धन्यवाद।
#राम_राम_सा
राजेश चौधरी

जयपुर, 28 फरवरी (का.प्र.)। राजस्थान में कांग्रेस की राजनैतिक नियुक्तियों में साधारण सदस्य बनाये जाने पर राजेश चौधरी ने यह पद अस्वीकार कर दिया है। ट्वीट के जरिये राजेश चौधरी ने लिखा ''कांग्रेस आलाकमान ने मुझे राजनीतिक नियुक्ति के जरिये जो जिम्मेदारी दी है, उसके लिये मैं कांग्रेस आलाकमान का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने लिखा कि अपरिहार्य कारणों से यह जिम्मेदारी लेने में मैं असमर्थ हूं एवं आग्रह करता हूं कि मेरे स्थान पर किसी अन्य सक्रिय कांग्रेसी कार्यकर्ता को यह मौका दिया जाना चाहिये। मैं कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के लिये हमेशा उपलब्ध रहूंगा।''

# यूरोप बदल गया यूक्रेन पर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति पर शपथपूर्वक शस्त्र त्याग चुके जर्मनी ने इस नए परिदृश्य में रक्षा तैयारियों के लिए भारी व्यय की घोषणा की है।

जर्मनी यूरोप की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था है और पूर्व में एक जबर्दस्त सैन्य शक्ति रहा है। इस देश के फिर से व पुनः सैन्यकरण ने ई.यू. को प्रभावित किया है। वस्तुतः स्विट्ज़रलैंड, जो द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान भी तटस्थ रहा था, ने आज यूरोपीय गठबंधन में शामिल हो गया और रूस के किसी भी अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय लेन-देन से सभी लोगों को प्रतिबंधित कर दिया।

इस बदलाव की मान्यता में, ई.यू. ने अब घोषणा कर दी है कि वह यूक्रेन को युद्ध के लिये हथियार सप्लाई करेगा, जिनमें एंटी टैंक मिसाइल तथा उन्नत किस्म के लड़ाकू विमान सम्मिलित हैं ताकि रूसी वायु सेना जमीन पर अपने सैनिकों को सुरक्षा घेरा उपलब्ध न करा सके। यूक्रेन को कुछ ड्रोन भी भेज दिये गये हैं, तथा ऐसी खबरें हैं कि कुछ रूसी गतिविधियों पर ड्रोनों से हमले किये गये हैं। टैंक, सैनिक तथा बख्तरबंद गाड़ियाँ बड़ी मात्रा में, अनेक किलोमीटरों की यात्रा करने के बाद यूक्रेन की राजधानी पहुँच रही हैं। ई.यू. यूक्रेन सरकार के रूसियों से लड़ने के आग्रह पर एक-एक कदम बढ़ा रहा है। यूक्रेन ने अनुरोध किया है कि रूसियों की भू-आकाशीय (जिओ-स्पेशियल) गतिविधियों की ज़मीनी जानकारी उसे उपलब्ध कराई जाती रहे। ई.यू. अपना जिओ-स्पेशियल मॉनिटरिंग केन्द्र स्पेन में स्थापित कर रहा है ताकि यूक्रेन को, उसके युद्ध संबंधी प्रयासों के लिये इस प्रकार की उपयोगी सुरक्षा-संबंधी जानकारियाँ उसे उपलब्ध कराई जा सकें। लेकिन आर्थिक प्रतिबंध रूस को आर्थिक विनाश की ओर ले जा रहे हैं तथा इन आर्थिक प्रतिबंधों को लेकर रूसी राष्ट्रपति के सामने गंभीर समस्याएं खड़ी हो रही हैं। इन आर्थिक प्रतिबंधों के असर से टकराते हुये, रूसी राष्ट्रपति लोगों का ध्यान अन्य जोखिमों/संकटों की तरफ घुमाने की कोशिश कर रहे हैं।

दूसरी तरफ, रूसी राष्ट्रपति ने अपनी न्यूक्लियर डेटरेन्स फोर्स को ''हाई अलर्ट'' पर कर दिया है। सुरक्षा-विशेषज्ञ इसे पश्चिम के लिये इस तगड़े संकेत के रूप में देख रहे हैं कि वह इस युद्ध में हस्तक्षेप न करे।

लेकिन कुछ रक्षामंत्रियों ने इस विचार को खारिज कर दिया है और कहा है कि यह तो रूस की एक रणनीति मात्र है ताकि वह, यूक्रेन में जो कुछ हो रहा है, उससे लोगों का ध्यान हटा सके।

वे रूसी राष्ट्रपति के बयान को इस रूप में देख रहे हैं कि युद्ध जिस दिशा में चला गया है, यह बयान उस दिशा और स्थिति के प्रति पुतिन की घोर हताशा को व्यक्त करने वाला है। पाँच दिन हो गये, लेकिन रूस को इस युद्ध से कोई बहुत भारी लाभ नहीं हुआ है, उसे कुछ खास हासिल नहीं हुआ है। वस्तुस्थिति हो भी हो, युद्ध अब भिन्न रास्ते पर चला गया है तथा अब उसे रोकना बड़ा कठिन हो गया है। ई.यू. ने रूसी विमानों के लिये अपने हवाई क्षेत्र पर रोक लगा दी है। इस कदम से रूसी एयरलाइनें बहुत अशक्त हो गई हैं।

## एक साथ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लैफ्टिनेट जनरल माइकल नगाटा के अनुसार रूस ने अपने यूक्रेन आक्रमण में गंभीर चुनौती पेश करने वाले सायबर अटैक भी किए हैं, जबकि ऑनलाइन दुष्प्रचार यदि सफल हो जाता है तो एक स्थायी नुकसान पहुंचा सकता है।

# 'मान प्रतिष्ठा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बाद, अर्थात 9 मार्च को की जाए। यह याचिका सर्वोच्च न्यायालय की उन टिप्पणियों को हटाने के लिए दायर की गयी है जो इस अदालत ने उनके खिलाफ 26 मार्च, 2021 के अपने फैसले में की थी। अदालत ने टाटा ग्रुप के चेयरमैन के पद से उनको हटाने के ग्रुप के फैसले को कायम रखा था।

यह बैंच जिसमें न्यायमूर्ति ए.एस.बोपन्ना तथा हिमा कोहली भी शामिल हैं, उस फैसले पर दायर याचिका की सुनवाई कर रही थी, जिसमें नैशनल कंपनी लॉ एपैलेट ट्रिब्यूनल (एन.सी.एल.ए.टी.)के दिसम्बर 2019 के उस आदेश को रद्द कर दिया था, जिस आदेश में मिस्त्री को टाटा सन्स के अध्यक्ष पद पर बहाल कर दिया गया था। बैंच को उस पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई करनी थी, जो शापूरजी पल्लोन जी ग्रुप ने दायर की हैं तथा जिसमें टाटा सन्स तथा सायरस मिस्त्री के बीच के विवाद में खुली अदालत में दिये आदेश को चुनौती दी गयी है।

आदेश कहता है:''पुनरीक्षण याचिकाओं को स्वीकार किया जाता है। पुनरीक्षण याचिकाएं बुधवार, 9 मार्च 2022 के लिए सूचीबद्ध कर दी जाएं।''

वरिष्ठ वकील जनक द्वारकादास ने मिस्त्री की ओर से कहा कि निर्णायक सुनवाई में मिस्त्री के खिलाफ की गयी कुछ टिप्पणियों से उनकी प्रतिष्ठा, सत्यनिष्ठा तथा चरित्र पर प्रभाव पड़ा है। उधर, वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने टाटा ग्रुप की ओर से इस याचिका को स्वीकार किये जाने पर सवाल खड़े किये।

मिस्त्री तथा उनका शापुरजी पालोन जी ग्रुप, जो एक जानी मानी भवन निर्माता कंपनी है, ने अप्रैल 2021 में सर्वोच्च न्यायालय पहुंचकर, इस अदालत के 26 मार्च के फैसले पर पुर्नविचार की मांग की थी, जिसमें टाटा सन्स के उस निर्णय का समर्थन कर दिया गया था, जिसके अंतर्गत टाटा सन्स के छटे चेयरमैन पद से अक्टूबर 2016 में मिस्त्री को हटा दिया गया था। मिस्त्री इस पद पर दिसम्बरस 2021 में आसीन हुए थे, जब रतन टाटा ने अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा कर दी थी। मिस्त्री के बाद से इस समय तक एन चन्द्रशेखरन टाटा सन्स के एग्ज़ीक्यूटिव चेयरमैन हैं।

# आज से अमूल दूध दो रू. लीटर महंगा हुआ

आनंद (गुजरात), 28 फरवरी (वार्ता)। अमूल ब्रांड के नाम से दूध और दूध उत्पादों के विपणनकर्ता गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन ने देश भर में कल से अपने अमूल फ्रेश ब्राण्ड के दूध की क़ीमत में दो रुपए प्रति लीटर बाढ़ोत्तरी का फ़ैसला किया है।

अमूल की ओर से आज जारी विज्ञप्ति के अनुसार अमूल फ्रेश, देश भर

- पिछले 2 वर्षों में अमूल ने अपने दूध की कीमतों में प्रति वर्ष केवल 4 प्रतिशत की वृद्धि की है।

के जिन भी बाज़ारों में उपलब्ध है, वह उसकी कीमत में उक्त वृद्धि के अलावा गुजरात के अहमदाबाद और सौराष्ट्र क्षेत्र के बाज़ारों में कल यानी एक मार्च से अमूल गोल्ड, ताज़ा और शक्ति की क़ीमतों में भी वृद्धि की गयी है। गोल्ड की कीमत रु. 30 प्रति 500 मि.ली., अमूल ताजा रु. 24 प्रति 500 मि.ली. और अमूल शक्ति रु. 27 प्रति 500 मि.ली. होगी।

# बेलारूस बॉर्डर पर रूस व यूक्रेन के बीच तीन घंटे बातचीत हुई

मॉस्को/यूक्रेन, 28 फरवरी। यूक्रेन और रूस के बीच बेलारूस बॉर्डर पर हुई शांति वार्ता तीन घंटे से भी ज्यादा वक्त तक चली। बातचीत के दौरान यूक्रेन ने अपनी ओर से रूस के सामने यह शर्त रखी की रूस जल्द से जल्द अपनी पूरी सेना को वापस बुलाये। मीटिंग में दोनों ओर के प्रतिनिधिमंडल ने अपना-अपना पक्ष रखा और उसके बाद तय हुआ है कि, किसी अंतिम फैसले पर पहुंचने के लिए आगे एक और मीटिंग रखी जायेगी।

मीटिंग के बाद दोनों देशों के

- बातचीत में कोई फैसला तो तय नहीं हुआ लेकिन यूक्रेन ने रूस से कहा कि, रूस जल्द से जल्द अपनी सेना वापस बुलाये।

प्रतिनिधिमंडल अपने-अपने देश वापस लौट गये जहां वे मीटिंग में रखी गई बातों को अपने शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचायेंगे।

इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस के सैनिकों से जल्द से जल्द देश (यूक्रेन) छोड़ देने के लिए कहा है। जेलेंस्की ने अपने एक वीडियो संबोधन में यह चेतावनी दी। इससे पहले उन्होंने सोमवार को बेलारूस में मॉस्को और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल के बीच शांति वार्ता के मद्देनजर अगले 24 घंटे की अवधि को अहम बताया था।

उन्होंने कहा कि, करीब साढ़े चार हजार रूसी सैनिक मार गिराए गए हैं और अब यह आंकड़ा बढ़कर 5,300 हो गया है। उन्होंने कहा , अपने हथियार डाल दें और देश छोड़ दें। अपने कमांडर्स और प्रचारकों पर विश्वास न करें, सिर्फ अपनी जिंदगी बचाए-देश छोड़ चले जाए।

यूक्रेन के राष्ट्रपति का यह संदेश बेलारूस में इस वक्त जारी शांति वार्ता से पहले आया है। यूक्रेन ने कहा है कि, देश की जेलों में बंद कैदियों को रूस के खिलाफ युद्ध लड़ने के लिए रिहा किया जाएगा।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को कहा कि युद्ध का अनुभव रखने वाले यूक्रेनी कैदियों को लड़ाई वाले स्थानों पर भेजने के लिए जेल से रिहा किया जाएगा।

## धारीवाल ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सही सलामत स्वदेश लाया जायेगा। उन्होंने बताया यूक्रेन में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों की सहायता करने व उन्हें घर तक लाने के लिए राज्य सरकार ने दिल्ली, मुम्बई सहित प्रमुख स्थानों पर अधिकारियों को नियुक्त कर उनकी जिम्मेदारी तय की है।

उन्होंने अभिभावकों को बताया कि बच्चों के घर तक लाने का सारा खर्चा राज्य सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है।

उन्होंने सभी बच्चों को एम्बेसी के सम्पर्क में रहकर उनकी सलाह के अनुसार वाहनों से यात्रा कर समीप के देशों तक पहुंचने का सुझाव दिया। छात्रा हिमांशी ने बताया कि यूक्रेन में पढ़ाई कर रहे 200 से अधिक विद्यार्थियों ने कीव में जाकर एम्बेसी में शरण ली थी, जहां खाने-पीने की समस्या आने पर उनकी सलाह के अनुसार ट्रेन से रोमानिया जाने का निर्णय लिया गया। छात्रा ने बताया कि वे रेलवे स्टेशन से रोमानिया के लिए रवाना होने वाले हैं।

# असर दिखाने लगी है ''इकोनॉमिक पाबंदियों''...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

630 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है जिससे यह आयात का भुगतान और युद्ध को फंडिंग कर सकता था।

लेकिन सैन्ट्रल बैंक के संसाधनों की फ्रीज कर दिया गया है इसका अर्थ है कि बैंक के पास यह फंड नहीं है। इनमें से अधिकांश संसाधन बॉण्ड, सिक्युरिटीज़ और स्वर्ण के रूप में रशियन बैंक के पास हैं जो अब इसकी पहुंच में नहीं है।

इसकी वजह से रूस की मुद्रा रूबल डॉलर के मुकाबले 30 प्रतिशत तक लुढ़क गई। सैन्ट्रल बैंक ने मूल ब्याज दर 20 प्रतिशत तक बढ़ा दी है जो अभूतपूर्व है। इसका अर्थ है कि रूस में जो भी बिज़नैस या उद्योग बचा है वह टिक नहीं सकता है।

इन वित्तीय कदमों ने रूस के वित्तीय व्यवस्था के लिए एक तरह से मृत्युदण्ड लिख दिया है।

मॉस्को स्टॉक एण्ड फाइनैंशियल मार्केट्स अथॉरिटीज़ ने सोमवार को बाजार नहीं खोला ताकि बाजार में संभावित भारी गिरावट को रोका जा सके। यूरोपियन एक्सचेंज में अधिसूचित रूसी कंपनियों के शेयर मूल्य बाजार खुलने के साथ ही गिरने तय है। इसका अर्थ है कि कंपनियां वित्तीय रूप से दिवालिया हो जाएंगी।

ब्रिटिश पैट्रोलियम, जो रूस की सबसे बड़ी तेल व गैस ऑपरेटर कंपनी रॉज़्नैफ्ट में 20 प्रतिशत शेयर होल्डर है, पहले ही अपने एग्ज़िट की घोषणा कर चुकी है। अगर ब्रिटिश पैट्रोलियम अपने स्टॉक का बड़ा भाग बाजार में छोड़ देती है तो बाजार तेजी से गिर जाएगा।

रूस से मिल रही खबरों के अनुसार ए.टी.एम. और बैंकों के बाहर पैसा निकालने वाले लोगों की कतारें लगी हैं। लेकिन बैंकों के पास पर्याप्त फंड नहीं है। बैंकिंग अथॉरिटीज़ ने पैसा निकाले जाने की एक सीमा तय कर दी है।

इन हालात में अगर बैंक, खासकर वे जिनकी पहुंच नकद पूंजी तक नहीं है, आशंकित हैं तो यह अनुचित भी नहीं है। लेकिन इन हालात में अन्य बैंक भी रूस के बैंकों से लेन-देन करने में डरेंगे। इनके साथ कोई भी डील करने से वे कानूनी विवाद और प्रतिबंधों में फंस सकते हैं। इसीलिए रूसी बैंकों के साथ डील करना खतरनाक है।

हालात और चर्चा यह है कि रूस को अभी कहां से सहायता मिल सकती है।

चर्चा है कि क्या चीन आगे आकर रूस की मदद करेगा। चीन का 3 ट्रिलियन डॉलर का भारी विदेशी मुद्रा भंडार है और यह रूस की इस समय मदद कर सकता है। इन अटकलों का मुख्य कारण यह है कि इस संकट से पहले ही चीन ने रूस को सहायता देना आरंभ कर दिया था। रूस उन चंद देशों में से एक है जिसने बीज़िंग में हुए विंटर ओलम्पिक्स में भाग लिया था और निकट सहयोग व सहायता का संयुक्त बयान जारी किया था। रूस-चीन के सहयोग के दायरे से कुछ भी परे नहीं है।

अब जब संकट आ गया है चीन उत्सुकता से देख रहा है कि उसका समर्थन कैसे काम करेगा।

अभी तक चीन के सभी बैंक और इकोनॉमिक इकाइयां किसी भी प्रकार के प्रतिबंधों के उल्लंघन से दूर हैं ना ही चीन ने किसी भी प्रकार के वित्तीय समायोजन की पेशकश की है। इसके विपरीत इन बैंकों ने प्रतिबंधों की व्यवस्था का पालन किया है।

हालांकि चीन की बड़ी कंपनियां या बैंकों का निर्णय राजनैतिक फैसला होगा। चीन के बड़े बैंक, खासकर सरकारी बैंक राजनैतिक निर्देशों को मानने के लिए बाध्य होंगे। हालांकि मौजूदा हालात में वे काफी सतर्क हैं क्योंकि प्रतिबंधों का ज़रा सा भी उल्लंघन उन्हे भी संकट में डाल सकता है।

चीन की कंपनियों ने दुनिया भर में पैसा लगा रखा है और वे पहले से ही अमेरिका के दबाव का सामना कर रही हैं और अब वे परिणामों के प्रति चिंतित हैं। वित्तीय हथियारों के अलावा ई.यू. ने अपने समूचे एयर स्पेस को रूसी विमानों, चाहे वे सैन्य विमान हो या प्राइवेट जैट, के लिए ''नो फ्लाइज़ोन'' घोषित कर दिया है। इसका अर्थ है कि रूस को पश्चिमी सीमा पर पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया गया और नाटो के विमान रूस सीमा के पास से उड़ान भर रहे है।

जिओ इकोनॉमिक हथियारों के उपयोग का सामाजिक व राजनैतिक प्रभाव भी होगा। सोवितय संघ के विघटन के बाद से रूस में बहुत ज्यादा अमीरों का एक वर्ग उभरा है जो पश्चिमी देशों जैसी जीवन शैली का आदी है। वे यूरोपियन देशों में घूमते हैं, खरीददारी करते हैं यूरोपियन शेयरों में पैसा लगाते हैं अपने निजी विमानों में सफर करते है।

इन भौगोलिक-आर्थिक प्रतिबंध से इन अमीरों की दुनिया चरमरा जाएगी। वे अपने ही देश में कैदी बन जाएंगे, जिसका उनके देश में विपरीत प्रभाव पड़ेगा। इनमें से कई तो रूस में पुतिन शासन के मददगार हैं। देखना यह होगा कि अब हालात क्या रूप लेते है।

## जाली...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आईदान चारण निवासी मण्डला चारण एवं सोनू गोस्वामी पुत्र भगवान निवासी लदाना थाना फतेहनगर उदयपुर हाल धिनवा थाना सदर को गिरफ्तार किया गया। सोनू गोस्वामी के विरुद्ध पूर्व में थाना फतहनगर पर मुकदमा दर्ज है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908